


"मुर्दा वह नहीं जो मर गया है, मुर्दा वह है जिसका आत्मविश्वास मर गया है।"

दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबह वाणी



सूरज रोज निकल कर हमें यह संदेश देता है कि उजाले बांटने से कम नहीं होते।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 12 जुलाई, 2025 | श्रावण कृष्ण पक्षः द्वितीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 191 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12

## न्यूज ब्रीफ

### रोजगार मेले में आज 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र देंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली (अप्रस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां 16 वें रोज़गार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पीएम मोदी इस अवसर पर नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। रोज़गार मेला रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोज़गार मेला युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश भर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। यह रोज़गार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। ये भर्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय और अन्य विभागों तथा मंत्रालयों में शामिल होंगे।

### मोदी, आरएसएस पर आपत्तिजनक व्यंग्यचित्र मामले में सुनवाई 14 को

**नई दिल्ली (अप्रस)।** उच्चतम न्यायालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने से संबंधित 2021 के एक मामले में आरोपी हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर के मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध आज स्वीकार करते हुए इस मामले को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। अदालत के समक्ष अधिवक्ता ने यह भी दलील दी कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में याचिकाकर्ता की निंदा की और कहा है कि अर्नेश कुमार (2014) और इमरान प्रतापगढ़ी (2025) के मामलों में उच्चतम न्यायालय के फैसले इस मामले में लागू नहीं होंगे। पीठ के समक्ष उन्होंने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज अपराधों के लिए अधिकतम सजा तीन साल की जेल है। इंदौर के व्यंग्यचित्रकार हेमंत ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के तीन जुलाई के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए राहत की गुहार लगाई है। उसने अपनी याचिका में यह भी कहा कि उच्च न्यायालय का हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता बताने वाला आदेश लगभग दंडात्मक लगती है, न कि ठोस जांच आवश्यकताओं या उद्देश्य पर आधारित। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि हेमंत ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग किया है। उन्हें संबंधित व्यंगचित्र बनाते समय अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए था।




## पंजाब विधानसभा का स्पेशल सेशनः सत्र का समय दो दिन बढ़ाकर 15 जुलाई किया गया

# बीबीएमबी से सीआईएसएफ हटाने का प्रस्ताव पारित

**पांच महत्वपूर्ण विधेयक सर्वसम्मति से पास हुए**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा के स्पेशल सेशन का दूसरा दिन शुक्रवार को दोपहर करीब 2.20 बजे समाप्त हो गया। आज डैमों की सुरक्षा से सीआईएसएफ को हटाने के अलावा 5 बिल पेश किए गए। सेशन की शुरुआत हंगामे के साथ हुई थी। विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह सिंधवां ने जानकारी दी कि सत्र का समय बढ़ाकर कर 15 जुलाई कर दिया। बीबीएमबी से सीआईएसएफ हटाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया था। साथ ही राज्यों में दो नए शैक्षणिक संस्थानों को लेकर भी मंजूरी मिली है। विपक्षी दल कानून व्यवस्था, लैंड पूलिंग और नशे के मुद्दे पर ही सरकार को घेरने की तैयारी में था, जिस पर जमकर हंगामा भी हुआ। जबकि सीएम भगवंत मान भी साफ कर चुके हैं कि सेशन में विपक्ष वालों को सारे जवाब तारीख वाइस दिए जाएंगे। बेअदबी पर कानून सभी पक्षों की सलाह के बाद ही बनाया जाएगा। सबसे आखिरी में पशु क्रूरता संशोधन विधेयक बिल भी विधानसभा में सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।

पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने पिछले कुछ दशकों से कांग्रेस और भाजपा की फूट डालने वाली नीतियों के लिए दोनों पार्टियों पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि यदि ये पार्टियां देश के प्रति ईमानदारी से काम करें तो हमारा देश हर क्षेत्र में बेमिसाल तरक्की का गवाह बन सकता है। मुख्य मंत्री ने कहा कि इन राजनीतिक पार्टियों ने लोगों को संकीर्ण, क्षेत्रीय, भाषाई, सांप्रदायिक और अन्य आधारों पर बांटा, जिसके कारण राज्य एक-दूसरे के साथ टकराव की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों का एकमात्र उद्देश्य ऐसे गलत कार्यों के माध्यम से राजनीतिक सत्ता हासिल करना है, जिसने देश और राज्यों को अपूरणीय नुकसान पहुंचाया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यदि ये पार्टियां देश के लोगों को आपस में लड़ाने का काम बंद कर दें तो हमारा देश किसी भी क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू सकता है।

-संबंधित खबर पंजाब पेज पर

**सीएम ने विपक्ष को दिया करारा जवाब, केंद्र सरकार को भी लिया आड़े हाथों**



### पीएम मोदी यूक्रेन-रूस के बीच युद्ध खत्म कर सकते हैं तो उन्हें पंजाब-हरियाणा के बीच मामला सुलझाने से कौन रोक रहा है

मुख्यमंत्री ने केंद्र को आड़ेहाथों लेते हुए कहा कि यदि मोदी यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को खत्म कर सकते हैं, जैसा कि उनके मीडिया द्वारा प्रचारित किया जा रहा है, तो फिर उन्हें पंजाब और हरियाणा के बीच सौहार्दपूर्ण स्थिति सुनिश्चित करने से कौन रोक रहा है? उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों का रिश्ता भाइयों जैसा है और ये केंद्रीय अनाज पूल में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं, लेकिन पिछले वर्षों में पंजाब और हरियाणा में सत्ता संभालने वाली इन दोनों पार्टियों ने दोनों राज्यों के बीच मतभेद पैदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिसके आड़ में वे सत्ता का आनंद ले रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि दोनों राज्यों में कई चीजें समान होने के बावजूद ऐसी ताकतें हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक रहती हैं कि दोनों राज्य पानी जैसे मुद्दों पर एक-दूसरे से लड़ते रहें। मुख्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व गुरु बनने के इच्छुक तो हैं, लेकिन राज्य के मामलों के बारे में उन्हें कोई चिंता-फिक्र नहीं है और इस रवैये के चलते नागरिकों के बुनियादी मुद्दों को पूरी तरह से दरकिनार किया जा रहा है।

### पंजाब के पास किसी अन्य राज्य को देने के लिए पानी की एक बूंद भी नहीं

सीएम मान ने कहा कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी का मुद्दा राज्य और इसके लोगों के लिए भावनात्मक मुद्दा है और राज्य सरकार पानी की हर कीमती बूंद को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के पानी की गाथा साल 1955 से शुरू होती है, लेकिन दुर्भाग्य से पानी के बारे में कोई मूल्यांकन नहीं हुआ, जो कि हर 25 साल बाद होना चाहिए था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भारत सरकार द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के हाल के फैसले ने पश्चिमी नदियों (सिंधु, जेहलम, चिनाब, उज्ज, कश्मीर नदी) के पानी के अन्य राज्यों को अधिक उपयोग का अधिकार तो दे दिया है, जबकि पंजाब को अतिरिक्त पानी देने के लिए विचार नहीं किया गया है, जो कि राज्य का हक बनता है। मुख्य मंत्री ने कहा कि इससे पंजाब के लिए 23 एम.ए.एफ. अतिरिक्त पानी सुनिश्चित किया जा सकता है, जो कि राज्य और इसके किसानों की पानी की जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगा।

### बीबीएमबी बन चुका है सफेद हाथी

सीएम ने कहा कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) राज्य के लिए एक सफेद हाथी बन चुका है, जिसका पुनर्गठन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बी.बी.एम.बी. में पंजाब का 60 प्रतिशत हिस्सा है, लेकिन यह हमेशा राज्य के हितों के खिलाफ काम करता आया है। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड राज्य सरकार से फंड लेकर इसके खिलाफ ही केस दायर करता रहता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पूरी तरह से अनुचित और अस्वीकार्य है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि किसी को भी राज्य के हितों को खतरे में डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

### हम सीमाओं की रक्षा कर सकते हैं, तो हम बांधों की भी रक्षा कर लेंगे

केंद्र सरकार द्वारा राज्य के बांधों पर सी.आई.एस.एफ. तैनात करने के कदम का कड़ा विरोध करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यह कभी लागू न हो। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले के अनुसार सी.आई.एस.एफ. के जवान भाखड़ा बांध पर तैनात किए जाएंगे, जिस पर राज्य को बिना किसी उद्देश्य के लगभग 9 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जब पंजाब पुलिस पहले ही बांध की सुरक्षा मुफ्त में सुनिश्चित कर रही है, तो हम यह पैसा बी.बी.एम.बी. को क्यों दें। उन्होंने कहा कि यदि हम सीमाओं की रक्षा कर सकते हैं, तो हम बांधों की भी रक्षा कर सकते हैं। मुख्य मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा होने के कारण पंजाब आतंकवाद और नशे के खिलाफ हमेशा अग्रणी रहकर देश के लिए जंग लड़ता आया है, लेकिन यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य में जबरन अर्धसैनिक बल लगाकर इसका भारी खर्च वहन करने के लिए कहा जाता है। सीएम ने कहा कि या तो हमें 'गद्दार' कहा जाता है या 'सरदार', जो कि बहुत ही अपमानजनक और असहनीय है। उन्होंने कहा कि किसी को भी पंजाबियों की राष्ट्रवादी भावना और देशभक्ति पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमें देश के प्रति अपने प्यार के लिए इन ताकतों के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बोले एनएसए डोभालः कहा-

# एक फोटो दिखाएं जिसमें भारत का नुकसान नजर आए, हमने 9 आतंकी ठिकाने उड़ाए

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चेन्नई।** राष्ट्रीयसुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बोलते हुए कहा कि कई विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाए। भारत को नुकसान की खबरें चलाईं। उन्होंने कहा कि विदेश मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया। ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। डोभाल ने यह बात शुक्रवार को आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि वे कहते रहे कि पाकिस्तान ने ये किया, वो किया लेकिन मुझे एक फोटो दिखाइए जिसमें भारत का नुकसान नजर आए। यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो। हमसे कोई चूक नहीं हुई। हम उस पॉइंट तक सटीक थे जहां हमें पता था कि कौन कहां है।

एनएस ने कहा कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।





## कृषि नलकूपों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाए: सीएम सैनी

**हर जिले में दो कृषि फीडर सम्पूर्ण सौरकरण के लिए हो चिह्नित**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में कृषि क्षेत्र के सभी नलकूपों को चरणबद्ध रूप से पूरी तरह सौर ऊर्जा से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के तहत आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में ऊर्जा मंत्री अनिल विज भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा बिजली उत्पादन निगम हर जिले में कम से कम दो कृषि फीडरों के सौरकरण के लिए पांच-पांच एकड़ के स्थानों को चिह्नित करे, जहां सोलर पैनल स्थापित कर कृषि नलकूपों को सौर ऊर्जा से बिजली आपूर्ति दी जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि पंचकूला जिले के रायवाली गांव में स्थित 220 केवी सब स्टेशन के निकट गन्नी खेड़ा ग्राम पंचायत की लगभग 300 एकड़ भूमि पर सौर ऊर्जा प्लांट लगाया जाए। इस प्लांट से जिले के सभी कृषि नलकूपों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति संभव हो सकेगी। साथ ही, पंचकूला जिले के कॉलेज, उपायुक्त कार्यालय, पिंजौर फल एवं सब्जी मंडी टर्मिनस, बस स्टेड जैसी जगहों पर भी खाली भूमि पर सोलर पैनल लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पंचायतों द्वारा सौर ऊर्जा प्लांट के लिए भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी।






पंजाब विधानसभा सत्र

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा बी.बी.एम.बी. में सी.आई.एस.एफ. तैनात करने के प्रस्ताव की कड़ी निंदा

# पंजाब के पानी के अधिकारों पर विपक्षी दलों के किए गए ऐतिहासिक धोखों को किया उजागर

नेता प्रतिपक्ष पर तीखा हमला करते हुए उनकी 'यू-टर्न' छवि पर की टिप्पणी

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज पंजाब विधानसभा में भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) के अपने संस्थानों में सी.आई.एस.एफ. कर्मियों की तैनाती के प्रस्ताव को रद्द करने वाले प्रस्ताव की जोरदार वकालत की। ऐतिहासिक घटनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर पंजाब के पानी के अधिकारों को खतरे में डालने और राज्य के कृषि क्षेत्र को तबाह करने का आरोप लगाया। अपने भाषण की शुरुआत करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 1954 में पंजाब और उत्तर प्रदेश के बीच हुए उस समझौते की याद दिलाई, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि यमुना के पानी का दो-तिहाई हिस्सा पंजाब को और एक-तिहाई उत्तर प्रदेश को दिया जाएगा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह समझौता पंजाब, उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज है। उन्होंने खेद जताया कि 1966 में पंजाबी सूबे के पुनर्गठन के दौरान सत्ताधारी पार्टी और पंजाबी सूबे की वकालत करने वालों ने इस महत्वपूर्ण समझौते की अनदेखी की। उन्होंने विशेष रूप से उस समय की कांग्रेस, अकाली दल और जनसंघ के नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि इन्होंने यमुना के पानी पर पंजाब के वैध दावे को छोड़ दिया।

इसके बाद, उन्होंने सतलुज-यमुना लिंक नहर को लेकर हुए लंबे संघर्षों का ज़िक्र करते हुए बताया कि किस तरह ये विवाद सरकारों के गठन और पतन, युवाओं की जानों के नुकसान और बाद में राजनीतिक लाभ के लिए इन घटनाओं को भुनाने का कारण बने। वित्त मंत्री ने आगे 1966 के पुनर्गठन कानून का उल्लेख किया, जिसने सतलुज के पानी को पंजाब और हरियाणा के बीच 60:40 के अनुपात में मनमाने ढंग से बांट दिया, जबकि रावी और ब्यास नदियों के पानी के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने 1972 के सिंचाई आयोग का भी ज़िक्र किया, जिसने पहली बार यमुना के पानी का उल्लेख पंजाब के संबंध में किया, विशेष रूप से संगरूर और पटियाला जिलों (अब पाँच जिले शामिल हैं) के यमुना जल अधिकार को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद किसी भी राजनीतिक पार्टी ने पंजाब के इस दावे की पैरवी नहीं की और हरियाणा को दो-तिहाई पानी लेने की अनुमति दे दी गई।

वित्त मंत्री ने 1981 में कांग्रेस की केंद्र और राज्य सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए समझौते की निंदा करते हुए कहा कि उस समय रावी नदी के कुल 17 एम.ए.एफ. पानी में से पंजाब को केवल 4 एम.ए.एफ., हरियाणा को 3.5 एम.ए.एफ. और राजस्थान को 8.6 एम.ए.एफ. दिया गया, जो पंजाब के साथ एक बड़ा धोखा था। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हरियाणा और राजस्थान का रावी नदी के पानी से कोई वास्ता नहीं है, तो यह पानी उन्हें कैसे दिया गया? उन्होंने उस समय के मुख्यमंत्री दरबारा सिंह की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने आगे बताया कि अब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें मांग की गई है कि पंजाब को यमुना के पानी का 60 प्रतिशत हिस्सा मिले और इसी आधार पर यमुना-सतलुज लिंक नहर का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि पिछले 70 वर्षों में बी.बी.एम.बी. का कभी ऑडिट नहीं हुआ, इसलिए पिछले 9 महीनों से बी.बी.एम.बी. के 104 करोड़ रुपये के फंड रोके गए हैं, और अब उसका ऑडिट करवाने की मांग की गई है।

## भाजपा एफआईआर दर्ज कर लोकतंत्र का गला घोंटने की कर रही कोशिश: मान

विदेश नीति पर सवाल उठाना मेरा संवैधानिक अधिकार है

प्रधानमंत्री अडानी के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कर रहे हैं विदेश दौरे

खतरनाक गैंगस्टरों को संरक्षण देने के लिए भाजपा पर बरसे मुख्यमंत्री



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी के नेताओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर लोकतंत्र की आवाज को दबाने के लिए बौखलाहट में काम कर रही है।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि जो भी सच बोलेगा, उसके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य नेताओं को सिर्फ सच बोलने के कारण जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा हमारी आवाज दबाने की हर कोशिश का हम मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें कानून और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है, जहां हमारी बात सुनी जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि आने वाले समय में भी गिरफ्तारियां तथा एफ.आई.आर. दर्ज होंगी क्योंकि भाजपा और उसके नेता मोदी के खिलाफ बोलने वाली हर आवाज को कुचलना चाहते हैं।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें देश की विदेश नीति पर सवाल उठाने का पूरा अधिकार है।

उन्होंने कहा कि वे बार-बार मोदी के विदेशी दौरों पर सवाल उठाते रहेंगे क्योंकि सच्चाई यह है कि जिस भी देश में मोदी जाते हैं, वहां उसके बाद अडानी का कारोबार फैलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और यह कंपनी यह स्वीकार नहीं करते कि वे अडानी को विदेशों में व्यापार फैलाने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत-पाक युद्ध के दौरान दुनिया के किसी भी देश ने भारत का साथ नहीं दिया, तो फिर ऐसे दौरों का क्या लाभ?

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार खतरनाक गैंगस्टरों को संरक्षण दे रही है जो गुजरात की जेलों में बंद हैं। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध और नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उनके प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जब केंद्रीय गृह मंत्री, जिन्हें गुजरात से हटाया गया था, का आपराधिक रिकॉर्ड हो, तो ऐसी सरकारों से और क्या अपेक्षा की जा सकती है?

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पंजाब के लिए ऐतिहासिक दिन है क्योंकि विधानसभा में पाँच जनहितकारी विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की पुरानी शान को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और इसमें कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार और भी ऐसे पंजाब-हितैषी और विकासोन्मुखी फैसले लेगी।

## पंजाब पुलिस बीबीएमबी इकाइयों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम: अरोड़ा



**चंडीगढ़।** पिछली सरकारों पर राज्य के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रधान एवं कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंतड्ड सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ी रहेगी। वह पंजाब विधानसभा में जल संसाधन मंत्री द्वारा बी.बी.एम.बी. संस्थानों में सीआईएसएफ की तैनाती के विरोध में पेश किए गए अधिकारिक प्रस्ताव पर सदन को संबोधित कर रहे थे। अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है और इसका जीवन किसानों, खेतों और पानी के इर्द-गिर्द घूमता है। उन्होंने पिछली सरकारों की संकीर्ण मानसिकता और दूरदर्शिता की कमी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने केवल चुनावी लाभों को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है और लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या इसकी निर्भर है। श्री अरोड़ा ने कहा, 'पंजाब के लोग भली-भांति जानते हैं कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में जब पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें थीं, तब सतलुज-यमुना लिंक (एस.वाई.एल.) नहर का निर्माण कपूरी से शुरू हुआ था। पंजाब को यह भी ज्ञात है कि किसने इसे अदालत में चुनौती दी थी और बाद में उसी कांग्रेस सरकार में इसे कैसे वापस ले लिया गया था।' उन्होंने कहा कि पानी का मुद्दा हर पंजाबी के लिए अत्यंत भावनात्मक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बी.बी.एम.बी. चयन कमेटी में भी पक्षपातपूर्ण बदलाव करने की कोशिश की, जिसमें पंजाब (पावर) और हरियाणा (सिंचाई) के तौर पर सदस्य शामिल थे।

## पंजाब विधानसभा में बेज़ुबान जानवरों की भलाई के लिए ऐतिहासिक बिल पेश, डॉ. बलजीत कौर ने की बिल की सराहना



पंजाब विधानसभा में 'प्रीवेन्शन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (पंजाब संशोधन) बिल, 2025' की पेशकश और उस पर हुई चर्चा के दौरान सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने इस बिल की सराहना करते हुए कहा कि यह बिल पंजाब की सांस्कृतिक विरासत को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने कहा कि मनुष्य और पशुओं के बीच संबंध बहुत पुराना और गहरा है। मनुष्य जंगलों से निकलकर अपनी बुद्धि और संवाद के साधनों के ज़रिए आज की प्रगति तक पहुँचा है, लेकिन दुख की बात है कि विकास की इस दौड़ में उसने पशु-पक्षियों के साथ अत्याचार और दुर्व्यवहार भी शुरू कर दिया।

## ट्रांसपोर्ट विभाग के सहयोग से तलवाड़ा बस अड्डे की हालत सुधारेगी: सौंद



पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में बताया कि तलवाड़ा बस अड्डे की इमारत को परिवहन विभाग के तालमेल से दुरुस्त किया जाएगा। दसूहा के विधायक द्वारा ब्लॉक तलवाड़ा के बस स्टैंड की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान दिलाए जाने के उत्तर में मंत्री सौंद ने कहा कि वर्तमान समय में पंचायत समिति के पास इस बस स्टैंड के नए निर्माण के लिए आवश्यक फंड उपलब्ध नहीं हैं। जब तक बस स्टैंड की नई इमारत का निर्माण नहीं होता, तब तक इसे कार्यशील बनाए रखने के लिए समिति फंड या 15वें वित्त आयोग की ग्रांट से मरम्मत के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2021 में परिवहन विभाग द्वारा तलवाड़ा बस स्टैंड के नए निर्माण हेतु 262 लाख रुपए की प्रशासकीय मंजूरी जारी की गई थी, लेकिन फंड न मिलने के कारण निर्माण संबंधी कोई कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी। अब दोबारा परिवहन विभाग से संपर्क कर बस अड्डे की हालत में सुधार किया जाएगा।

## छोटे कारोबारों के लिए बड़ी राहत: तरुनप्रीत सिंह सौंद

पंजाब में कारोबार करने में आसानी को उत्साहित करने और छोटे कारोबारों पर नियमों सम्बन्धी पालना के बोझ को घटाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुये पंजाब के श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज पंजाब विधान सभा में पंजाब दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठिान एक्ट, 1958 और पंजाब लेबर वैलफेयर फंड एक्ट, 1965 में कई प्रगतिशील संशोधनों का ऐलान किया है। इन संशोधनों (पंजाब लेबर वैलफेयर फंड बिल, 2025 और पंजाब दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठिान बिल 2025) का मकसद कारोबारी सहूलतों और कर्मचारियों की भलाई के दरमियान संतुलन बनाना है।

## कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान दिसंबर, 2021 को केंद्र को सीआईएसएफ लगाने की सहमति दी गई: बरिन्दर कुमार गोयल



पंजाब के जल स्रोत मंत्री श्री बरिन्दर कुमार गोयल द्वारा आज पंजाब विधान सभा की कार्यवाही के दौरान राज्य में केंद्र द्वारा बी.बी.एम.बी. को सी.आई.एस.एफ. सुरक्षा मुहैया करवाने के विरोध में सरकारी प्रस्ताव पेश किया गया। प्रस्ताव पेश करते हुये श्री बरिन्दर कुमार गोयल ने कहा कि पिछले सालों के दौरान भारत सरकार के बिजली मंत्रालय ने बी.बी.एम.बी. के अहम संस्थानों की एक सूची भेजी थी, जो अभी तक सी.आई.एस.एफ. की सुरक्षा अधीन नहीं थे और बी.बी.एम.बी को समूह सी.आई.एस.एफ. सुरक्षा कवर की ज़रूरत संबंधी ज़ोर देकर कहा था कि सभी अहम बी.बी.एम.बी. संस्थानों की पूरी सुरक्षा की जाये। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य ने सी.आई.एस.एफ. की तैनाती के मसले पर फिर से विचार किया है और 27 मई, 2025 और 4 जुलाई, 2025 को बी.बी.एम.बी. को भेजे पत्रों के द्वारा सी.आई.एस.एफ की तैनाती के ख़िलाफ़ अपनी सख्त आपत्तियां दर्ज करवाई हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य के सख़्त ऐतराज़ों के बावजूद केंद्र सरकार सी.आई.एस.एफ. की तैनाती आगे बढ़ाने की सोच रही है। बी.बी.एम.बी की 4 जुलाई, 2025 को हुई मीटिंग में भी पंजाब द्वारा बहुत ज़ोरदार ढंग से विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि बी.बी.एम.बी के संस्थानों को पिछले लगभग 70 सालों से पंजाब पुलिस द्वारा पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है। बहुत ही नाज़ुक समय के दौरान भी ऐसी कोई असुखद घटना कभी सामने नहीं आई। जल स्रोत मंत्री ने कहा कि बी.बी.एम.बी. पर तैनात राज्य की पुलिस स्थानीय स्थितियों से अच्छी तरह अवगत है और पिछले कई सालों से प्रोजेक्टों की सेवा कर रही है। जहाँ तक तकनीक का सवाल है, पंजाब पुलिस नयी से नयी तकनीक का प्रयोग करने में निपुण है। इसके इलावा पंजाब पुलिस को सरहदी इलाकों में ऐसी स्थितियों का सामना करने का लम्बा अनुभव भी है। यह फोर्स देश की किसी भी अन्य फोर्स की तरह पेशेवर है। बरिन्दर कुमार गोयल ने कहा कि सी.आई.एस.एफ. की तैनाती पंजाब राज्य और अन्य हिस्सेदार राज्यों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ को बढ़ाएगी। पंजाब राज्य बी.बी.एम.बी के खर्चे में मुख्य योगदान डालने वाला राज्य है और इसलिए पंजाब राज्य को यह अतिरिक्त ख़र्च भी सहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान पंजाब व हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रीय अधिकार के अंदर हैं। कानून अनुसार अपनी-अपनी हदबंदी में कानून-व्यवस्था बनाई रखने और इन संस्थानों की सुरक्षा यकीनी बनाने की ज़िम्मेदारी सम्बन्धित राज्य सरकारों की होती है।

## पंजाब सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में नए सरकारी कॉलेज खोलेगी: हरजोत बैंस



पंजाब के उच्च शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की है कि पंजाब सरकार सीमावर्ती और पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य में नए सरकारी कॉलेज खोलेगी, ताकि शैक्षिक बुनियादी ढांचे को और विस्तार दिया जा सके। आज पंजाब विधानसभा में रियात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, होशियारपुर विधेयक 2025 और सी.जी.सी. यूनिवर्सिटी, मोहाली विधेयक 2025 पेश करते हुए स बैंस ने राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में हो रही सराहनीय प्रगति को रेखांकित किया और सरकारी कॉलेजों में हुए 85ल दाखिला वृद्धि का उल्लेख किया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी सरकारी, निजी और अनुदान प्राप्त कॉलेजों में विद्यार्थियों के दाखिले में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जो 2022 में 7 लाख के मुकाबले पिछले शैक्षणिक सत्र में बढ़कर 9 लाख तक पहुंच गई। उन्होंने यह भी बताया कि महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी, बठिंडा में दाखिले 1,400 से बढ़कर 2,480 हो गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों में आई.टी.आई. सीटों की संख्या में लगभग 35,000 की वृद्धि की है और पिछले वर्ष 99 प्रतिशत सीटें भर चुकी थीं। इस वर्ष 5,000-7,000 नई सीटें और जोड़े जाने की योजना है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में काम कर रही पंजाब सरकार की 'राज्य को एक वैश्विक शैक्षिक केंद्र में बदलने卐 की प्रतिबद्धता को दिया। उल्लेखनीय है कि सरकार अब तक युवाओं को 54,000 से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान कर चुकी है, जिससे विदेश पलायन की प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगा है। स हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि आम आदमी पार्टी देश के इतिहास की इकलौती पार्टी है जिसने 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों के दौरान शिक्षा को अपने चुनावी एजेंडे का केन्द्रीय मुद्दा बनाया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा, पंजाब सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, डिजिटल मार्केटिंग, हॉस्पिटैलिटी व टूरिज्म और इवेंट मैनेजमेंट जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में नए कोर्स शुरू किए हैं। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जातियों के छात्रों को छात्रवृत्तियों का समय पर वितरण सुनिश्चित किया गया है ताकि कोई भी छात्र वित्तीय कारणों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे।

## युद्ध नशों विरुद्ध' के 132वें दिन 116 नशा तस्कर गिरफ़्तार; 4.5 किलो हेरोइन बरामद

नशा छुड़ाने संबंधी यत्नों के हिस्से के तौर पर पंजाब पुलिस ने 75 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राज़ी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** राज्य में से नशों के मुकम्मल ख़ात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरु किये गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 132वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 116 नशा तस्करों को गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े में से 4.5 किलो हेरोइन और 1 किलो अफ़ीम बरामद की है। इससे सिर्फ़ 132 दिनों के अंदर गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 21,495 हो गई है।

यह आपरेशन डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय चलाया गया।

ज़िक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमीशनरों, डिप्टी कमीशनरों और एस. एस. पीज को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व अधीन 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है।

आपरेशन के विवरण देते हुये स्पैशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 86 गज़टिड अधिकारियों की निगरानी अधीन 1300 से अधिक पुलिस कर्मचारियों के सम्मिलन वाली 180 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 459 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते राज्य भर में 85 ऐफआईआरज़ दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस आपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 459 शक्की व्यक्तियों की जांच भी की। स्पैशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में से नशों के ख़ात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इनफोरसमैंट, डी-एडिकशन और प्रीवैंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के तौर पर 75 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

## अनुसूचित जातियों की भलाई हेतु डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब अनुसूचित जाति, भूमि विकास और वित्त निगम को योजनाओं की पहुंच ज़रूरतमंदों तक सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** मुख्यमंत्री स भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और अनुसूचित जातियों की तरक्की व कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। यह बात सामाजिक न्याय, अधिकारिता व अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब सिविल सचिवालय में कही। डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम (पी एस सी एल डी एफ सी ) के डायरेक्टर रविंदर हंस के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए कि निगम की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुँचे। निदेशक रविंदर हंस ने बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बड़ी संख्या में जरूरत मंद परिवारो द्वारा सरकारी स्कीमों का लाभ लिया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सुझाव दिया कि हर ज़िले में विशेष कैंप लगाकर लाभार्थियों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित की जाए। इस दौरान निगम में कर्मचारियों की कमी, अधिकारियों को आ रही प्रशासनिक चुनौतियों व लंबित मामलों की जानकारी भी दी गई। मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने सभी मुद्दों को ध्यान से सुनने के बाद मौके पर ही तत्परता से आवश्यक निर्देश जारी किए और भरोसा दिलाया कि बाकी समस्याओं का भी शीघ्र समाधान होगा। उन्होंने एससी कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन को और तेज़ व प्रभावी बनाने पर बल दिया।

## पंजाब राज्य चुनाव आयोग द्वारा 90 सरपंचों और 1771 पंचों के पदों के लिए उप- चुनाव के शैड्यूल का ऐलान

27. 07. 2025 (रविवार) को सुबह 08.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक बैलट पेपरों के द्वारा होंगा चुनाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 11 जुलाई।** ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 15. 10. 2024 को हुये ग्राम पंचायतों के आम चुनाव के बाद, इस समय अलग-अलग जिलों में सरपंचों के 90 पद और पंचों के 1771 पद खाली हैं। इन खाली पदों को भरने के लिए राज्य चुनाव आयोग ने उप-चुनाव का शैड्यूल घोषित किया है। इस शैड्यूल के अनुसार नामांकन 14. 07. 2025 ( सोमवार) से सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक सम्बन्धित रिटर्निंग अफसरों के दफ़्तरों में दाख़िल किये जा सकेंगे। नामांकन दाख़िल करने की आखिरी तारीख़ 17. 7. 2025 (वीरवार) दोपहर 3 बजे तक होगी। नामांकनों की जांच 18. 07. 2025 (शुक्रवार) को की जायेगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख़ 19. 07. 2025 (शाम 3 बजे तक) होगी। वोटिंग 27. 07. 2025 (रविवार) को सुबह 8.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक बैलट पेपरों के प्रयोग के द्वारा होगा।अपडेट की वोटर सूचियों का अंतिम प्रकाशन 23. 05. 2025 को सम्बन्धित ज़िला चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रकाशित किया गया था।

## दिनदिहाड़े सुनियारे को गोली मारने की धमकी देकर लूटा 2 करोड़ का सोना,15 किलो चांदी और 20 हजार कैश

लुटेरे कैमरों का डीवीआर व एक छोटा कैमरा भी ले गए साथ

पुलिस कर रही है कि गहनता से मामले की जांच, खंगाल रही है आसपास के सीसीटीवी कैमरे



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 11 जुलाई।** ढकोली क्षेत्र में गुरुद्वारा बाउली साहिब वाली रोड़ पर स्थित हरमिटेज सोसायटी के कमरशियल प्रोजेक्ट में दिन दिहाड़े एक सुनियारे को लूट कर दो लुटेरे फरार हो गए। हैरानी की बात है जिस समय वारदात को अंजाम दिया गया मार्किट में बहुत ज्यादा चहल पहल थी। बताया जा रहा है के लुटेरे मोटरसाइकिल पर आए थे और सुनियारे को दुकान की पहली मंजिल पर रस्सी से बांधकर सारा सामान लूट कर ले गए। मौके से मिली जानकारी अनुसार लुटेरे गोविंद ज्वेलर से दो किलो सोना 15 किलो चांदी और 20 हजार कैश लूट कर ले गए हैं। सोने की कीमत दो करोड़ बताई जा रही है। लुटेरे इतने शातिर थे के वह सोने चांदी के साथ साथ कैमरों का डीवीआर व एक छोटा कैमरा भी साथ ही ले गए। जिस कारण लुटेरों की पहचान करने में पुलिस को समस्या आ रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा मौके का दौरा कर आसपास सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। दिन दिहाड़े हुए लूट के चलते आसपास के सभी दुकानदार सहमे हुए हैं और ला एंड ऑर्डर को कोस रहे हैं।

मामले के सबंध में जानकारी देते हुए दुकान मालिक गोविंद क्वात्रा ने बताया की सुबह करीब 11 बजे मेरे पिता सुरिंदर क्वात्रा अकेले थे और सुबह करीब 11 बजकर 40 मिनट दो ग्राहक आए और बोले के हमें करीब 70 हजार रूपये के आसपास कोई सोने की चेन चाहिए। वह एक दो चेन देखकर चले गए और फिर करीब साढ़े 12 बजे वापिस आए और आते ही उनके पिता सुरिंदर क्वात्रा को पकड़ लिया और बोले के शोर मचाया तो गोली मार देंगे। दोनों लुटेरे उन्हें डरा धमका कर पहली मंजिल पर ले गए और वहां प्लास्टिक की कुर्सी पर उन्हें रस्सी से बांध दिया जिसे वह पहले ही अपने साथ लेकर आए थे। जिसके दोनों नीचे आए और 15 से 18 मिनट में दुकान का सारा सामान लूट कर ले गए। दुकान मालिक गोविंद ने बताया की तिजोरी हमने समान डिस्प्ले करने के लिए खोली थी और सामान बाहर निकाला जा रहा था। इस दौरान दोनों लुटेरों में हमला बोल दिया और दो किलो सोना, 15 किलो चांदी व गल्ले में पड़ा 20 हजार कैश लूट कर फरार हो गए। जिसके बाद उनके पिता सुरिंदर क्वात्रा किसी ना किसी तरह कुर्सी को गिरा कर सीढ़िया से गिरते हुए नीचे आए और बाहर आकर शोर मचाया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने आकर उन्हें खोला और पुलिस को वारदात की सुचना दी गई। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी चैक किए जा रहे हैं। मौके एसएचओ सिमरजीत सिंह, एसपी जसपिंदर सिंह गिल और सीआईए की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच कर रही थी।

## दूध के ड्रम में ला रहा था शराब, एक्साइज विभाग की सूचना पर आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 11 जुलाई।** जीरकपुर। दूध के ड्रमों में चंडीगढ़ ब्रांड की शराब छुपाकर जीरकपुर लाने वाले एक व्यक्ति को एक्साइज विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर काबू किया है। एक्साइज इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह कि सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 12 बोतल एम्पायर नंबर 1 मोटा संतरा मार्का देसी शराब बरामद की गई, जो कि केवल यू.टी. चंडीगढ़ में बेचने योग्य है। शुक्रवार सुबह रायपुर हरमिलाप फाटक, बलटाना के पास एक्साइज इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एचसी पवन कुमार, एचसी संतोष सिंह और एचसी गुरमीत सिंह ने शराब तस्करी रोकने के लिए नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान एक मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दूध बेचने वाली मोटरसाइकिल पर ड्रमों में छुपाकर चंडीगढ़ की शराब ला रहा है। टीम ने अलर्ट होकर एक टीवीएस मोटरसाइकिल (नं. पीबी39 जे-5594) को रोका। जांच में पाया गया कि दूध के ड्रमों में 12 बोतलें शराब छुपाकर रखी गई थीं। आरोपी की पहचान रणजोध सिंह पुत्र प्यारा सिंह, निवासी गांव झांसली, जिला पटियाला के रूप में हुई है। पूछताछ में वह शराब रखने व लाने का कोई लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा सका। मौके पर पहुंचे बलटाना चौंकी इंचार्ज ने आबकारी टीम से लिखित शिकायत प्राप्त कर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पंजाब एक्साइज एक्ट की धारा 61/1/14 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## राज्य में कानून-व्यवस्था पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की हाई लेवल मीटिंग

# अपराधों को रोकने के लिए थाना स्तर पर भी जवाबदेही तय की जाए : मुख्यमंत्री

- प्रदेश में अपराध की स्थिति की करी समीक्षा, दिए सख्त निर्देश
- फिरौती मामलों पर मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश, पुलिस अधिकारी मुस्तैदी से करें काम, अपराधियों पर करें सख्त कार्रवाई
- महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री ने दिए कड़े निर्देश, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग को रखे चाक-चौबंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में कानून- व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे प्रत्येक थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों की स्थिति पर नियमित रूप से निगरानी रखें। यदि किसी भी क्षेत्र में अपराधों में वृद्धि देखी जाए तो त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति पर नियंत्रण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधों को रोकने के लिए केवल जिला स्तर पर ही नहीं, बल्कि थाना स्तर पर भी जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री वीरवार को देर सायं राज्य में कानून- व्यवस्था पर हाई लेवल बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। करीब 4 घंटे चली इस बैठक में मुख्यमंत्री ने आपराधिक मामलों पर पुलिस कार्रवाई, पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली में सुधार सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधों की रियल टाइम रिपोर्टिंग और विश्लेषण के लिए तकनीकी साधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, ताकि पुलिस तंत्र और अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बन सके।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने और जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि सभी जिलों में पुलिस गश्त और चौकसी को और अधिक बढ़ाया जाए ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। इसके साथ ही, थानों में शिकायत दर्ज करवाने आने वाले नागरिकों को उनकी शिकायत की रिसिप्ट/प्राप्ति-पत्र तुरंत प्रदान किया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और पीड़ित को उचित समय पर न्याय मिल सके। इसके अलावा, पुलिस अधीक्षक नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र के थानों का निरीक्षण करें तथा आमजन से सीधा संवाद स्थापित करें। इससे न केवल लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो सकेगा, बल्कि जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ होगा। प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, पारदर्शी और प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान की जाए।

### पुलिस अधिकारियों की तय करें जिम्मेदारी

राज्य में नशा एवं मादक पदार्थों के मामलों पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा तस्करी और उसके सेवन पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर जिले में पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। सरकार युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में ठोस और समन्वित अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'नशा मुक्त हरियाणा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। पुलिस प्रशासन नशा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। साथ ही, थानों में दर्ज नशा संबंधी मामलों की नियमित समीक्षा की जाए और ऐसे मामलों में अभियोजन की प्रक्रिया तेज की जाए ताकि दोषियों को जल्द सजा दिलाई जा सके।

### पुलिसकर्मी शराब का सेवन करते हुए पाए गए, तो होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली और जनता के अनुकूल बनाने हेतु कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों के व्यवहार और कार्यप्रणाली में सुधार लाया जाना समय की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में फील्ड स्टाफ को स्पष्ट रूप से निर्देशित करें कि यदि कोई भी पुलिसकर्मी ड्यूटी के समय या वर्दी में शराब का सेवन करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए है, ऐसे में अनुशासनहीनता और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें, शिकायतकर्ता को मिले न्याय

नायब सिंह सैनी ने निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों द्वारा उन्हें लिखित रूप में सौंपी गई शिकायतें, जो जन संवाद पोर्टल पर दर्ज की जाती हैं, उन पर संबंधित पुलिस अधिकारी त्वरित संज्ञान लें और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेना शासन-प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिकायतकर्ता को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए और उसके निवारण की प्रगति नियमित रूप से जन संवाद पोर्टल पर अपडेट की जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनें और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी आमजन से सीधे संवाद स्थापित करेंगे, तो प्रशासन और पुलिस की छवि मजबूत होगी और जनता का विश्वास भी पुलिस के प्रति बढ़ेगा।

### फिरौती मामलों पर मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश

मुख्यमंत्री ने फिरौती के मामलों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि फिरौती या रंगदारी जैसे गंभीर अपराध किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और ऐसे मामलों पर तुरंत अंकुश लगाया जाए। अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी और सजगता के साथ कार्य करें ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और उनमें यह विश्वास बना रहे कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है।

### महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री ने दिए कड़े निर्देश

मुख्यमंत्री ने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सख्त निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारी प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों, विशेष रूप से कन्या महाविद्यालयों और कन्या विद्यालयों का नियमित अंतराल पर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बच्चों से संवाद कर उन्हें सजग करना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि स्कूल और कॉलेजों की छुट्टी के समय विशेष पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि छात्राओं और अभिभावकों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बना रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि पुलिस ने कामकाजी महिलाओं और छात्राओं से संवाद करके विभिन्न हॉटस्पॉट और संवेदनशील रूट चिह्नित किए हैं। इन स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात हैं और पूरी सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है और पुलिस प्रशासन इस दिशा में पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सुरक्षा उपायों की नियमित समीक्षा करें और आवश्यकतानुसार नए कदम उठाए ताकि महिलाओं और छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या भय का सामना न करना पड़े।

### भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग को रखे चाक-चौबंद

नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाजारों या प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर, विशेषकर भीड़-भाड़ के समय, प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, अन्य संवेदनशील स्थानों पर हालातों का नियमित जायजा लेकर अतिरिक्त पेट्रोलिंग व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। इसके अलावा, महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गाशक्ति फोर्स भी विशेष पेट्रोलिंग करे।

## न्यूज ब्रीफ

### डीपीएस पानीपत सिटी में अलंकरण समारोह



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** डीपीएस पानीपत सिटी में शुक्रवार को भव्य अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया द्वारा दीप प्रज्वलन व मंत्रोच्चारण से हुई। समारोह में प्रीतम पांडेय को हेड ब्वॉय और मनकीरत को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। वहीं, हरिओम और अनामिका को हॉस्टल हेड ब्वॉय व गर्ल, कविश और कीरत को जूनियर हेड ब्वॉय व गर्ल बनाया गया। डीपीएस अंसल से ग्रीतव डुरेजा व आव्या मलिक को हेड ब्वॉय व हेड गर्ल चुना गया। अन्य पदों पर वॉइस हेड ब्वॉय-गर्ल, हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स, कल्चरल, अनुशासन व शैक्षणिक प्रमुख आदि की जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। चयनित छात्रों को बैज, शैशे व ध्वज प्रदान कर शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

### महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में हैंड वॉश पाउच किए वितरित

**थानेसर (अप्रस/दलबीर मलिक)।** महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नगर परिषद थानेसर द्वारा 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के तहत छात्रों को हैंड वॉश लिक्विड पाउच वितरित किए गए। इससे पूर्व परिषद अधिकारियों ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया। कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि यह अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है। अधिकारी वीरेंद्र भारद्वाज ने स्वच्छता को बीमारियों से बचाव का प्रमुख उपाय बताया। प्रधानाचार्य भजन राठोर ने परिषद टीम का आभार जताते हुए कहा कि बारिश व नमी के मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों से बचने के लिए स्वच्छता जरूरी है। कार्यक्रम में स्कूल व नगर परिषद के अधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

### पीएनबी ने सच्चा खेड़ा में किसानों को किया 75 करोड़ के ऋण वितरित



**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सच्चा खेड़ा में आयोजित किसान लोन मेले में 75 करोड़ रुपये के कृषि ऋण वितरित किए गए। मेले का शुभारंभ एसडीएम जगदीश चंद्र व बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। कार्यक्रम में जिला जींद व कैथल के सैकड़ों किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। बैंक के उप महाप्रबंधक रमेश चंद्र झा ने बताया कि यह कार्यक्रम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक पहल है। प्रशिक्षण प्राप्त महिला किसानों को सर्टिफिकेट और ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पीएनबी मंडल प्रमुख सर्वेन्द्र सिंह, उप मंडल प्रमुख अंजनी निरंजन, एफटीसी निदेशक हितेश कालरा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### गौरव मित्तल ने गुरु पूर्णिमा पर की गुरु पूजा



**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** हरियाणा व्यापार मंडल घड़ी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गौरव मित्तल गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांव बनीपुर स्थित बाबा अमरनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने अपने गुरु श्री महंत संपत नाथ जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और विधिवत गुरु पूजा की। गौरव मित्तल पिछले 25 वर्षों से हर अमावस्या पर तपोभूमि पर माथा टेकते हैं। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। विशेष रूप से हैदराबाद से सेवक महेंद्र शर्मा व राजेंद्र शर्मा अपने परिवार सहित पहुंचे। अन्य श्रद्धालुओं में राजीव अत्री (रोहतक), गोविंद राम सैनी (अलवर), प्रीतम सिंह ढिल्लों (बनीपुर), सैनी साहब (रेवाड़ी) सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल रहे।

### भाजपा की नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक सम्पन्न

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** भाजपा के नवगठित संगठनात्मक जिला हांसी की पहली बैठक जिला अध्यक्ष अशोक सैनी की अध्यक्षता में दिल्ली रोड स्थित नए जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में अशोक सैनी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक में 13 जुलाई को होने वाले जिला कार्यालय उद्घाटन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। यह उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली करेंगे। उनके साथ कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया व विजेंद्र लोहान ने कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यालय, आईटी व सोशल मीडिया प्रभारी सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार मुक्त हरियाणा के संकल्प को लेकर रोहतक में समीक्षा बैठक आयोजित

**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हरियाणा के एडीजी आलोक मित्तल की अध्यक्षता में रोहतक कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत पौधारोपण के साथ की गई। मित्तल ने कहा कि प्रशासनिक और सामाजिक जीवन में पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों व मामलों का निष्पक्ष और समयबद्ध निपटारा करें तथा अदालतों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सख्त सजा दिलाएं। उन्होंने दोहराया कि भ्रष्टाचार किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता से अपील की गई कि रिश्वत संबंधी शिकायतें टोल-फ्री नंबर 1800-180-2022 या 1064 पर दें।

## विद्यार्थियों का समग्र विकास ही शिक्षा एवं शिक्षकों का मूल उद्देश्य है : प्रो. राम पाल सैनी



अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 11 जुलाई।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल व युवा सांस्कृतिक निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य समारोह आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि गुरु सिर्फ ज्ञानदाता नहीं, बल्कि शिष्य के समग्र विकास का मार्गदर्शक होता है। मुख्य वक्ता प्रो. राजेंद्र अनायत ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ब्रह्मा, विष्णु और शिव के समान होते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने अतिथियों का स्वागत किया। डीन प्रो. विशाल वर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियाँ साझा कीं। इस अवसर पर डॉ. भावना और डॉ. कविता ने विद्यार्थियों संग गुरु वंदना प्रस्तुत की, जबकि छात्र प्रदीप की बांसुरी वादन ने सबका मन मोहा।

## नाबालिग लड़की के दस्तावेजों में उम्र बढ़ाकर करवाई शादी

### दूल्हा, आधारकार्ड केन्द्र चलाने वाले पार्षद प्रतिनिधित व युवती गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 11 जुलाई।** जिले के ढांड क्षेत्र में 15 साल की एक किशोरी के आधार कार्ड और मार्कशीट में उम्र बढ़ाकर जबरन शादी कराने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें किशोरी से शादी करने वाला युवक, आधार सेवा केंद्र चलाने वाला पार्षद प्रतिनिधि और एक युवती शामिल है। इस मामले में ढांड थाना में एक महिला ने पिछले साल 30 जुलाई को शिकायत उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। अब पंजाब एवं हाईकोर्ट की ओर से नाबालिग के परिजनों के पास सुरक्षा देने के बाद आए एक नोटिस पर परिजनों को उसकी बेटी के शादी होने की जानकारी मिली। इसके बाद जब परिजनों ने हाइकोर्ट में बेटी के नाबालिग होने का हवाला दिया। इसके बाद हाईकोर्ट के आदेशों पर पुलिस को जांच के निर्देश जारी किए थे। अब इस मामले में ढांड थाना की पुलिस ने आरोपी बलवंती गांव निवासी युवक मोनू, जाखौली गांव निवासी युवती सुमन और पार्षद प्रतिनिधि व आधार केंद्र संचालक वीरेंद्र उर्फ विक्की धीमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि नाबालिग के आधार और मार्कशीट में बदलाव नगर परिषद कार्यालय में स्थित आधार सेवा केंद्र से करवाया गया था। इस केंद्र को वीरेंद्र उर्फ विक्की धीमान चला रहा था जो मौजूदा महिला पार्षद का पति है और पार्षद प्रतिनिधि के रूप में काम करता है। पुलिस ने सबसे पहले आरोपी मोनू को गिरफ्तार किया। इसके बाद सात जुलाई को युवती सुमन और आधार केंद्र चलाने वाले विक्की धीमान को भी दबोच लिया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से नाबालिग को महिला आश्रय गृह में भेज दिया है।

डीएसपी मुख्यालय वीरभान ने बताया कि आधार और शैक्षणिक दस्तावेजों में हेराफेरी करना बहुत गंभीर अपराध है। ऐसे मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है और अगर इस मामले में और लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## किशोरियों में भी बढ़ रहा पीसीओडी का खतरा, बिगड़ी दिनचर्या और खानपान बनी वजह

अर्थ प्रकाश/ राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 11 जुलाई।** बिगड़ी जीवनशैली और गलत खानपान के कारण महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज (पीसीओडी) के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है। हैरानी की बात है कि अब यह समस्या सिर्फ महिलाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि किशोरियां भी पीसीओडी की समस्या से जूझ रही है।

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के स्त्री रोग विभाग में रोजाना 20 से 25 महिलाएं पीसीओडी की समस्या के साथ उपचार कराने पहुंच रही हैं। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर आयुर्वेदिक औषधियों के साथ खानपान और अपनी जीवनशैली सुधार ली जाए तो इस स्थिति को काफी हद तक ठीक किया जा सकता है। उन्होंने किशोरियों और महिलाओं को दिनचर्या में संतुलन, पौष्टिक भोजन और नियमित योग-प्राणायाम को शामिल करने की सलाह दी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में महिला स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं एवं पीसीओडी को लेकर जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं।

**पीसीओडी के कारण गर्भधारण में दिक्कत :** स्त्री रोग विभाग के चेयरमैन प्रो.जीतेश कुमार पंडा के अनुसार,मासिक धर्म के दौरान लापरवाही, गलत खानपान, देर रात तक जागना, सुबह देर से उठना,फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन,तनाव, व्यायाम न करना और मोटापा पीसीओडी के मुख्य कारण हैं। जिसकी वजह से मासिक धर्म की अनियमितता,गर्भधारण करने में कठिनाई,चेहरे और शरीर पर अनचाहे बाल,वजन बढ़ना और हृदय रोग और टाइप-2 मधुमेह का कारण बन सकती है।

**पीसीओडी से काफी हद तक बचा जा सकता है :** स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर वैद्य सुनीति तंवर ने कहा कि कुछ किशोरियों में ही हार्मोनल असंतुलन की शुरुआत हो रही है,जो आगे चलकर पीसीओडी में बदल जाती है। खानपान में सुधार और दिनचर्या को संतुलित करके इस समस्या से काफी हद तक बचा जा सकता है। जौ और गेहूं की रोटी,दलिया,देसी घी, मीठी खीर,चावल और ताजे फल आदि का सेवन लाभकारी माना गया है। उन्होंने मैदा,खट्टी चीजें और फास्ट फूड से परहेज करने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी बताया कि योग, विशेष रूप से सूर्य नमस्कार,कपालभाति और भ्रामरी जैसी क्रियाएं हार्मोन संतुलन में सहायक होती हैं और पीसीओडी की स्थिति को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

## कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने किए पुख्ता प्रबंधः रेखा रानी

**कैथल (अप्रस)।** सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर ढांड थाना प्रभारी रेखा रानी के नेतृत्व में पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए हैं। पबनावा बस स्टैंड, पंचमुखी चौक सहित विभिन्न स्थानों पर नाके लगाए गए हैं और पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है। शिविरों में सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात हैं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेखा रानी ने बताया कि पुलिस कप्तान आस्था मोदी के निर्देशानुसार पुलिस पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रही है। कस्बा 'बम भोले' के जयकारों से शिवमय हो चुका है और विभिन्न स्थानों पर शिविर व भंडारे लगाए गए हैं जहां कांवड़िए विश्राम कर रहे हैं।

## प्रदेश में जलभराव की समस्या बनी लोगों के लिए परेशानी का सबब : रामचंद्र जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 11 जुलाई।** हैफेड के पूर्व डायरैक्टर एवं समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि प्रदेश में मानसून के आरंभ होते ही अधिकतर नगरों में जलभराव की भीषण समस्या सामने आ गई है। छोटे कस्बों से लेकर बड़े शहरों तक, हर जगह सडकों पर पानी का अंबार, गड्ढों से भरी टूटी सडकें और सीवर की बदहाल व्यवस्था ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लोगों को भारी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहरों में लोगों को घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। नालों की सफाई न होने के कारण सडकों पर पानी भरा पड़ा है, गाडियों का आवागमन ठप है और कई जगहों पर घरों में भी पानी घुस गया है। छोटे दुकानदारों और रोज़मर्रा के कमाने-खाने वाले लोगों की हालत अत्यंत दयनीय हो गई है। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि प्रदेश का ऐसा कोई शहर नहीं है जो जलभराव की समस्या से दो चार न हो रहा हो और ऊपर से प्रशासन द्वारा दावे किए जा रहे है कि नालों की सफाई करा दी गई है, जलभराव से निपटने की पूरी तैयारी कर ली गई है पर जरा सी बरसात सरकार के तमाम दावों की हवा निकालकर रख दी है। पूर्व हैफेड डायरैक्टर रामचंद्र जडौला ने कहा कि सडकों पर भरे पानी के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है, वहीं गड्डों में छिपे खतरों ने बड़ी चिंता खड़ी कर दी है।

## स्वदेशी और स्वावलंब को लेकर वरिष्ठ नागरिक हर घर में जाएं : सतीश कुमार

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 11 जुलाई।** देश में स्वदेशी और स्वालंबन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी जागरण मंच द्वारा देश भर में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वालंबन अभियान चलाया जा रहा हैं। इस मुद्दे को लेकर वरिष्ठ नागरिक आयाम द्वारा दस जुलाई को शाम चार बजे श्री कृष्णा मंदिर सैक्टर चौदह में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। । इस अवसर पर स्वदेशी जागरण के राष्ट्रीय सह संगठक श्री सतीश कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर हरियाणा तकनीकी शिक्षा परिषद के सचिव राजेश गोयल , हरियाणा चेबर आफ कामर्स के सचिव हरमीत हैप्पी, जीएस मनचंदा मेयर रेनू वाला गुप्ता राष्ट्रीय स्चयं सेवक संघ सुरेंद्र जी जैनेसिस के संचालक जिंद्र सिंह अहलावत विषेष तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर सतीश चावला ने स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वदेशी सुरक्षा एंव स्वाबलंबन अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से स्वदेशसी और स्वालंबन के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।इस अवसर पर राजेश गोयल ने स्वदेश्सी जागरण अभियान को लेकर जनकारी दी। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण के राष्ट्रीय सह संगठक श्री सतीश कुमार ने कहा कि सभी को स्वदेशी को लेकर खुद के घर से शुरूआत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक आयाम देश में बेहतर काम कर रहा हैं। उन्होंने करनाल में वरिष्ठ आयशम को लेकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी को विना स्वार्थ के काम करना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के समाज के सुधार मे योगदान की अपेखा को लेकर बात की। इस अवसर पर कार्यक्रम को लेंकर चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक आयाम के युवा , पर्यावरण प्रकोष्ठ, महिला, साइवर और चिकित्सा प्रकोष्ठ को लेकर जानकारी दी गई। इन प्रकोष्ठों के प्रभारियों ने विभिन्न जानकारी दी।

## भारत को आर्थिक युद्ध में विजय दिलाने के लिए स्वदेशी का जीवन में अपनाना जरूरी : सतीश

### करनाल की धरा पर शंखनाद हुआ स्वदेशी सुरक्षा और संकल्प अभियान का

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 11 जुलाई।** स्वदेशी जागरण के राष्ट्रीय सह संगठक श्री सतीश कुमार ने कहा है कि आज देश आर्थिक विश्व युद्ध का सामना कररहा हैं। इस महासमर में जीत के लिए हर परिवार को स्वदेशी परिवार और हर युवा को स्वयं उद्यामी और स्वबलंबी होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के लिए हर व्यक्बित कों पांच संकल्प लेना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि हम विदेशी प्रेम के कारण अपने देश की स्वतंत्रता को खतरे में डाल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज अमरीका चायना और टर्की हमें आंख दिखा रहे हैं। चायना हमसे अरबों डालर हमाता है इस पैसे का प्रयोग हमारे खिलाफ करता है। उन्होंने कहा कि आज देश में स्वदेशी जागरण के तहत गांव गांव घर घर तक पहुंचने की जरूरत है। उन्होंने आज करनाल की धरती पर प्रदेश व्यापी स्वदेशी सुरक्षा स्वालंबन अभियान का शंखनाद किया। इस अवसर पर हरियाणा चैंवर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्री सतीश कुमार जी ने प्रदेश भर से आए उद्यामियों व्यापारियों को स्वदेशी को अपनाने के लिए संकल्प दिलवाया।

उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में विदेशी प्रेम आफत बन कर मिल गया हैं। हमारी सुबह से लेकर रात तक विदेशी उत्पाद से होती ळैं। यदि हम रोजमर्रा के जीवन में स्वदेशी को अपना सके तो हम देश को आर्थिक मौर्चे पर विजय दिलवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में गांव मोहल्ला स्तर पर विदेशी भगाओ स्वदेशी अपनाओ का अभियान चलाएंगे।

इसके रहते विदेशी सामान की होली जलाई जाएगी। इस अवसर पर सोनीपत के मेयर राजीव जैन अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गग, चैबर आफ कामर्स के प्रधान सुशील जैन,कुरुखेत्र विश्व विद्यालय के बीसी सोमनाथ सचदेवा, हरियाणा तकनीकी शिक्षा के सचिव राजेश गोयल,अग्रवाल वैश्य समाज के अभिषेक गर्ग , विजय सेतिया,जीएस मनंचदा सतीश चावला सुरेश पुरीहरियाणा चैंबर आफ कामर्स के सचिव हरमीत सिह हैप्पी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए प्रतिनिधियों ने इस अभियान को लेकर मंथन किया। कार्यक्रम में श्रुति काम्बोज, प्रीत मुटरेजा, सुनीता,अनाज मंडी के चेयरमैन विजेंद्र कुमार गुप्ता, राज कुमार सिंगला,सहित तमाम उद्यामी मौजूद थे।

### भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सबसे बड़ी कार्यवाही

# हमारा उद्देश्य जनता को पारदर्शी, जवाबदेह और ईमानदार प्रशासन देना: विष्णु देव साय

- 22 आबकारी अधिकारियों का तत्काल निलंबन भ्रष्टाचार पर कड़ी चोट
- आईएएस, आईएफएस से लेकर राज्य सेवा के अधिकारियों पर भी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर, 11 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति लेकर आगे बढ़ रही है। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पूर्व शासनकाल के दौरान हुए 3200 करोड़ रूपए के बहुचर्चित शराब घोटाले में साय सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 29 में से 22 आबकारी अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबन की इस कार्रवाई को किसी भी राज्य द्वारा की गई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इन अधिकारियों पर वर्ष 2019 से 2023 के बीच भ्रष्टाचार कर करीब 88 करोड़ रुपये की अवैध कमाई से चल-अचल संपत्तियां भी बनाने का आरोप है।

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा की गई विस्तृत जांच में यह खुलासा हुआ है कि यह पूरा घोटाला एक संगठित सिंडिकेट के जरिये संचालित हो रहा था, जिसमें आरोपी आबकारी अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस मामले में एक अधिकारी की मौत हो चुकी है और सात अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। गत 7 जुलाई को न्यायालय में दाखिल पांचवें पूरक चालान में इन अधिकारियों के खिलाफ 138 पृष्ठों की समरी, 2100 पृष्ठों के मूल दस्तावेज और 227 गवाहों के नाम शामिल किए गए हैं।

इसका खुलासा होते ही छत्तीसगढ़ सरकार ने बिना देर के 22 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। जिनमें आबकारी उपायुक्त अनिमेष नेताम, अरविन्द कुमार पाटले, नीतू नोतानी, नोहर सिंह ठाकुर, विजय सेन शर्मा शामिल हैं। इसी प्रकार सहायक आयुक्त आबकारी प्रमोद कुमार नेताम, विकास कुमार गोस्वामी, नवीन प्रताप सिंह तोमर, राजेश जायसवाल, मंजुश्री कसेर, दिनकर वासनिक, आशीष कोसम, सौरभ बख्शी, प्रकाश पाल, रामकृष्ण मिश्रा, अलख राम कसेर, सोनल नेताम और जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल, गरीबपाल सिंह दर्दी, इकबाल अहमद खान, जनार्दन सिंह कौरव, नितिन कुमार खंडूजा शामिल हैं।

गौरतलब है कि पूर्व सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान कई बड़े घोटाले हुए हैं, जिनकी जांच केंद्रीय और राज्य एजेंसियां कर रही हैं और एक-एक कर सभी दोषी जेल भेजे जा रहे हैं। केवल शराब घोटाला ही नहीं, राज्य सरकार डीएमएफ घोटाला, महादेव सट्टा एप घोटाला और तेंदूपत्ता घोटाले जैसे मामलों की भी गहराई से जांच करवा रही है, जिनमें किसी भी तरह की संलिप्तता सामने आने पर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो रही है। बीते दो वर्षों में एसीबी ने 200 से अधिक भ्रष्ट अधिकारियों को पकड़ा है, जो राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का बड़ा उदाहरण है।

मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के साथ-साथ राज्य में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसके तहत जेम पोर्टल से खरीददारी को अनिवार्य किया गया है, ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत हुई है, 350 से अधिक सुधारों के जरिये निवेश की राह भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और आसान बनाई गई है, इसी क्रम में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के माध्यम से एनओसी की प्रक्रिया बेहद सरल कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आबकारी विभाग में एफएल-10 नीति को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है और देशी-विदेशी मदिरा की बोतलों पर अब नासिक मुद्रणालय से छपने वाले होलोग्राम अनिवार्य किए गए हैं ताकि नकली शराब की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। इसी तरह खनिज ट्रांजिट पास की प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है, लकड़ियों की ई-नीलामी प्रणाली लागू की गई है और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुशासन एवं अभिसरण विभाग की स्थापना की गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने पीएससी-2021 परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी है, जिसमें आयोग के तत्कालीन चेयरमैन को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, भारतमाला योजना और सीजीएमएससी घोटालों की जांच भी ईओडब्ल्यू को सौंपी गई है, जिनमें दोषी अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस पारदर्शी कार्रवाई में आईएएस, आईएफएस से लेकर राज्य सेवा के विभिन्न स्तर के अधिकारियों पर भी कार्रवाई हुई है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट कहा है कि यह घोटाला पिछली सरकार के कार्यकाल में हुआ था, घोटाले में संलिप्त किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। अब राज्य में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है, हमारी सरकार का उद्देश्य जनता को पारदर्शी, जवाबदेह और ईमानदार प्रशासन देना है।

# बिहार में हर चार में से तीन मतदाताओं ने भरे गणना प्रपत्र






अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटना, 11 जुलाई।** गणना फॉर्म जमा/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 14 दिन पहले, बिहार के 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) निर्वाचकों में से 74 प्रतिशत से अधिक निर्वाचक पहले ही अपने फॉर्म जमा कर चुके हैं। एसआईआर के दूसरे चरण में, बीएलओ घर-घर जाकर निर्वाचकों की सहायता कर रहे हैं और उनके भरे हुए गणना फॉर्म एकत्र कर रहे हैं। सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में 38 डीईओ, ईआरओ और 963 एईआरओ सहित क्षेत्र स्तर के पदाधिकारी नियमित रूप से एसआईआर की प्रगति की निगरानी कर रहे हैं।

गणना फॉर्मों का डिजिटलीकरण और अपलोडिंग सुचारू रूप से चल रहा है। एसआईआर दिशानिर्देशों के पैरा 3(ज) के अनुरूप, बीएलओ ने अब तक एकत्र किए गए कुल गणना फॉर्मों में से 3.73 करोड़ गणना फॉर्मों को बीएलओ ऐप/ईसीआई-नेट के माध्यम से सफलतापूर्वक डिजिटलीकृत और अपलोड कर लिया है। आज, एईआरओ / ईआरओ द्वारा अपलोड किए गए फॉर्मों के सत्यापन के लिए ईसीआई-नेट में एक नया मॉड्यूल लागू किया गया है।

24 जून, 2025 को एसआईआर अनुदेशों के जारी होने के बाद से आज शाम 6.00 बजे तक, पिछले 17 दिनों में 5,87,49,463 गणना फॉर्म, यानी कुल गणना फॉर्मों के 74.39 प्रतिशत गणना फॉर्म एकत्र कर लिए गए हैं। गणना फॉर्म 25 जुलाई, 2025 से पहले जमा / प्रस्तुत किए जा सकते है।

20,603 नवनियुक्त बीएलओ और अन्य चुनाव पदधारियों के साथ-साथ 77,895 बीएलओ इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए 1.56 लाख अतिसक्रिय बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ-साथ 4 लाख से ज्यादा वालंटियर्स भी बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, बीमार और कमज़ोर लोगों की सहायता कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप 74.39 प्रतिशत गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं।

## बिहार सरकार

### न्यायालय अपर समाहर्ता सिवान

**-:आम सूचना:-**

एतद् द्वारा नीचे अंकित विपक्षी/प्रतिवादी/वाहन स्वामी को सूचित किया जाता है कि सिवान जिलान्तर्गत सिवान नगर थाना एवं सिवान मु0 थाना से संबंधित बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत जप्त वाहनों के अधिहरण/राजसात की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रही है। उक्त वादो मे विभिन्न माध्यमो से विपक्षी/प्रतिवादी/वाहन स्वामी को सुचना भेजी गई है परन्तु वे न्यायालय में अनुपस्थित है, जिनकी विवरणी निम्नवत है:-

| क्र0 | वाद सं0 | थाना का नाम | थाना कण्ड सं0 | वाहन का निबंधन सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन स्वामी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 04/23-24 | मु0 थाना सिवान | 03/2023 | BR06M3062/HR29AT4458 | बरेजा कार | धर्मपाल सिंह पिता-श्री आर0पी0सिंह पता-प्लॉट नं0 89 कौशिक नगर भगत सिंह कालोनी जिला-फरीदाबाद, हरियाणा 121004 |

अतः समाचार पत्रो के माध्यम से संबंधित वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित रूप मे अपना पक्ष रखे, कि क्यो नहीं कंडिका 5 में अंकित वाहन का राजसात कर दिया जाय। निर्धारित तिथि 22.07.2025 तक पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह समझा जायेगा कि संबंधित वाहन मालिक को इस संबंध में कुछ नही कहना है और तद्नुसार अभिलेख में उपलब्ध कागजातो/साक्ष्यों के आधार पर बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत विधि पूर्वक आदेश पारित किया जा सकेगा। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

PR. No. 008351 (Excise) 2025-26

अपर समाहर्ता
सिवान

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

### समाहरणालय, लखीसराय

(जिला विधि शाखा)

दूरभाष : 06346-232124(कार्या०) 06346-232490(आ०)
फैक्स : 06346-232767, ई-मेल : dm-lakhisarai.bih@nic.in

बिहार सरकार

**अति अल्पकालीन वाहन स्वामी के लिए आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा निम्नांकित वाहन के स्वामी को सूचित किया जाता है कि लखीसराय जिलान्तर्गत थाना काण्ड/उत्पाद वादों में राज्यसात किये गये/राज्यसात हेतु प्रक्रियान्तर्गत वाहन को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद नियमावली 2022 के नियम 12A के तहत सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अर्थदंड देकर वाहन मुक्त करा सकते हैं। निर्धारित अवधि के भीतर उपर्युक्त प्रक्रिया पूर्ण नहीं किये जाने पर वाहन की नीलामी/राज्यसात की कार्रवाई की जायेगी।

| क्र0 सं0 | उत्पाद/थाना वाद संख्या | थाना का नाम (वाहन अभिरक्षा स्थल) | सम्पहरण (उत्पाद) वाद संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन सं0/इंजन सं0/चेचिस सं0की विवरणी | वाहन मालिक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | माणिकपुर थाना काण्ड सं0-70/24, दि0-07.07.24 | माणिकपुर थाना | 208/24 | स्पलेन्डर मोटरसाईकिल | PB-02BT-3897, चेचिस सं0-MBLHA10EZ CHB06388, इंजन सं0-HA10EFCHB0 8078 | भूपेन्द्र पाल सिंह, पे0-सुखवंत सिंह, सा0-804 न्यू गुरनाम कॉलोनी, S.W. रोड, थाना-अमृतसर, पंजाब |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 008297 (LAW) 25-26

वरीय उपसमाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा,
लखीसराय

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## बिहार सरकार

### न्यायालय-उप समाहर्ता भूमि सुधार, सिवान सदर

**आम सूचना**

एतद् द्वारा नीचे अंकित विपक्षी/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि सिवान जिलान्तर्गत विभिन्न थानों एवं उत्पाद विभाग, सिवान से बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम-2016 के अन्तर्गत जब्त वाहन के अधिहरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है :-

| क0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन निबंधन सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन स्वामी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 35/2024-25 | DARAULI | 144/2018 | PB23J0042 | SCORPIO GADI | हरप्रित सिंह, पिता-सुखबीर सिंह, सा0-सिनदरा थाना-एफजीएस, जिला-पंजाब |

उपरोक्त वादों की सूनवाई की अगली **तिथि 25.07.2025** निर्धारित करते हुए विपक्षी/प्रतिवादी एवं सम्बद्ध व्यक्ति को सूचित किया जाता हैं कि उक्त वाद में निर्धारित तिथि को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रास्तुत करें। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि आपको अपने पक्ष में कुछ नही कहना हैं, और तदोपरान्त एकपक्षीय सुनवाई करते हुए आदेश पारित कर दिया जाएगा, जिसके लिए पूर्ण रूप से आप जिम्मेवार होंगे।

इसे सख्त ताकीद समझे।

PR. No. 008291 (Excise) 2025-26

उप समाहर्त्ता भूमि सुधार
सिवान सदर

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

एससीओ 62-63, बैंक स्क्वायर, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017, ई-मेल: sectob@bankofbaroda.com

### लॉकर तोड़ने की सूचना

हम सूचित करना चाहते हैं कि नीचे उल्लिखित हमारी शाखा से लॉकर लेने वाले एक ग्राहक ने लंबे समय से बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है, जिससे किराया बकाया हो गया है। इसलिए बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, पट्टेदार को बकाया किराया चुकाने के लिए 3 महीने यानी 14.10.2025 तक का समय दिया जाता है।

यदि निर्धारित समय के भीतर बकाया किराया जमा नहीं किया जाता है, तो पट्टेदार की ओर से लॉकर तोड़ दिया जाएगा। लॉकर खोलने की लागत के साथ-साथ बकाया किराया पट्टेदार से वसूल किया जाएगा।

| शाखा का नाम | लॉकर धारक का नाम | लॉकर धारक का पता | लॉकर संख्या और प्रकार | अतिदेय तिथि से |
|---|---|---|---|---|
| बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैंक ऑफ बड़ौदा, एससीओ 62-63, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़ | आनंद गौतम | मकान संख्या 5780 बी, सेक्टर 38 पश्चिम, चंडीगढ़ - 160036, | पुराना लॉकर संख्या 34ए, नया लॉकर 0109एएक्स0250 | 09.07.2021 |

दिनांक: 11.07.2025

**सहायक महाप्रबंधक,** बैंक ऑफ़ बड़ौदा

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस


(I) श्री गोपाल नारायण पुत्र श्री बैज नाथ और (II) श्री निखिल नारायण पुत्र श्री गोपाल नारायण, निवासी मकान संख्या 2917/1, श्रेणी-एलआईजी सेक्टर 47-सी, चंडीगढ़ ने आवासीय इकाई संख्या 2917/1, श्रेणी-एलआईजी सेक्टर 47-सी, चंडीगढ़ के संबंध में संशोधित आवंटन पत्र की डुप्लिकेट प्रति जारी करने के लिए चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड से संपर्क किया है। इन दस्तावेजों के खो जाने के संबंध में श्री निखिल नारायण पुत्र श्री गोपाल नारायण ने दिनांक 10/07/2025 को पुलिस इकाई: पीएस 31, चंडीगढ़ में सीरियल नंबर 213928, एल.ए.आर. नंबर 2025/021842 के तहत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त आवासीय इकाई के संबंध में संशोधित आवंटन पत्र की दूसरी प्रति (I) श्री गोपाल नारायण पुत्र श्री बैज नाथ और (II) श्री निखिल नारायण पुत्र श्री गोपाल नारायण को जारी करने पर कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराए, अन्यथा दस्तावेज जारी कर दिए जाएँगे। इसके अतिरिक्त, यदि किसी को उपरोक्त वर्णित मूल दस्तावेज मिलते हैं, तो उन्हें उपरोक्त पुलिस स्टेशन या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कराना होगा।


सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस





**विषय:** आवंटी/हस्तांतरिती श्री शक्ति चंद डोगरा पुत्र श्री पंजू राम की बिना वसीयत के मृत्यु होने पर, श्री राजेश कुमार डोगरा पुत्र स्वर्गीय श्री शक्ति चंद डोगरा के नाम सेक्टर 40-सी, चंडीगढ़ में श्रेणी - एलआईजी (एल) की आवासीय इकाई संख्या 2295/2 के आवंटन/पंजीकरण का हस्तांतरण/म्यूटेशन।

एतद्द्वारा आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि श्री शक्ति चंद डोगरा पुत्र श्री पंजू राम, सेक्टर 40-सी, चंडीगढ़ में श्रेणी - एलआईजी (एल) की आवासीय इकाई संख्या 2295/2 के स्वामी, का निधन 09/08/2024 को चंडीगढ़ में हो गया, जैसा कि उनके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा सूचित किया गया है।

राजेश कुमार डोगरा पुत्र स्वर्गीय श्री शक्ति चंद डोगरा ने श्री शक्ति चंद डोगरा पुत्र श्री पंजू राम की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर चंडीगढ़ के सेक्टर 40-सी में श्रेणी-एलआईजी (एल) की आवासीय इकाई संख्या 2295/2 का स्वामित्व अपने नाम पर हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आगे कहा है कि किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी को नहीं छोड़ा गया है और वे उपरोक्त आवासीय इकाई के मृतक मालिक के एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी हैं।

यदि किसी को आवासीय इकाई में दावे/अधिकार/हित के संबंध में कोई आपत्ति है, जिसे चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा श्री राजेश कुमार डोगरा (पुत्र) के पक्ष में हस्तांतरित करने का प्रस्ताव है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा उक्त आवासीय इकाई का पंजीकरण और आवंटन उपरोक्त दावेदार के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति/व्यक्तियों ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (आवंटन, प्रबंधन एवं आवास विक्रय) विनियम, 1979 के अंतर्गत अपने नाम से आवासीय इकाई की बिक्री/खरीद हेतु अनुमति हेतु आवेदन किया है:

| क्र. सं. | क्रेता का नाम श्री/श्रीमती/सुश्री | विक्रेता का नाम श्री/श्रीमती/सुश्री | डी.यू. क्र. | श्रेणी | सेक्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री संतोष कुमार, पुत्र श्री रंजीत सिंह | श्री अशोक जुगरान पुत्र श्री एम.एम. जुगरान, | 5301-2, | चतुर्थ | एमएचसी, मनीमजारा, चंडीगढ़ |

यदि किसी को उपरोक्त आवासीय इकाई के संबंध में बिक्री/खरीद पर कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर लिखित रूप में, यदि कोई हो, तो दस्तावेजी साक्ष्य के साथ, अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता/सकती है।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

श्री नरेन्द्र पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री तरलोक सिंह एवं श्री जसपाल सिंह पुत्र श्री तरलोक सिंह, निवासी मकान संख्या 1091, सेक्टर-18-सी, चंडीगढ़ ने ये दस्तावेज़ खो जाने के कारण, चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड से आवास इकाई संख्या 448, सेक्टर 41-ए, चंडीगढ़ के संबंध में आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, हस्तांतरण पत्र संख्या 9063 दिनांक 17.06.1997, हस्तांतरण पत्र संख्या 26628 दिनांक 11.08.2016 की डुप्लिकेट प्रति जारी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने उपरोक्त दस्तावेजों के खो जाने के संबंध में दिनांक 01.07.2025 को चंडीगढ़ पुलिस में पंजीकृत लॉस्ट आर्टिकल रिपोर्ट पीएस 19, सीरियल नंबर 212737 एलएआर नंबर 2025/020659 के साथ आवेदन भी प्रस्तुत किया है। किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त आवासीय इकाई के संबंध में आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, स्थानांतरण पत्र संख्या 9063 दिनांक 17.06.1997, स्थानांतरण पत्र संख्या 26628 दिनांक 11.08.2016 की डुप्लिकेट प्रति जारी करने पर कोई आपत्ति है, उसे इस नोटिस के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति दर्ज करनी चाहिए, अन्यथा दस्तावेज जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा, यदि ऊपर वर्णित मूल दस्तावेज किसी को मिलते हैं, तो उन्हें उपरोक्त पुलिस स्टेशन में या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**सचिव, सीएचबी के समक्ष, संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरिती श्री राजेश कुमार पुत्र श्री कांशी राम के नाम से श्रेणी-III, मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, मनीमाजरा, चंडीगढ़ के आवास इकाई संख्या 5042-2, (द्वितीय तल) के संबंध में हस्तांतरिती श्री सौरभ रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार रोहिल्ला के नाम पर हस्तांतरण विलेख के आधार पर, उत्परिवर्तन/हस्तांतरण।

**(पिता से पुत्र को)**

सर्वसाधारण एवं सभी संबंधितों की जानकारी हेतु एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आवासीय इकाई संख्या 5042-2 (श्रेणी-III, मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, मनीमाजरा, चंडीगढ़ की दूसरी मंजिल) श्री राजेश कुमार पुत्र श्री कांशी राम के नाम पर है।

श्री सौरभ रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार रोहिल्ला ने सूचित किया है कि उन्होंने अपने नाम से हस्तांतरण विलेख के आधार पर उक्त आवासीय इकाई के संबंध में स्वामित्व अधिकार के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है, जो 09/06/2025 को चंडीगढ़ उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत किया गया था।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के नामांतरण पर कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवासीय इकाई का स्वामित्व उपरोक्त के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा। उक्त दावेदार(ओं)

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** बुधवार रात जीरकपुर फ्लाइओवर पर एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। मोटरसाइकिल सवार दोनों घायलों को ईलाज के लिए जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ ले जाया गया जहां ईलाज दौरान चंडीगढ़ रायपुर खुर्द के रहने वाले 44 वर्षीय बरिंदर रावत की मौत हो गई जबकि उसके घायल दोस्त रोहतांश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि बरिंदर रावत प्राइवेट कंपनी में गाड़ी चलाने का काम करता था। वह बुधवार रात सवा 11 बजे जीरकपुर फ्लाईओवर से घर लौट रहा था। उसका दोस्त रोहतांश मोटरसाइकिल चला रहा था जबकि बरिंदर रावत पीछे बैठा था। फ्लाइओवर पर उन्हें अज्ञात कार ने टक्कर मारी। जांच अधिकारी परमप्रीत ने बताया कि रोहतांश के बयान पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस वारदात के आसपास वाले क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि फरार कार चालक का पता लग सके।

## ढकौली में स्वैन होटल के सामने जंगल में मिली लाश

**जीरकपुर (अप्रस)।** ढकौली में पड़ते स्वैन होटल के सामने जंगल क्षेत्र में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में लाश बरामद हुई है। लोगों ने शव को देखकर पुलिस कंट्रोल रुम पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद ढकौली थाने से जांच अधिकारी एएसआई हरनेक सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे। जांच करने पर मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जांच अधिकारी अनुसार शव के पास से किसी तरह का कोई शिनाख्ती कार्ड बरामद नहीं हुआ है। शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे के लिए डेराबस्सी अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस के कहना है कि पहली परिस्थितियों में यह माना जा रहा है कि जैसे हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हुई हो। पुलिस मामले की जांच कर रही है और उसके परिवार को तलाशने में जुटी है ताकि शव की पहचान हो सके।

## भारत विकास परिषद कर्ण शाखा ने मनाया 63वां स्थापना दिवस

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** भारत विकास परिषद के 63वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कर्ण शाखा के द्वारा सेवा प्रकल्प के रूप में आर्य समाज मंदिर, रमेश नगर में चलाए जा रहे स्वर्गीय उर्मिला भाटिया सिलाई केंद्र में सिलाई मशीन, कपड़ा कटिंग टेबल एवं सिलाई में काम आने वाले अन्य जरूरत का सामान भेंट किया गया। कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख स्वतंत्र कुकरेजा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा की महिला सहभागिता प्रमुख रचना चौधरी ने एक सुंदर भजन गा कर की। पुरोहित देवेंद्र शास्त्री द्वारा पूर्ण विधि विधान द्वारा हवन-यज्ञ सम्पन्न करवाया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी तथा उनकी धर्मपत्नी संध्या लोधी ने आहुतियां डाली। सेवा प्रकल्प प्रमुख स्वतंत्र कुकरेजा ने कहा कि भारत विकास परिषद एक ऐसा संगठन है जो अपने सदस्यों के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग की सेवा कर नवीन पीढ़ी में देशभक्ति एवं संस्कारों के द्वारा समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में निरंतर सक्रिय है। इसी कार्य के अंतर्गत यह सेवा का कार्य किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन लोधी ने कहा कि आज देश एवं समाज को ऐसे संगठनों की जरूरत है जिनमें अपनी मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग एवं सेवा की भावना हो।

अधिकतम 31 डिग्री से.
डिग्री से. 26 न्यूनतम
सूर्योदय 5.28 बजे
सूर्यास्त 7.28 बजे
सोना 24 कैरेट : 98,550.00
सेंसेक्स : 83,190.28
अमेरिका : 85.71
कैनेडियन : 62.57
आस्ट्रेलिया : 56.14

चंडीगढ़ में स्टैंडिंग कमेटियों का गठन, कई प्रमुख हस्तियों को मिली ज़िम्मेदारी

# टंडन को खेल कमेटी, मल्होत्रा को शिक्षा और गुप्ता को बनाया गया पर्यावरण कमेटी का अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने चंडीगढ़ एडवाइजरी कार्उसिल की 10 स्टैंडिंग कमेटियों की घोषणा की है। गृह विभाग की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार इन कमेटियों में शहर की कई जानी-मानी हस्तियों को शामिल किया गया है। हर कमेटी के लिए अध्यक्ष, सदस्य और एक सदस्य सचिव की नियुक्ति की गई है। कमेटियाँ विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कानून व्यवस्था, खेल, संस्कृति आदि से संबंधित कार्यों पर फोकस करेंगी। इस नई संरचना के जरिए चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर के विकास, प्रशासनिक मजबूती और जनहित से जुड़े विषयों पर गहन विचार और काम करने के लिए विशेषज्ञों और समाज के प्रभावशाली लोगों को एक मंच दिया है। ये स्टैंडिंग कमेटियाँ शहर की नीतियों और योजनाओं को और अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

**शिक्षा कमेटी :** अध्यक्षः जतिंदर पाल मल्होत्रा (बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष), सदस्यः रेणु विग (वाइस चांसलर, पंजाब यूनिवर्सिटी), मेयर हरप्रीत कौर बबला, सौरभ दुग्गल (प्रेस क्लब अध्यक्ष), चरणजीत सिंह विली (शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष), डॉ. अजय शर्मा (जीजीडीएसडी-32 प्रिंसिपल), अवी भसीन (लघु उद्योग भारती अध्यक्ष), सदस्य सचिवः निदेशक, उच्च शिक्षा

**पर्यावरण कमेटीः** अध्यक्षः ज्ञानचंद गुप्ता (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, हरियाणा), सदस्यः जगदीश वालिया, हरी ओम वर्मा, जतिंदर कपूर, डॉ. रविंदर नाथ, मनमोहन खन्ना, उर्वशी गुलाटी (रिटायर्ड आईएएस), सदस्य सचिवः निदेशक, पर्यावरण विभाग

**स्वास्थ्य कमेटीः** अध्यक्षः डॉ. राज बहादुर (डायरेक्टर, मोहाली स्पाइनल इंजरी सेंटर), सदस्यः किरण खेर (पूर्व सांसद), डॉ. पवन कुमार (आईएमए अध्यक्ष), डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. विवेक लाल (पीजीआई डायरेक्टर), डॉ. संजय कौशिक, डॉ. संजीव भाटिया, सदस्य सचिवः निदेशक, हेल्थ सर्विसेज

**कला, संस्कृति और पर्यटन कमेटीः** अध्यक्षः मनीष तिवारी (सांसद), सदस्यः हरमोहिंदर सिंह लकी (कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष), भारती सूद, सुखमिंदर कौर बराड़, देवेश मोदगिल (पूर्व मेयर), मोहम्मद फरकान खान (एनजेसीसी पटियाला डायरेक्टर), सदस्य सचिवः निदेशक, कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग

**कानून एवं व्यवस्था कमेटीः** अध्यक्षः सतनाम संधू (राज्यसभा सांसद), सदस्यः कुलदीप कुमार (पूर्व मेयर), कमलजीत सिंह पंछी, सुभाष अग्रवाल, मनमोहन सिंह (होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष), युद्धवीर सिंह कौरा, सदस्य सचिवः एसएसपी चंडीगढ़

**खेल कमेटीः** अध्यक्षः संजय टंडन (चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष), सदस्यः टीवीएसएन प्रसाद (रिटायर्ड आईएएस), सुरिंदर कुमार (नेशनल बैडमिंटन कोच), शिव सिंह (पूर्व हेड कोच), सदस्य सचिवः निदेशक, खेल विभाग

**परिवहन कमेटीः** अध्यक्षः विजय पाल सिंह (आप अध्यक्ष, चंडीगढ़), सदस्यः चेतल मित्तल (सीनियर एडवोकेट), राकेश भल्ला, राकेश रतन अग्रवाल, जसबीर सिंह गिल (ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष), एफआईसीसीआई अध्यक्ष, सदस्य सचिवः निदेशक, ट्रांसपोर्ट विभाग

**शहरी ढांचा एवं योजना कमेटीः** अध्यक्षः अनूप गुप्ता (पूर्व मेयर), सदस्यः जसविंदर कौर (नगर निगम में विपक्ष की नेता), हितेश कुमार (आरएडब्ल्यू अध्यक्ष), ए.के. सबरवाल (पूर्व चीफ आर्किटेक्ट, हरियाणा), संजीव चड्ढा (व्यापार मंडल अध्यक्ष), कपिल सेटिया, सदस्य सचिवः चीफ आर्किटेक्ट, चंडीगढ़

**सामाजिक कल्याण कमेटीः** अध्यक्षः सतपाल जैन (एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया), सदस्यः संगीता जैन, शिप्रा बंसल, सदस्य सचिवः निदेशक, सामाजिक कल्याण विभाग

**परिधीय क्षेत्र विकास कमेटीः** **अध्यक्षः** सुभाष चावल (पूर्व मेयर) सदस्यः एडवोकेट अजय जग्गा, बल्जिंदर सिंह, तरनजीत सिंह बामरा सदस्य सचिवः नगर निगम सचिव बनाये गये हैं।

# पंजाब के राज्यपाल ने किया 'नशा विरोधी जागरूकता अभियान' का शुभारंभ

अभियान में 250 से अधिक कॉलेज बने सहभागी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को पंजाब राज भवन में पंजाब अनएडेड कॉलेजेस एसोसिएशन (पीयूसीए) द्वारा शुरू किए गए 'नशा विरोधी जागरूकता अभियान' का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अभियान से 250 से अधिक कॉलेजों को जोड़ा गया है, जिसमें युवाओं को अभियान का मुख्य केंद्र बनाया गया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और कॉलेज प्रतिनिधियों को 'नशे को ना, जीवन को हां' की सामूहिक शपथ दिलाई और युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि नशा एक सामाजिक और राष्ट्रीय संकट है जो शरीर, मन, रिश्तों और भविष्य को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में 250 से अधिक कॉलेजों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि यह एक संगठनात्मक पहल से आगे बढ़कर जनांदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने परिसर को नशामुक्त क्षेत्र बना दें, तो नशामुक्ति की दिशा में हम बहुत हद तक सफल हो सकते हैं। राज्यपाल ने यह भी कहा कि नशे से जूझ रहे युवाओं को दंड नहीं, सहानुभूति और सहायता की ज़रूरत है। 'किसी बच्चे से नफरत करने से वह नशे की गिरफ़्त से बाहर नहीं आता, हमें देखना होगा कि हम उसे बाहर निकालने के लिए क्या कर रहे हैं। 'उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में विश्वविद्यालयों के कुलपति, कॉलेज प्राचार्य, शिक्षक, तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। सभी ने मिलकर 'नशे को ना, जीवन को हां' की शपथ ली और इस जनअभियान को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### पीयूसीए अध्यक्ष डॉ. अंशु कटारिया का संकल्प

पीयूसीए अध्यक्ष डॉ. अंशु कटारिया ने कहा कि उनके सभी कॉलेज इस मिशन के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे और इसे हर स्तर पर सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 'यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संकल्प है, जो हमारे छात्रों को जीवन में सही दिशा देगा।'

### यह अंतरराष्ट्रीय नार्को-आतंकवाद हैः सांसद सतनाम संधू

इस अवसर पर उपस्थित सांसद सतनाम सिंह संधू ने नशे की समस्या को अंतरराष्ट्रीय नार्को-आतंकवाद बताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साज़िश है जो युवाओं को कमजोर करने और देश की सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए रची गई है। उन्होंने कहा कि 'पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है और यहां मूक युद्ध चल रहा है, जहां नशे को हथियार बनाकर राष्ट्रविरोधी ताकतें हमारी युवा पीढ़ी को निशाना बना रही हैं।' उन्होंने इस मुद्दे को केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय अखंडता के लिए गंभीर खतरा बताया।

### मानसिक स्वास्थ्य, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियाँ हों नियमितः राज्यपाल की अपील

राज्यपाल ने शैक्षणिक संस्थानों से आह्वान किया कि वे केवल शिक्षा का केंद्र न बनें, बल्कि मूल्य-आधारित नेतृत्व और सामाजिक चेतना के केंद्र के रूप में कार्य करें। उन्होंने कॉलेजों से नियमित रूप से मानसिक स्वास्थ्य सत्र, परामर्श, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और नशामुक्ति कार्यशालाएँ आयोजित करने की अपील की।

रेरा परियोजनाओं की समीक्षा को लेकर चंडीगढ़ में उच्च स्तरीय बैठक

# जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश, जल्द आएगी कार्ययोजना

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा शुक्रवार को एक अहम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख परियोजनाओं, नियामकीय पहलों और नागरिक शिकायतों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। यह बैठक प्रधानमंत्री द्वारा 25 जून को आयोजित 'प्रगति बैठक के क्रम में आयोजित की गई थी।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव, चंडीगढ़ राजीव वर्मा ने की। इस दौरान अध्यक्ष, रेरा (दिल्ली एवं चंडीगढ़) आनंद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़, वित्त सचिव दीपर्वा लकड़ा, उपायुक्त निशांत यादव, रेरा सचिव सुश्री पालिका अरोड़ा, अतिरिक्त सचिव (समन्वय) अमित कुमार, तथा चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

समीक्षा बैठक में प्रॉपर्टी फेडरेशन चंडीगढ़ और क्रेडाई पंजाब सहित रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख हितधारक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

बैठक के दौरान रेरा की अब तक की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, और सीपीग्राम्स पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की गहन समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव श्री वर्मा ने रेरा के तहत चल रही पहलों की सराहना करते हुए कहा कि 'नागरिकों विशेषकर गृह-खरीदारों के बीच रेरा की भूमिका और लाभों को लेकर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेरा की योजनाओं व नियामक ढांचे से जुड़ी जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने हेतु एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।

बैठक का उद्देश्य था कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़े, नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान हो, और रेरा के माध्यम से एक उत्तरदायी प्रणाली सुनिश्चित की जा सके।

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा शीघ्र ही इस संबंध में कार्य योजना जारी किए जाने की संभावना है।

# चंडीगढ़ बनेगा जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अग्रणी योद्धा

एसएपीसीसी 2.0 का रोडमैप तैयार

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में शुक्रवार को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक अहम कदम उठाया गया। यूटी सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी (एसएलएससी) की दूसरी बैठक में राज्य कार्य योजना एसएपीसीसी 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने की।

यह योजना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा हाल ही में राष्ट्रीय स्टीयरिंग कमेटी ऑन क्लाइमेट चेंज (एनएससीसी)की बैठक में स्वीकृत की गई थी। इसका उद्देश्य है 2030 तक चंडीगढ़ को जलवायु लचीला बनाना, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाना और सतत विकास को शहरी शासन में शामिल करना है। जलवायु मॉडलिंग के अनुसार, 2050 तक औसत तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि और अत्यधिक वर्षा की घटनाएं सामने आ सकती हैं, जिससे हीट स्ट्रेस और शहरी बाढ़ जैसी समस्याएं गंभीर रूप लेंगी। पारदर्शिता और निगरानी के लिए योजना में एमईआर (मॉनिटरिंग, इवैल्यूएशन, रिपोर्टिंग) ढांचा शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, जलवायु डेटा प्रबंधन, ज्ञान साझाकरण, और विभागों के बीच बेहतर समन्वय हेतु 'जलवायु परिवर्तन केंद्र (सीसीसी)' की स्थापना का भी प्रस्ताव है। चंडीगढ़ के कार्बन उत्सर्जन और अवशोषण की आधार रेखा (बेसलाइन स्टडी) तैयार करने की योजना भी बनाई गई है, ताकि नीति-निर्माण वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर किया जा सके। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों में मनदीप सिंह बराड़ (सचिव गृह-सह-पर्यावरण), दिप्रवा लकड़ा (सचिव वित्त एवं परिवहन), सौरभ कुमार( मुख्य वन संरक्षक), अमित कुमार (आयुक्त, नगर निगम), अजय चगती(सचिव स्वास्थ्य), अनुप कुमार सोनी, (अतिरिक्त निदेशक पर्यावरण) व अन्य विभागों के प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित रहे।

एसएपीसीसी 2.0 के तहत कई ठोस पहलें प्रस्तावित की गई हैं जिसमें, 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए मॉडल सोलर सिटी अभियान, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का विस्तार, ग्रीन बिल्डिंग्स को प्रोत्साहन, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा, आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) का संरक्षण और पुनर्स्थापन, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को जलवायु प्रभावों से लड़ने के लिए सुदृढ़ करना शामिल हैं।

थाना 31 पुलिस ने घर की तरफ फायरिंग करने के मामले को कुछ ही घंटों में सुलझाया

# दो शातिर आरोपी काबू, एक पिस्टल, एक देसी कट्टा बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** यूटी साउथ डिविजन की थाना 31 पुलिस के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की सुपरविजन में उनकी टीम को उस वक्त के बड़ी कामयाबी मिली।जब पुलिस ने घर की तरफ फायरिंग कर फरार होने वाले दो शातिर आरोपियो को कुछ ही घंटों में हथियारो समेत दबोच लिया।पकड़े गए आरोपियो की पहचान कुर्सी बनाने का काम करने वाले राम दरबार निवासी 38 वर्षीय विनोद और कारपेंटर का काम करने वाले हरियाणा के जिला पंचकूला निवासी 33 वर्षीय हरदेव सिंह के रूप में हुई है।आरोपियों के खिलाफ 11 जुलाई 2025 को धारा 109,351(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 और आर्म्स एक्ट के तहत थाना 31 में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से एक पिस्टल और एक देसी कट्टा भी बरामद किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस जिला अदालत में पेश करेगी।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता दीप कॉम्प्लेक्स हल्लोमाजरा निवासी अमित जायसवाल ने पुलिस को बताया कि 10 जुलाई को रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने घर पहुंचा और उसकी मां ने उसे बताया कि किसी ने उनके घर के बाहर पटाखें जलाए है। रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। देर रात लगभग 12 बजकर 50 मिनट पर उन्होंने गोलीबारी की आवाज सुनी।इस पर वह अपने कमरे से नीचे आया और अपने मुख्य द्वार से गली की ओर देखा एक नकाबपोश युवक ने उनके घर की ओर गोलीबारी शुरू कर दी।जब वह चिल्लाया तो नकाबपोश ने उसे जान से मारने की नीयत से उसकी तरफ गोली चला दी। जब वह अपने घर से बाहर आया तो उसने देखा कि दो युवक हथियारों के साथ उसके घर के खाली प्लॉट से भाग गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए दोनों शातिर आरोपियो को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राम दरबार निवासी विनोद के खिलाफ कई मामले दर्ज पाए गए।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी विनोद के खिलाफ थाना 31में धारा 323,506,34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज। पंजाब के जिला मोहाली में धारा 323,341, 148, 324, 149, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज। थाना 31 में धारा 13ए-3-67 की एक्ट ,पंजाब के जिला मोहाली में धारा 323, 324, 506, 341, 148, 149, 201, थाना 31 में धारा 13-3-67 जी एक्ट, थाना 31 में धारा 435, थाना 31 में धारा 147, 148, 149, 323, 34, 506, 68/27 अप्रैल 2022, धारा 341, 435 आईपीसी एंड 25-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज पाया गया है।जबकि आरोपी हरदेव सिंह के खिलाफ कोई मामला नहीं पाया गया। जानकारी के अनुसार थाना 31 पुलिस ने हाल ही में राम दरबार में हुए मर्डर मामले में फरार हुए तीन आरोपियों को 10 घंटे के अंदर तेजधार हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया था। मामले को सुलझा लिया था।इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाया है।और रिकवरी भी की।

### आलाधिकारी इंस्पेक्टर समेत उनकी टीम कर सकते हैं सम्मानित



थाना 31 पुलिस की टीम ने हाल ही में हुए मर्डर मामले को 10 घंटे के अंदर, जबकि हत्या के प्रयास के मामले को पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया ।थाना पुलिस द्वारा इससे पहले भी एरिया में नशा तस्करों, वाहन चोरी, घरों में चोरी, लूटमार और स्नैचिंग और अन्य वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया है ।जिसके चलते चंडीगढ़ पुलिस प्रशासन सम्मानित कर सकता है। ताकि और भी पुलिसकर्मियों के हौसले बुलंद हो। वही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार का कहना है कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते एरिया में लगातार पेट्रोलिंग और अलग अलग जगहों पर नाके लगाए जा रहे है। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। अगर किसी भी अपराधी ने एरिया में गुंडागर्दी, खासतौर पर नशे की सप्लाई, जुआ, सट्टा,शराब की तस्करी या फिर किसी भी अपराधिक वारदात को अंजाम दिया तो पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# बरसातों में गिरने वाले कचरे से रिसाव वाला लीचेट अब इकट्ठा नहीं होगा

डंपिंग ग्राउंड के साथ लगाये जायेंगे छायादार पेड़

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** डंपिंग ग्राउंड में बरसातों में गिरने वाले मिक्स कचरे से रिसने वाला लीचेट एकत्र होकर अब वहां जमा नहीं होगा। पहले इसके आसपास के क्षेत्र में बहने की समस्या रहती थी। अब डंपिंग ग्राउंड में लगे लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीट होगा। वहां से इसे डिग्गियां के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में ले जाया जायेगा।

इसकी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में बीओडी कम की जायेगी, जो कि टर्शरी वाटर के तौर पर पार्कों में प्रयुक्त होगा। अभी भी शहर में डिग्गियां के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से 10 एमजीडी टर्शरी वाटर पार्कों की सिंचाई के लिए प्रयुक्त किया जा रहा है।

### हराभरा हो जायेगा निकटवर्ती क्षेत्र

पौधे लगाये जाने से कुछ सालों में डंपिंग ग्राउंड के आसपास का इलावा हरा-भरा होगा, बल्कि डंपिंग ग्राउंड में कनेक्शन भी हो चुका है। टर्शरी वाटर से डंपिंग ग्राउंड में लगाये जाने वाले पौधों को पानी दिया जायेगा। फिलहाल शुरुआत तो अच्छी है, किंतु अमली जामा पहनने तक क्या होगा, कुछ भी कहना मुश्किल है। यदि यह स्कीम कामयाब हो जाती है, तो यहां के स्थानीय लोगों की सेहत और समृद्धि में काफी सुधार भी हो सकता है ऐसी संभावना है।

### निगम ने लगाया टेंडर

इसके लिए नगर निगम के पब्लिक हेल्थ विंग ने 12 और 18 इंच की पाइन लाइन बिछाने के लिए 99 लाख 23 हजार का टेंडर लगा दिया है। इसकी टेक्निकल बिड आगामी 17 जुलाई को खोली जायेगी। इसमें योग्य कंपनियों की फाइनेंशियल बिड खोली जायेगी। इसमें लोएस्ट वन रहने वाली कंपनी को टेंडर अलाट किया जायेगा। वहीं कंपनी के लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट से मौजूदा सीवर लाइन तक पाइन लाइन बिछाने का काम करेगी। लाईनें बिछने से डंपिंग ग्राउंड से ट्रीट होकर लीचेट वाटर प्रतिदिन सीवर लाइन के जरिये सीवर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने लगेगा सीवर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने लगेगा। इसके बाद डंपिंग ग्राउंड में लीचेंट वाटर जमा रहने की समस्या खत्म हो जायेगी।

### पर्यावरण के लिए लगेंगे 32 हजार पौधे


उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़ नगर निगम की तरफ से पौधारोपण अभियान की शुरुआत आगामी 16 जुलाई से की जायेगी। नगर निगम की तरफ से डंपिंग ग्राउंड में इस दौरान 32 हजार पौधे लगाये जायेंगे। इनमें से 11 हजार पौधे डंपिंग ग्राउंड की दीवार के साथ-साथ गांव डड्डूमाजरा साइट 3 लेयर में लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 21 हजार पौधे कंपोस्ट प्लांट के साथ की जमीन पर भी लगाये जायेंगे। प्लांट के पास की जमीन 18 एकड़ है। इस पौधों में अधिकांश छायादार पौधे लगेंगे। एमसी ने 5 साल तक डंपिंग ग्राउंड की 15 एकड़ जमीन पर पौधे लगाने की योजना तैयार कर ली है। ऐसा डंपिंग ग्राउंड में लगने वाले इंटेग्रेटिड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की एनवायरमेंट क्लीयरेंस देते समय क्लास लगी है। इसके लिए निगम को सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से फंड मिलेगा। इससे डंपिंग ग्राउंड के निकटवर्ती क्षेत्र में स्प्रिंकलर व्हीकल की तैयारी की जायेगी, ताकि पास के रिहायशी क्षेत्र में डस्ट न जाने पाये। इन पौधों पर लगने वाली डस्ट को भी स्प्रिंकलवर व्हीकल से धोना होगा। वहीं डंपिंग ग्राउंड में प्रवेश करने वाले इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदे जायेंगे, ताकि पॉल्यूशन कम हो सके।

# तेज धूप के बाद लोग शुक्रवार को पसीने से तरबतर

सुखना का जलस्तर खतरे के निशान से करीब आधा फीट दूर

मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी बारिश का अलर्ट जारी किया

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी बारिश का अलर्ट जारी किया था लेकिन शहर व ट्राईसिटी में शुक्रवार सुबह की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई। लोग दिन में पसीने से तरबतर दिखे। उधर, सुखना लेक का जलस्तर खतरे के निशान से महज .60 फीट दूर है। अगर शुक्रवार को बारिश होती है तो लेक के फ्लड गेट खोलने पड़ सकते हैं। चंडीगढ़ के लिए सुखना लेक का बढ़ता जलस्तर चिंता का विषय है। वीरवार को इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों की टीम ने लेक का दौरा किया और पाया कि जलस्तर 1162.40 फीट तक पहुंच गया है। यह खतरे के निशान 1163 फीट से महज 0.60 फीट ही दूर है। आमतौर पर 1163 फीट पर फ्लड गेट खोल दिए जाते हैं। हालांकि 1162.80 फीट पर भी गेट खोलने पर विचार किया जा सकता है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार को बारिश हो सकती है।

सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप खिली। सुबह के समय आसमान पर हल्के बादल छाए हुए थे। दिन चढ़ने के साथ बादल छंट गए और तेज धूप निकल आई। वीरवार को न केवल शहर में बल्कि पूरे ट्राईसिटी में अच्छी खासी बारिश हुई और दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। चंडीगढ़ में हालांकि, ऑरेंज अलर्ट के बीच 10 मिलीमीटर से भी कम बारिश दर्ज की गई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। वहीं, सुखना लेक का जलस्तर खतरे के निशान से महज .60 फीट दूर रह गया है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस मानसून सीजन में अब तक कुल 46.7 प्रतिशत बारिश हुई है, जबकि एक सप्ताह पहले यह आंकड़ा लगभग 67 प्रतिशत था। इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रही है, जिससे बारिश का कुल आंकड़ा भी कम होता जा रहा है। पिछले 24 घंटों में शहर में 9.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। वीरवार की सुबह हुई बारिश से गर्मी और उमस से राहत मिली, जिससे मौसम सुहाना बना रहा। हालांकि, दोपहर करीब 2 बजे के करीब तेज धूप निकल आई जिससे एक बार फिर लोगों को गर्मी और उमस का अहसास हुआ। शाम को सूर्यास्त के बाद ही कुछ राहत महसूस हुई।

### जलस्तर पर लगातार निगरानी

पहाड़ों पर हो रही लगातार और तेज बारिश के कारण सुखना का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार जलस्तर 1163 फीट के पार पहुंच रहा है, जिसके कारण फ्लड गेट खोलने पड़ते हैं। प्रशासन का इंजीनियरिंग विभाग सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से झील के जलस्तर पर लगातार निगरानी रख रहा है। अब अगर पहाड़ों पर एक भी दिन और तेज बारिश हुई तो सुखना के फ्लड गेट खोलने पड़ सकते हैं, जिससे निचले इलाकों में पानी छोड़े जाने की आशंका रहेगी।

सम्पादकीय

# सोशल मीडिया बना रहा संवेदनहीन, सचेत होना होगा

आखिर आंखें खोल देने के लिए इससे बड़ी वारदातें और क्या होंगी, जब युवती और एक प्रिंसिपल की जान आज के संवेदनहीन हो चुके समाज में दो अलग-अलग घटनाक्रमों में खत्म हो गई। आज का समाज रियल लाइफ को खत्म कर रील लाइफ को अपना चुका है। किसी जमाने में कहते थे कि सिनेमा समाज को बिगाड़ रहा है, वह ऐसी-ऐसी बातें सामने लेकर आता है, जोकि लोगों को सीख देती हैं। वे अपराध सीखते हैं, बुराई करना और उसे छिपाना सीखते हैं। हालांकि आज हर हाथ में मोबाइल फोन है, तब मानव मस्तिष्क शुष्क हो चुके हैं और प्रत्येक बस अपनी ही दुनिया में रमा रहना चाहता है। गुरुग्राम में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यह कितना अजीब है कि एक पिता इस बात से नाराज था कि उसकी बेटी टेनिस एकेडमी के जरिये आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खड़ी हो चुकी है। यह भी सुनने को आता है कि वह उसी बेटी के रील बनाने से खफा था और उसने उसे तीन गोलियां मारकर हमेशा के लिए खामोश कर दिया। अगर आज फोन को खंगालें तो लगभग हर दूसरे घर में रील बनाकर उसे वायरल करने का जुनून सवार है। गुरुग्राम में पिता के द्वारा अपनी टेनिस खिलाड़ी बेटी की हत्या महज एक अपराध नहीं है। आजकल सोशल मीडिया पर किसके कितने ज्यादा फॉलोअर हैं और उससे कितनी ख्याति है, यह बात भी घर के लोगों को ही परेशान करने लगी है और ऐसे अपराधों में संलिप्त हो रहे हैं। रील का यह मायाजाल न केवल पारिवारिक निकटता खत्म कर चुका है, अपितु संवेदनहीनता का ऐसा आवरण भी पैदा कर चुका है, कि जो कोई भी इसे ओढ़ता है, वही अपने आप और समाज से दूर हो जाता है। हालांकि बेशक, सोशल मीडिया का मतलब समाज से जुडऩा है, लेकिन हकीकत इसके एकदम उलट है।

**गौरतलब है कि बीते दिनों मीडिया में एक और खबर चर्चित रही थी, जब एक पति ने पत्नी के लगातार रील बनाने में ही व्यस्त रहने की वजह से सुसाइड की कोशिश की थी। उसका कहना था कि पत्नी उसके लिए इतना भी समय नहीं निकालती कि बैठकर बात कर सके। निश्चित रूप से ऐसी शिकायतें आजकल हर घर में हैं। एक घर के सभी लोगों के पास मोबाइल फोन हैं और वे दिन-रात उसी में उलझे रहते हैं। क्या वास्तव में ही मोबाइल फोन में उलझे रहना किसी को कुछ देता है। लोग खुद को कंटेंट क्रिएटर कहलाना पसंद कर रहे हैं, लेकिन कंटेंट को क्रिएट करने में वे कैसी-कैसी हरकतें कर रहे हैं और अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा को किस प्रकार जोखिम में डाल रहे हैं, क्या यह सब चिंता जनक नहीं है। बीते दिनों ही चंडीगढ़ में सुखना लेक पर एक युवक रील बनाने के चक्कर में उलट बाजी करते हुए सिर के बल कंक्रीट के फर्श पर गिर गया था, इससे वह बेहोश हो गया और कुछ देर बाद उसे होश आया।**

गौरतलब है कि बीते दिनों मीडिया में एक और खबर चर्चित रही थी, जब एक पति ने पत्नी के लगातार रील बनाने में ही व्यस्त रहने की वजह से सुसाइड की कोशिश की थी। उसका कहना था कि पत्नी उसके लिए इतना भी समय नहीं निकालती कि बैठकर बात कर सके। निश्चित रूप से ऐसी शिकायतें आजकल हर घर में हैं। एक घर के सभी लोगों के पास मोबाइल फोन हैं और वे दिन-रात उसी में उलझे रहते हैं। क्या वास्तव में ही मोबाइल फोन में उलझे रहना किसी को कुछ देता है। लोग खुद को कंटेंट क्रिएटर कहलाना पसंद कर रहे हैं, लेकिन कंटेंट को क्रिएट करने में वे कैसी-कैसी हरकतें कर रहे हैं और अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा को किस प्रकार जोखिम में डाल रहे हैं, क्या यह सब चिंता जनक नहीं है। बीते दिनों ही चंडीगढ़ में सुखना लेक पर एक युवक रील बनाने के चक्कर में उलट बाजी करते हुए सिर के बल कंक्रीट के फर्श पर गिर गया था, इससे वह बेहोश हो गया और कुछ देर बाद उसे होश आया। सोशल मीडिया पर फेमस होने की चाह में लोग ऐसा कुछ कर रहे हैं, जिससे दूसरों को भी गलत संदेश जा रहा है।

हरियाणा के नारनौंद से एक और दुखद खबर है, जब एक स्कूल प्रिंसिपल की उसके स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों ने हत्या कर दी। बताया गया है कि प्रिंसिपल सख्त अनुशासन प्रिय थे और छात्रों को संयम और अनुशासन का पाठ देते थे। इससे नाराज होकर दोनों छात्रों ने उनकी हत्या कर दी और बाद में सोशल मीडिया पर रील बनाकर गाली-गलौज करते हुए अपने किए को जायज ठहराया। आखिर यह कहां के संस्कार हैं। यह सब इन बच्चों ने कहां से सीखा है। आखिर उन्हें ऐसा अपराध अंजाम देने को किसने प्रेरित किया और कैसे उन्होंने यह अंदाजा लगा लिया कि उनकी समस्या अगर वह है तो उसका समाधान उन बुजुर्ग प्रिंसिपल की हत्या करना ही है। क्या यह सब उसी सोशल मीडिया का करा-धरा नहीं है, जोकि आजकल हमारे सिर चढ़कर बोल रहा है। रील का यह संसार हमारी चेतना, बुद्धि, रचनात्मकता, संवेदना, सरलता, सद्आंकाक्षा, हमारे वर्तमान-भविष्य सभी को क्षतिग्रस्त करता जा रहा है। बेशक, सोशल मीडिया का सकारात्मक पक्ष भी है, इसने समाज को जागरूक किया है और समझ एवं शिक्षा का उत्थान किया है। लेकिन अति सर्वत्र वर्जयते। सोशल मीडिया इस समय एक अनियंत्रित अस्त्र हो चुका है, जोकि हमारी पीढ़ी की सोच और उसके संस्कारों को दूषित करता जा रहा है। मनोवैज्ञानिक मान रहे हैं कि मोबाइल फोन के बहुत ज्यादा प्रयोग ने इंसान के सोचने-समझने की शक्ति पर कुप्रभाव डाल दिया है, जो देखा वही किया, जो सुना वही किया। जो पढ़ा वही किया। अपनी तरफ से अच्छे-बुरे का औचित्य समझने का कोई अवसर नहीं रह गया है। निश्चित रूप से स्वविवेक को धारण करना आवश्यक है और इसके लिए जागरूक लोगों को काम करना होगा, बेशक यह बेहद मुश्किल काम है, लेकिन प्रयास जारी रखने होंगे।

# सपने, अब होंगे अपने

दैनिक अर्थ प्रकाश

स्पिरिचुअल हीलर

**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**



*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*

जीवन में हर व्यक्ति सफल होना चाहता है। जो कदरन कम सफल है, वह सफलता के सपने देखता है, अमीरी के सपने देखता है, खुशियों से भरपूर जीवन के सपने देखता है। सपनों से प्रेरणा मिलती है और आदमी कुछ कर दिखाता है। सपने देखना अच्छी बात है, कल्पनाशील होना अच्छी बात है, आगे बढ़ने की तमन्ना रखना अच्छी बात है। जानवर ताकतवर होते हैं, पर वे आगे बढ़ने के सपने नहीं देखते, उनकी सारी जद्दोजहद खुद को बचाए रखने और भूख लगने पर भोजन की प्राप्ति तक सीमित है। हम अपनी कल्पना के कारण शेर को जंगल का राजा कहते हैं, वरना किसी शेर के मन में कभी इच्छा नहीं हुई कि वह पूरे जंगल पर राज करे। जबकि मनुष्य आगे बढ़ने के सपने देखता है और उसके लिए जुगत भिड़ाता है। मानव जीवन की यही खासियत उसे अन्य सभी जीवों से अलग करती है। अक्सर हम इस बात से चिंतित होते हैं कि हममें आवश्यक गुण नहीं जो हमें आगे बढ़ने में सहायक हों, मसलन, शिक्षा की कमी, संपर्कों की कमी, धन की कमी, व्यवहारकुशलता की कमी, हमारी सफलता की राह में रोड़े बनते हैं। इतिहास ने सिद्ध किया है कि ये सभी गुण महत्वपूर्ण हैं और सफलता में सहायक होते हैं लेकिन इनकी कमी कोई ऐसी बड़ी कमी नहीं है जो हमें सचमुच सफलता से वंचित रख सके। कम शिक्षित लोग अपने दम पर धनपति बने हैं, साधनहीन लोग अपने दम पर धनी बने हैं और ऐसे लोग जिनके आसपास का सारा माहौल उनके खिलाफ था, अपने दृढ़ इरादों के कारण सफल बने हैं। इन सब में एक खासियत अवश्य थी, और वह थी ङ्क पक्का इरादा, विपरीत स्थितियों से घबराये बिना अपने सपने पूरे करने की लगन। यह एक ऐसा अकेला गुण है जो हमारी शेष सभी कमियों पर पार पा सकता है।बस हमें एक अतिरिक्त बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है। और वह है, हमारे सपनों का आकार, हमारी इच्छाओं का आकार, हमारी महत्वाकांक्षा का आकार। ''दिल है छोटा-सा, छोटी-सी आशा, आसमानों को छूने की आशा'' की तर्ज पर यदि हम आसमानों को छूने की आशा पाल लें तो सचमुच आसमानों को भी छू सकते हैं!

आइये, इस पर ज़रा विस्तार से बात करें। क्या आपका सपना है कि आपकी एक दुकान हो, उसमें खूब-सा सामान हो और खूब ग्राहक आयें और इतनी बिक्री हो कि आपका जीवन सुखमय हो जाए, या आपका सपना है कि आपके पास ऐसी दुकानों की शृंखला हो जहां खूब सामान हो, खूब ग्राहक आयें और इतनी बिक्री हो कि आप मालामाल हो जाएं? आप सिर्फ एक उद्यमी होना चाहते हैं या फिर आप एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के मालिक होना चाहते हैं? आपके सपनों का आकार आपकी सफलता के आयाम निश्चित करेगा। याद रखिए, किसी कंपनी दस, बीस, पचास या सौ शाखाओं को चलाने में जितनी मेहनत, ऊर्जा और समय की आवश्यकता होती है, उसकी एक ही शाखा को चलाने में भी उतना ही प्रयत्न लगता है।अब इसी बात को ज़रा दूसरे ढंग से कहते हैं। दो दशक पहले तक भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियां विदेशों से, खासकर, पश्चिमी देशों से आती थीं। अब बहुत सी भारतीय कंपनियां भी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हैं। बीकानेरी भुजिया पहले सिर्फ बीकानेर से ही मिलता था, आगरे का पेठा सिर्फ आगरा में होता था, रोहतक की रेवड़ी लेने के लिए रोहतक जाना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय नहीं बदला है, सोच बदली है। सोच बदलने से यह संभव हो सका है कि विभिन्न भारतीय कंपनियों के मालिकों ने इन्हें देश भर में फैलाया और विदेशों में भी पैर जमाए। सपना होगा तो प्रयत्न होगा, और सपना बड़ा होगा तो फल भी बड़ा होगा क्योंकि तब प्रयत्न भी वैसा ही होगा।

ध्यान रखिए कि सपनों और दिवा-स्वप्न में बड़ा अंतर होता है। सपना वह होता है जो आपके दिल का चैन उड़ा दे, आपकी रातों की नींद उड़ा दे और आपको सपने की पूर्ति के लिए प्रयत्न की प्रेरणा दे, जुगाड़ लगाने के तरीके सोचने पर मजबूर कर दे। सपना आपको काम पर लगने के लिए प्रेरित करता है, समय-समय पर काम की प्रगति की समीक्षा की प्रेरणा देता है, आवश्यकता होने पर योजना में



बदलाव अथवा सुधार की प्रेरणा देता है। दिवा-स्वप्न, इसके विपरीत, निठ्ठले की कल्पना है क्योंकि उसके साथ प्रयत्न नहीं जुड़ा है।

सर एडमंड हिलैरी ने एवरेस्ट विजय का सपना देखा, तो अपने शरीर को पहाड़ों की चोटियों के मौसम के अनुरूप ढाला, सर्दी की बर्फीली हवाओं को सहने की क्षमता विकसित की, तूफानों में जीवित रहने की कोशिश करना सीखा और फिर एवरेस्ट की यात्रा आरंभ की। बीच में कठिनाइयां आईं, बर्फीले तूफान आये, लेकिन वे उनके लिए तैयार थे। इसीलिए वे एवरेस्ट विजय कर पाये। वे कोई सैर करने नहीं निकले थे कि सैर करते हुए अचानक एवरेस्ट की चोटी पर जा पहुंचे। एवरेस्ट विजय का उनका सपना ही उनकी सफलता का कारण बना। यदि वे एवरेस्ट विजय का सपना ही न देखते तो प्रयत्न ही न करते। प्रयत्न ही न होता तो विजय भी न होती। लेकिन यहां सपने के साथ योजना जुड़ी थी, कर्म जुड़ा था।

अक्सर लोग वक्त की कमी को अपनी सफलता का सबसे बड़ा रोड़ा मानते हैं। वक्त न होने का रोना रोने का एक ही मतलब है कि आप व्यवस्थित नहीं हैं। आप सैर न करने वाले लोगों से पूछ कर देखिए, वे सभी आप को बताएंगे कि उनके पास सैर का वक्त ही नहीं होता, जबकि सैर करने वालों की दिनचर्या उनसे कहीं ज्यादा व्यस्त हो सकती है। वक्त बनाने के लिए खुद को व्यवस्थित करना होता है, अपना आलस्य छोडऩा होता है। सफलता आसान नहीं होती। सफलता अपनी कीमत मांगती है। सफलता आपकी सारी ऊर्जा चाहती है, सारा ध्यान चाहती है। निकम्मा आदमी किसी काम का नहीं। जो आदतन परजीवी बने रहते हैं, दूसरों की मदद के तलबगार बने रहते हैं, वे ही असफल होते हैं।

सपनों की पूर्ति के लिए काम करते समय कुछ घबराहट का होना, थोड़ा-बहुत डर, सामान्य सी बात है। और यह वस्तुतः अच्छा है क्योंकि संयमित डर के कारण हम सभी आवश्यक सावधानियां बरतते हैं जिससे असफलता की आशंका कम हो जाती है। मैं इसे संयमित डर कहता हूं क्योंकि अत्यधिक डर आपको अपंग बना देता है, और अति-विश्वास आपको ऐसे जोखिम में डाल सकता है कि आप कठिनाइयों के जाल में घिर जाएं। संतुलित डर और आत्मविश्वास का मेल आपकी सफलता को सुनिश्चित करता है क्योंकि वह आपके इरादे को पक्का करता है और आरंभिक छोटी-बड़ी कठिनाइयों और असफलताओं से घबराये बिना आगे चलने की प्रेरणा देता है। यही हमारी सफलता का राज़ है। इसीलिए मैं दोहरा कर कहता हूं कि सफलता का सबसे बड़ा कारक है पक्का इरादा और विपरीत स्थितियों में भी अपना सपना सच करने की लगन। तो आइये, सपने देखें, बड़े सपने देखें और सफल होकर दिखाएं।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### डिपू होल्डर पर उपभोक्ताओं को तंग किए जाने का आरोप

चंडीगढ़। यहां राम दरबार में राशन के एक डिपू मालिक जो किसी राजनैतिक पार्टी से संबंधित भी है पर उपभोक्ताओं द्वारा आरोप लगाया गया है कि सभी कायदे कानूनों को ताक पर रखकर अपनी नेता गिरी का नाजायज फायदा उठाते हुए उन्हें राशन बांटने में मनमानी बरतता है जिस वजह से यहां के उपभोक्ता बेहद परेशान है। काफी संख्या में उपभोक्ताओं ने हमारे कार्यालय में पहुंचकर इस संबंध में अपनी परेशानी व्यक्त की। उपभोक्ताओं के अनुसार यह डिपू-मालिक अलबता तो समय पर राशन देता ही नहीं और यदि देता भी है तो पहले पहल उपभोक्ता से राशन के पैसे वसूल कर राशन की जगह मात्र एक छोटी सी पर्ची ही थमा देता है कि दस पन्द्र दिन बाद राशन आएगा। तब यह पर्ची दिखाकर राशन ले जाना। राशन की जगह मिली छोटी सी पर्ची उपभोक्ता की दस पन्द्रह दिन तक जाने से भी बढ़कर संभाल कर रखनी पड़ती है। क्योंकि यदि पर्ची गुम हो जाए तो उन्हें राशन नहीं मिलता। इसके अलावा इन उपभोक्ताओं ने अपने राशन कार्ड दिखाते हुए बताया कि यह डिपू मालिक राशन कार्डों में राशन लिए जाने की तारीख दर्ज नहीं करता- मात्र महीना ही दर्ज करता है। इन उपभोक्ताओं का यह भी आरोप है कि अनुसूचित जाति का होने का यह डिपू मालिक नाजायज फायदा उठा रहा है। इसके अनुसार उच्चाधिकारियों को यह डिपू मालिक अक्सर उपभोक्ताओं पर आरोप लगाते हुए लिख भेजता है कि चूंकि वह अनुसूचित जाति से है अतः लोग उससे राशन लेना पंसद नहीं करते। इस सिलसिले में इन उपभोक्ताओं का प्रश्न है कि क्या वह अनुसूचित जातियों से संबंधित नहीं है? यहां रहने वाले अधिकांश लोग अनुसूचित जाति, जनजातियों से ही संबंधित है। इन उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि कुछ दिन पहले एक सहायक खाद्यआपूर्ति अधिकारी जांच के लिए यहां आया था जोकि जांच करने की जगह उल्टे उपभोक्ताओं को धमका कर चला गया कि यदि इस डिपू-मालिक से राशन लेना हो तो लो वरना न लो। तुम्हारे राशन कार्ड कैंसिल कर दिए जाएंगे।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1690 | विलियम ऑफ ऑरेंज के नेतृत्व में प्रोटेस्टेंटों ने रोमन कैथोलिक सेना को पराजित किया। |
| 1704 | स्टानिस्लाव लेस्जसिन्स्की पोलैंड का राजा बनाया गया। |
| 1730 | लोरेन्जो कॉर्सिनी को पोप क्लेमेंस बारहवीं के रूप में चुना गया। |
| 1774 | कार्लिस्ले, पेनसिल्वेनिया के नागरिक, आजादी के प्रतीकात्मक घोषणापत्र को पास किया। |
| 1794 | होरैतियो नेल्सन कोर्सिका में काल्वी में एक ब्रिटिश सेना के ऑपरेशन में अपनी दाहिनी आंखों में दृष्टि खो दी। |
| 1801 | अल्जीसिरास की लड़ाई में ब्रिटेन ने फ्रांस और स्पेन को पराजित किया। |
| 1801 | फ्रांसीसी क्रांतिकारी युद्धों-लाइन के ब्रिटिश रॉयल नेवीशिप के एक स्क्वाड्रन ने जिब्राल्टर के गट में स्पेनिश नौसेना और फ्रांसीसी नौसेना के जहाजों के एक बड़े स्क्वाड्रन को हराया। |
| 1801 | अलगेसिरस की दूसरी लड़ाई में ब्रिटिश सेना ने फ्रेंच और स्पेनिश सेना को हरा दिया। |
| 1812 | अमेरिका ने कनाडा पर विंडसर, ओन्टेरियो में आक्रमण किया। |
| 1843 | लैटर डे संत आंदोलन के संस्थापक जोसेफ स्मिथ, ने बहुविवाह की सिफारिश करने वाले एक खुलासे की घोषणा की। |
| 1862 | मेडल ऑफ ऑनर अमेरिकी कांग्रेस द्वारा अधिकृत था। यह संयुक्त राज्य अमेरिका का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। यह सैन्यकर्मियों को ही दिया जाता है। इसके तीन अलग-अलग संस्करण हैं। एक नौसेना के लिए है, एक सेना के लिए है और एक एयरफोर्स के लिए है। |
| 1874 | ओन्टारियो कृषि कॉलेज की स्थापना की गयी। |
| 1912 | 'क्वीन एलिजाबेथ' अमेरिका में प्रदर्शित होने वाली पहली विदेशी फिल्म बनी। |
| 1917 | विजिलेंस ने जबरन 1,300 हड़ताली खदान मजदूरों, उनके समर्थकों और बिसबे, एरिज़ोना, अमेरिका से न्यू मैक्सिको के निर्दोष दर्शकों को खदेड़ दिया। |
| 1918 | टोकायाम की खाड़ी में जापानी युद्धपोत में विस्फोट हुआ। जिसमें 500 लोगों की मौत हुई। |
| 1918 | जापानीबटलशिप कावाची की गोला बारूद पत्रिका में विस्फोट से 600 से अधिक अधिकारी और क्रू के लोग मारे गए। |
| 1920 | सोवियत-लिथुआनियाई शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे, सोवियतरसिया ने एक स्वतंत्र लिथुआनिया को मान्यता देने के लिए सहमति व्यक्त की थी। |
| 1935 | बेल्जियम ने कूटनीतिक रूप से सोवियत संघ को मान्यता दी। |
| 1939 | त्रिनिदाद और टोबैगो रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई। |

## बोल ब्यूटीफुल

**स्वाति मालीवाल:** एक 100 मीटर की सड़क बनती है तो चार नेता अपने नाम का बोर्ड लगवाने के लिए लड़ते है। जब वही सड़क टूट जाए या सड़क पर पानी भर जाए तो सब गायब दिखते है।



**हर्ष वर्धन त्रिपाठी:** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई। आधार कार्ड को भी पहचान मानने का सुझाव दिया। यह अच्छा है कि आने वाले समय में मतदाता सूची को आधार से लिंक किया जा सके और फर्जी आधार बनवाने वाले को जेल भेजा जाए। मामला सही दिशा में जा रहा है।

**आर के विज:** गुरुग्राम की तस्वीरे देखकर यही विचार आता है कि बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनाने से ही शहर अच्छे नहीं बन जाते, उसके लिए एक अच्छा ड्रेनेज सिस्टम भी विकसित करना होता है।

**मिन्हाज मर्चेंट:** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खंडू एकदम सही कह रहे है कि तिब्बत पर चीनी कब्जे से पहले तक भारत की सीमा चीन से नहीं गलती थी।

# 17 देशों की संसदों में संबोधन, 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान, विश्व मंच पर मोदी का जादू बरकरार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में भारत को एक नई ऊँचाई पर पहुंचा दिया है। जहां एक ओर उन्होंने अब तक 17 देशों की संसदों को संबोधित कर भारत की आवाज़ को विश्वमंच पर मुखर किया है, वहीं दूसरी ओर 27 देशों से प्राप्त सर्वोच्च नागरिक सम्मानों ने उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली नेताओं में स्थान दिला दिया है। यह उपलब्धियाँ केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति की उन्नति का प्रतिबिंब हैं।

प्रधानमंत्री मोदी का संसदों में संबोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों, दोनों के विधायी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक विरासत, आर्थिक दृष्टि और वैश्विक सहयोग की भावना को साझा किया। मोदी की ओर से अन्य देशों की संसदों में दिये गये संबोधन को याद करें तो उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद ऑस्ट्रेलिया, फिजी, भूटान, नेपाल की संसदों को संबोधित किया। साल 2015 में प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मॉरीशस की संसद को संबोधित किया। साल 2016 में उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। 2018 में प्रधानमंत्री ने युगांडा और 2019 में मालदीव की संसद में अपना संबोधन दिया। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस में अपना संबोधन दिया और इसके साथ ही वह उन कुछ चुनिंदा वैश्विक हस्तियों में शुमार हो गये जिन्हें दो बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने का गौरव हासिल हुआ है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 2024 में गुयाना और 2025 में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नामीबिया की संसद को संबोधित किया। खास बात यह है कि 2025 में तीन देशों की संसदों में प्रधानमंत्री का संबोधन एक सप्ताह के भीतर हुआ है जोकि अपने आप में एक और कीर्तिमान है। इन सभी संबोधनों में भारत ने ग्लोबल साउथ, संयुक्त राष्ट्र सुधार, आतंकवाद विरोध, जलवायु न्याय और डिजिटल समावेशन जैसे मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री को 27 देशों से मिले सर्वोच्च सम्मान पर गौर करें तो आपको बता दें कि उन्हें यूएई का "Order of Zayed", रूस का "Order of St. Andrew", अमेरिका का "Legion of Merit", फ्रांस का "Grand Cross of the Legion of Honour", सऊदी अरब का "King Abdulaziz Sash", बांग्लादेश का "Liberation War Honour" समेत अफ्रीकी और कैरिबियाई देशों से राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं। यह दर्शाता है कि भारत की सॉफ्ट पावर, अर्थव्यवस्था, लोकतंत्र और रणनीतिक संतुलनकारी भूमिका को विश्व स्वीकार कर रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति पारंपरिक 'गुटनिरपेक्षता' से आगे जाकर 'बहुध्रुवीय मित्रता' पर आधारित है। उन्होंने पश्चिमी शक्तियों से रिश्ते गहरे किए, लेकिन साथ ही अफ्रीका, मध्य एशिया, खाड़ी देशों और दक्षिण अमेरिका में नए रणनीतिक संबंध भी बनाए। मोदी की यह अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि भारत की उभरती शक्ति, विचारधारा और नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता है। उनका हर संसद में दिया गया संबोधन, हर प्राप्त सम्मान, भारत की लोकतांत्रिक आत्मा, विकासशील दृष्टिकोण और नैतिक शक्ति का प्रतीक है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 देशों की संसदों को संबोधित करना और 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करना, भारतीय विदेश नीति के इतिहास में एक अभूतपूर्व अध्याय है। यह दर्शाता है कि आज का भारत केवल सुनने वाला नहीं, बल्कि दुनिया को दिशा देने वाला देश बन चुका है। यह उपलब्धि भारतवासियों के आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और अंतरराष्ट्रीय भूमिका को सशक्त करती है।



इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व दौरों की चर्चा प्रायः उनकी रणनीतिक कूटनीति, वैश्विक नेतृत्व और द्विपक्षीय समझौतों के संदर्भ में होती है, किंतु इन यात्राओं में एक और विशेष पक्ष होता है जो चुपचाप भारत की आत्मा को विश्व के सामने प्रस्तुत करता है– वह है उनके द्वारा चयनित सांस्कृतिक उपहार। हम आपको बता दें कि हर दौरे में प्रधानमंत्री मोदी जिन विशिष्ट हस्तशिल्पों, कलाकृतियों और प्रतीकों को उपहार स्वरूप ले जाते हैं, वे केवल शिष्टाचार नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध परंपरा, बहुरंगी संस्कृति और आत्मनिर्भर कलात्मकता का परिचायक होते हैं। यह सांस्कृतिक कूटनीति भारत की सॉफ्ट पावर को सशक्त करने में निर्णायक भूमिका निभा रही है।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी जिन वस्तुओं को विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को भेंट करते हैं, वे भारत के अलग-अलग राज्यों, जनजातियों, परंपराओं और शिल्प कलाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के उपहार केवल भारत की कलाओं का प्रदर्शन नहीं, बल्कि संवाद का माध्यम भी हैं। प्रधानमंत्री के उपहार दर्शाते हैं कि भारत केवल तकनीक और व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता का जीवंत प्रतिनिधि है। इन उपहारों के चर्चित होने से संबंधित हस्तशिल्प की मांग और मूल्य दोनों बढ़ते हैं। इसके अलावा, 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' की नीतियों को सांस्कृतिक स्तर पर मजबूती मिलती है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी किसी देश की यात्रा पर जाते हैं, तो उनकी पहली प्राथमिकता होती है– वहाँ बसे भारतीय समुदाय से संवाद। यह मुलाकातें केवल भावनात्मक संबंधों का प्रदर्शन नहीं बल्कि नागरिक जुड़ाव का शक्तिशाली प्रतीक बन चुकी हैं। प्रवासी भारतीयों द्वारा अपने सांस्कृतिक प्रदर्शन, लोककला, संगीत और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से जो दृश्य निर्मित होता है, वह विश्व के सामने भारत की एकता में विविधता और सजीव परंपरा का संदेश देता है।

प्रधानमंत्री मोदी जब इन समुदायों से मिलते हैं, तो वह यह स्पष्ट करते हैं कि वे भारत के गौरव के वाहक हैं, वे भारत और दुनिया के बीच सांस्कृतिक पुल हैं और वे भारत की सॉफ्ट पावर के सशक्त स्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्रत्येक विदेश यात्रा में भारतीय समुदाय द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत, भजन, पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत, भाषणों में भारत माता की जय घोष, आदि केवल रस्म अदायगी नहीं होती, बल्कि ये दिखाते हैं कि भारत कहीं भी जाए, अपनी संस्कृति को जीवंत रखता है, भारत की परंपरा आधुनिकता के साथ सह-अस्तित्व में है और भारत की 'संवेदनशीलता' और 'संपर्क' की नीति भावनात्मक संबंधों पर आधारित है।

प्रधानमंत्री मोदी का भारतीय समुदाय से संवाद और प्रवासी भारतीयों का उनके समक्ष अपनी संस्कृति का प्रदर्शन, एक सशक्त और गहरा वैश्विक संदेश देता है कि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक संस्कार, विचार और परंपरा है, जो सीमाओं से परे जाकर भी जीवित रहती है। यह 'एक भारत, वैश्विक भारत' की संकल्पना को मजबूत करता है और दुनिया को बताता है कि भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभर रहा है जिसकी मूल्य आधारित कूटनीति, संस्कृति आधारित संवाद और नागरिक भागीदारी आधारित पहचान है।

बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय विदेश नीति को पारंपरिक निष्क्रियता से निकाल कर सक्रिय, निर्णायक और बहुआयामी कूटनीति का रूप दिया है। उनकी रणनीति केवल राजनयिक संवादों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने भारत को एक निर्णायक और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है।

### मुख्यमंत्री ने सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया

# सम्पर्क मार्गों की शीघ्र बहाली के दिए निर्देश

**क्षेत्र की लगभग सभी बड़ी सड़कों को खोल दिया गया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 11 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मण्डी जिला के तीन दिवसीय दौरे के दौरान सराज तथा नाचन विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया तथा भारी वर्षा और बादल फटने के कारण हुई क्षति का मौके पर जाकर जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मण्डी जिला के सुन्दरनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को बहाल करने के लिए तेजी से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उप-मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री पहले ही इन आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन क्षेत्रों की लगभग सभी बड़ी सड़कों को खोल दिया है तथा आपदाग्रस्त क्षेत्र के सम्पर्क मार्गों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि आपदा के पहले दिन से ही प्रभावित क्षेत्रों की सड़कों को खोलने के लिए 50 जेसीबी मशीनों को कार्य पर लगा दिया गया था। उन्होंने कहा कि चैलचौक, बगस्याड़, थुनाग, जंजैहली और छतरी तक सड़क को सीआरआईएफ में लाया जाएगा ताकि ये एक कम्पोजिट रोड़ बन सके। उन्होंने कहा कि थुनाग से जंजैहली तक सड़कें तथा पुलों को बहुत ही नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी इन्हें अस्थाई तौर पर बहाल किया गया है तथा इनकी बहाली के लिए पैसे की कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इन राहत एवं बचाव कार्यों के लिए अब तक सात करोड़ रुपये जारी किए हैं ताकि बहाली कार्यों में और तेजी लाई जा सके।

**प्रभावित परिवारों को प्रति माह किराया देगी राज्य सरकार**

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अगले दो दिनों में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी आपदाग्रस्त क्षेत्रों में रहेंगे तथा वहां राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवार यदि किराये के मकान में रहते हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 रुपये तथा शहरी क्षेत्रों में 10 हजार रुपये प्रति माह किराया राज्य सरकार देगी। उन्होंने कहा कि मण्डी जिला के धर्मपुर क्षेत्र में भी भारी वर्षा से काफी नुकसान हुआ है तथा विधायक चन्द्रशेखर लोगों को राहत एवं बचाव कार्यों में दिन-रात पूरी मदद कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में अप्रत्याशित नुकसान हुआ है व सरकार तथा जिला प्रशासन द्वारा दिन-रात प्रभावित परिवारों को राहत एवं अन्य सामग्री प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से पशुधन, फसलों तथा सब्जियों को भी बहुत नुकसान हुआ है। राज्य सरकार प्रभावित परिवारों को कपड़े खरीदने तथा पशुधन क्षति के लिए मुआवजा देगी। राज्य सरकार अपने संसाधनों से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आपदाग्रस्त क्षेत्र में कई स्थानों पर लोगों की अपनी भूमि रहने योग्य नहीं है। वे इस बारे में केन्द्र सरकार से लोगों को वन भूमि देने के लिए अनुमति मांगेंगे ताकि प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर बसाया जा सके। उन्होंने प्रदेश के भाजपा सांसदों से आग्रह किया कि वे राज्य सरकार के इस प्रस्ताव को केन्द्र सरकार से अनुमति दिलवाने के लिए अपना सहयोग दें ताकि लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसाया जा सके।

# मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एम्स बिलासपुर में बस दुर्घटना के घायलों का कुशलक्षेम जाना

**घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की**

**मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन को घायलों का शीघ्र एवं बेहतरीन उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**मुख्यमंत्री के साथ ये रहे मौजूद**

मुख्यमंत्री के साथ तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, कांग्रेस नेता विवेक कुमार, पवन ठाकुर, संजीव गुलेरिया और गौरव शर्मा, उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**शाहतलाई, 11 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बिलासपुर जिला के नम्होल के समीप हुई बस दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों का कुशलक्षेम जानने के लिए एम्स बिलासपुर का दौरा किया।

उन्होंने घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों को प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन को घायलों का शीघ्र एवं बेहतरीन उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एम्स बिलासपुर में 32 घायल यात्रियों का इलाज चल रहा है, जबकि बस चालक को मार्कंड के नागरिक अस्पताल में भर्ती किया गया है। ज़िला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सुविधा और प्रभावितों को फौरी राहत राशि प्रदान की है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के 11 पदों के साक्षात्कार 30 को

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 11 जुलाई।** समेकित बाल विकास परियोजना कण्डाघाट के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार 30 जुलाई, 2025 को 11 बजे उपमण्डलाधिकारी कण्डाघाट के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कण्डाघाट ने दी।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वृत्त साधुपुल की ग्राम पंचायत तुन्दल के आंगनवाड़ी केन्द्र कल्होग, आंगनवाड़ी वृत्त गरू की ग्राम पंचायत वाकना के आंगनवाड़ी केन्द्र वाकना तथा आंगनवाड़ी वृत्त शारडाघाट की ग्राम पंचायत कनैर के आंगनवाड़ी केन्द्र रुगड़ा में एक-एक पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का भरा जाएगा।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वृत्त कण्डाघाट की ग्राम पंचायत सैंज के आंगनवाड़ी केन्द्र कोहारी, आंगनवाड़ी वृत्त कण्डाघाट की ग्राम पंचायत सिरीनगर के आंगनवाड़ी केन्द्र शापड़, आंगनवाड़ी वृत्त कण्डाघाट की ग्राम पंचायत सिरीनगर के आंगनवाड़ी केन्द्र सिरीनगर, आंगनवाड़ी वृत्त साधुपुल की ग्राम पंचायत बांजणी के आंगनवाड़ी केन्द्र थरोला, आंगनवाड़ी वृत्त चायल की ग्राम पंचायत नगाली के आंगनवाड़ी केन्द्र कनोड़ी, आंगनवाड़ी वृत्त चायल की ग्राम पंचायत हिन्नर के आंगनवाड़ी केन्द्र गौड़ा, आंगनवाड़ी वृत्त शारडाघाट की ग्राम पंचायत सतड़ोल के आंगनवाड़ी केन्द्र डबलोग तथा आंगनवाड़ी वृत्त सायरी की ग्राम पंचायत सायरी के आंगनवाड़ी केन्द्र निऊँ में एक-एक पद आंगनवाड़ी सहायिकाओं का भरा जाएगा।

उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता को इन पदों के लिए 28 जुलाई, 2025 सांय 05.00 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कण्डाघाट के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने कहा कि उपरोक्त पदों के लिए महिला उम्मीदवार सम्बन्धित आंगनवाड़ी केन्द्र के लाभान्वित क्षेत्र में प्रथम जनवरी, 2025 को सामान्य रूप से रह रहे परिवार से सम्बन्ध रखती है तथा उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उम्मीदवार के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों के लिए उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में उम्मीदवार को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा जारी एवं प्रतिहस्ताक्षरित आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने कहा कि आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आयु, उच्च शैक्षणिक योग्यता, दिव्यांग, विधवा, स्टेट होम अथवा बालिका आश्रम के इनमेट्स, बेसहारा, असहाय एवं परित्यक्ता, तलाकशुदा, जिनके पति पिछले 07 वर्षों से लापता हो, जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र संलग्न करना चाहिए। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के दिन इन सभी प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां भी अपने साथ लानी होंगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार बाल विकास परियोजना अधिकारी कण्डाघाट में सम्पर्क कर सकते हैं।

# नागरिकों को रजिस्ट्री के लिए अब केवल एक बार जाना होगा कार्यालय: सुक्खू

**मुख्यमंत्री ने राजस्व मामलों में पेपरलेस, प्रजेंसलेस और कैशलेस प्रणाली अपनाने पर दिया बल**

**'माई डीड', संशोधित जमाबंदी, ई-रोजनामचा और कारगुजारी पहल का शुभारम्भ किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 11 जुलाई।** नागरिकों को अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए केवल एक बार कार्यालय जाना होगा। वे किसी भी समय और कहीं से भी भूमि पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे, जिससे उनका समय और श्रम बचेगा। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां 'माई डीड' एनजीडीआरएस (नेशनल जेनरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम) पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ करते हुए कही। इस पहल से जमीन की रजिस्ट्री की प्रक्रिया को और अधिक सरल और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। बिलासपुर जिले की बिलासपुर सदर तहसील, जिला चम्बा की डलहौजी तहसील, जिला हमीरपुर की गलोड़ तहसील, जिला कांगड़ा की जयसिंहपुर तहसील, जिला कुल्लू की भूंतर, जिला मंडी की पधर तहसील, जिला शिमला की कुमारसेन, जिला सिरमौर की राजगढ़, जिला सोलन की कंडाघाट तहसील तथा जिला ऊना की बंगांणा तहसील में इस परियोजना का शुभारम्भ किया गया है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जमाबंदी, ई-रोजनामचा वाक्याती और कारगुजारी पहलों का भी शुभारंभ किया, ताकि राजस्व विभाग के कार्यों को और बेहतर बनाया जा सके और लोगों के लिए पंजीकरण व अन्य प्रक्रियाएं प्रक्रियाएं सरल व सुगम हो सकें।

उन्होंने कहा कि नई जमाबंदी का प्रारूप सरल हिंदी में तैयार किया गया है। इसमें अब उर्दू, अरबी और फारसी जैसी पुरानी भाषाओं को हटाया गया है ताकि आम लोग भूमि रिकॉर्ड को आसानी से समझ सकें। ई-रोजनामचा वाक्याती से पटवारियों को प्रतिदिन की गतिविधियों का डिजिटल रिकॉर्ड रखने में सुविधा मिलेगी, जबकि कारगुजारी प्रणाली से वे अपनी दैनिक हाजिरी ऑनलाइन लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से अब तहसीलदार भी अपने कार्यों की निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। जल्द ही ऑनलाइन म्यूटेशन रजिस्टर को भी इस पहल से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक का उपयोग सेवाओं को बेहतर बनाने, पारदर्शिता लाने और राजस्व सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ना है जो पेपरलेस, प्रजेंसलेस और कैशलेस हो ताकि लोगों को घर बैठे सरकारी सेवाएं सुनिश्चित हो सकें।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पारदर्शी और जवाबदेह शासन के लिए प्रतिबद्ध है और सरकारी कामकाज में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई सुधार किए गए हैं।

उन्होंने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन विभाग को निर्देश दिए कि राजस्व सेवाओं को अधिक प्रभावी और जन हितैषी बनाने के लिए विभिन्न डिजिटल मॉडयूल्स पर तेजी से कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने 10 दिनों के भीतर डिजिटल हस्ताक्षर युक्त जमाबंदी मॉडयूल तैयार करने के भी निर्देश दिए ताकि लोगों को 'फर्द' (भूमि रिकॉर्ड की प्रति) प्राप्त करने के लिए पटवारखानों के चक्कर न काटने पड़ें।

मुख्यमंत्री ने 15 दिनों के भीतर एक ऑनलाइन, पेपरलेस राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे लोग ऑनलाइन याचिकाएं दायर तथा समन व अपडेट डिजिटल माध्यम से प्राप्त कर सकें। इससे प्रक्रिया में तेजी आएगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने एनआईसी को यह भी निर्देश दिए कि 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन म्यूटेशन मॉड्यूल विकसित किया जाए और इसे जमाबंदी रिकॉर्ड से सीधे जोड़ा जाए, जिससे म्यूटेशन पंजीकरण की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे इन सभी पहलों को ज़मीनी स्तर पर सक्रिय रूप से लागू करें ताकि लोग इन डिजिटल सेवाओं का पूर्ण लाभ उठा सकें। उन्होंने विशेष रूप से उन मामलों में जहां भूमि एक से अधिक लोगों के संयुक्त नाम पर है के लिए 'खान्गी तकसीम' को मिशन मोड में अपनाने के भी निर्देश दिए।

# शूलिनी विश्वविद्यालय में एआईआईसी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 11 जुलाई।** योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर्स एंड डेटा साइंसेज (वाईएसएआईसीडीएस) द्वारा आयोजित एप्लाइड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इनोवेशन (एएआईआईसी) पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आज शूलिनी विश्वविद्यालय में शुरू हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में दुनिया भर के शिक्षा जगत और उद्योग जगत के विशेषज्ञ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए। वाईएसएआईसीडीएस के सहायक प्रोफेसर डॉ. पीयूष सेवल ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया । इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. वीरेंद्र रिहानी ने उद्योग और शिक्षा दोनों में एआई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। एएआईआईसी 2025 के कुलाधिपति और मुख्य संरक्षक, प्रो. पी.के. खोसला ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि एआई की सभी क्षेत्रों में अत्यधिक मांग है और यह सम्मेलन विशेषज्ञों को एआई तकनीकों का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं पर एक साथ काम करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।

शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. अतुल खोसला ने कहा कि यह सम्मेलन प्रौद्योगिकी, विज्ञान और सामाजिक आवश्यकताओं को मिलाकर एआई के प्रति एक अंत:विषय दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। उन्होंने आगे कहा कि एआई शूलिनी विश्वविद्यालय की कई गतिविधियों का केंद्रबिंदु है और संस्थान भारत और उसके बाहर एआई-आधारित समाधान विकसित करने में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। शूलिनी विश्वविद्यालय में नवाचार और शिक्षण निदेशक और एएआईआईसी 2025 के संरक्षक, प्रो. आशीष खोसला ने कहा कि शूलिनी एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहा है जहाँ शोधकर्ता, उद्योग जगत के पेशेवर और छात्र सार्थक एआई परियोजनाओं पर एक साथ काम कर सकें। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और सम्मेलन की थीम अध्यक्ष डॉ. मंजू खारी ने एएआईआईसी 2025 के मुख्य लक्ष्यों और सहयोगात्मक प्रकृति के बारे में बताया। उनके साथ चारोतार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के.के. पटेल भी शामिल हुए, जो थीम अध्यक्ष भी हैं। दोनों ने एआई अनुसंधान और विकास में टीम वर्क की आवश्यकता के बारे में बात की।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों के कई मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। इनमें डॉ. संजय मिश्रा (यूनिवर्सिडाड डी अल्काला, नॉर्वे), डॉ. शैलेंद्र राठौर (एबर्टे विश्वविद्यालय, यूके), डॉ. येरज़ान केरिंबेकोव (ज़ानिबेकोव विश्वविद्यालय, कज़ाकिस्तान), डॉ. लौरा बैतोकायेवा (नज़रबायेव बौद्धिक विद्यालय, कज़ाकिस्तान) और डॉ. टॉमस चेक (पालाकी विश्वविद्यालय, चेक गणराज्य) शामिल थे।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के उद्योग प्रमुख, अपूर्व अग्रवाल और रजित सिक्का ने भी व्यवसाय में एआई की भूमिका पर बात की। उनके सत्रों में इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि वर्तमान में स्वचालन, विनिर्माण और उद्यम प्रणालियों जैसे क्षेत्रों में एआई का उपयोग कैसे किया जा रहा है।

# ढालपुर में लगेगा सुंदर फव्वारा, निर्माण कार्य शुरू, विधायक सुंदर का बताया जा रहा सपना

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 11 जुलाई।** ढालपुर के प्रदर्शनी मैदान में आम जनता व पर्यटकों को आकर्षित करेगा। इस फवारे का निर्माण कार्य प्रदर्शनी मैदान में शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि विधायक सुंदर ठाकुर का सपना है कि ढालपुर को सुंदर बनाया जाए। इससे पहले यहां सीनियर सिटीजन के लिए बैठने के लिए एक सुंदर स्थल का निर्माण हो चुका है और इस स्थल के इर्दगिर्द एक स्लेटनुमा सुंदर दीवार भी निर्मित हो चुकी है

जहां लोग आराम करने बैठते हैं। यही नहीं यहां ढालपुर मैदान में हाईमास्क लाइटें भी स्थापित हो चुकी है। जिससे अब पूरा कुल्लू शहर रात को दूधिया रोशनी में तबदील हो जाता है। अब इसी कड़ी में यहां एक सुंदर फवारे का निर्माण हो रहा है जिससे ढालपुर मैदान की रौनक बढ़ेगी। बताया जा रहा है ढालपुर को सुंदर बनाने का बीड़ा विधायक सुंदर ठाकुर ने उठाया है।

हालांकि विपक्ष ने कुछ हद तक इसका विरोध भी किया लेकिन आम जनता इस तरह के सुंदर ठाकुर के सुंदर कार्य से प्रसन्न है और सराहना कर रही है। गौर रहे कि इससे पहले विधायक द्वारा ढालपुर में हाईमास्क लाइटें लगाने से जहां सभी तीन मैदान रोशन हो गए हैं वहीं क्रिकेट मैदान में यह लाइटें लगने से यहां अब डे-नाइट मैच भी संभव हो सके हैं। प्रदेश भर के खिलाड़ी यहां इस मैदान का फायदा उठा रहे हैं। साथ ही यहां होने बाले स्कूली खेलकूद व अन्य प्रतिस्पर्धा बाली गेमों को करवाने में भी सुविधा मिली है।

सुंदर फवारे का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है और इस निर्माण के पूरा होने से यह मैदान वेहद सुंदर लगेगा और सभी आने जाने बालों व पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित करेगा। लोग सुवह शाम इस मैदान में टहलने आते हैं और इसके अलावा यह मैदान दिनभर लोगों की चहल कदमी से भरा रहता है। यहां आने बाले लोगों को हर सुविधा प्रदान हो रही है।

युवाओं के लिए सेल्फी प्वाइंट,वुजुर्गो के लिए बैठने का सुंदर स्थल,आम जनता के लिए बैठने के लिए स्लेट नुमा स्थल और सायंकाल दूधिया रोशनी आदि जैसी सुविधा मुहैय्या हो रही है। यही नहीं अब इस सुंदर मैदान में सुंदर फवारे आकर्षण का केंद्र बनेगें।

# उचित मूल्य की दुकानों के लिए 25 जुलाई तक करें आवेदन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 11 जुलाई।** ज़िला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन श्रवण कुमार हिमालयन ने कहा कि विकास खण्ड कुनिहार की ग्राम पंचायत कोटलु के ग्राम कोटलु, विकास खण्ड कुनिहार की ग्राम पंचायत बनोह खरडहट्टी के ग्राम डुगनु के वार्ड नम्बर 03, नगर परिषद नालागढ़ के वार्ड नम्बर 07, नगर परिषद नालागढ़ के वार्ड नम्बर 09, विकास खण्ड नालागढ़ की ग्राम पंचायत नंदपुर के ग्राम बैरसन, विकास खण्ड नालागढ़ की ग्राम पंचायत रडियाली के ग्राम चुहुवाल के वार्ड नम्बर 12 तथा विकास खण्ड धर्मपुर की ग्राम पंचायत कोटला के ग्राम कोटला डगरोह में इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं उपरोक्त स्थान पर नई उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए ऑनलाईन माध्यम से वांछित सूचना व अन्य दस्तावेज वेबसाईट emerginghimachal.hp.gov.in पर अपलोड कर आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आवेदन वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक व व्यक्तिगत आवेदनकर्ता की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए अधिक जानकारी के लिए वांछित औपचारिकताओं के सम्बन्ध में इच्छुक व्यक्ति व संस्थान किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय आकर या कार्यालय दूरभाष नम्बर 01792-224114 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# 3-4 साल में टूटने की कगार पर आया प्राथमिक स्कूल शाला की ऊपरी मंजिल में बना साइक्लोन भवन

**250 बच्चों की जान पर मंडरा रहा खतरा**

**प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग**

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 11 जुलाई।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाला के अंतर्गत प्राथमिक स्कूल का एक भवन आजकल चर्चा के विषय बना हुआ है । काबिले जिक्र है कि रावम पाठशाला शाला के अंतर्गत प्राथमिक स्कूल शाला भवन, की उपरी मंजिल पर 2019-2020 में लाखों रुपये खर्च कर ग्राम पंचायत शाला द्वारा एक साइक्लोन भवन बनाया गया था जो आयरन स्ट्रक्चर वह ब्लॉक की द्वारा निर्मित किय गया था। यह साइक्लोन भवन आज जर्जर हालत में है और कभी भी गिर सकता है ।जिससे कोई अप्रिय घटना घट सकती है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हैरानी की बात ये है कि यहां कोई भूस्खलन नहीं हुआ, फिर भी दीवारें हिल रही हैं।

स्थानीय प्राइमरी सैक्शन एस एम सी समिति के प्रधान ने प्रैस के नाम जारी विज्ञप्ति में बताया इस विषय में पंचायत और स्कूल प्रशासन से लेकर उच्च शिक्षा उपनिदेशक बात की और बार-बार स्थिति का जायजा लेने की गुहार लगाई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दूसरी तरफ पंचायत कहती है ÷हम देख रहे हैं÷, स्कूल प्रबंधन समिति कहती है ÷बात हो गई है÷, लेकिन समय बीतता जा रहा है और हालात बद से बदतर हो रहे हैं।

इस बारे में प्रधानाचार्य धर्मपाल ने बताया कि यह भवन पंचायत द्वारा स्कूल भवन की उपरी मंजिल पर एक साइक्लोन भवन बनाया गया है जो 19-20 में बनाया गया था इसकी आयरन स्ट्रक्चर और ब्लॉक से बनाया गया था। कुछ ही समय में आयरन स्ट्रक्चर और दिवारों के बीच में गैप आने की वजह दीवारें हिल रही है इसके बारे में हमने पंचायत को वह शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर जानकारी दे दी है ।

खंड विकास अधिकारी श्रवण कुमार कौंडल से इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया आपके माध्यम से मेरे ध्यान में बात आई है मैंने अपने कनिष्ठ अभियंता और ग्रामपंचायत शाला को पत्र लिखकर पुरी स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने बताया एक दिन में खुद भी जाकर मौका करेंगे। शिक्षा विभाग को भी इस बारे में अवगत करवा दिया गया है ताकि शिक्षा विभाग बच्चों को उसे भवन में न बिठाएं। खंड विकास अधिकारी ने बताया इस मामले की पूरी जान छानबीन करके जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी । उन्होंने बताया 4-5 साल के अंदर ही लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया साइक्लोन भवन क्यों इतनी जल्दी खतरनाक पोजीशन में पहुंच गया है यह जांच के विषय है । वहीं शाला पंचायत की कार्यप्रणाली भी सवालों के कटघरे में है। प्रधानाचार्य धर्मपाल ने भी बताया यह मामला बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा है छुट्टियों के दौरान ही पंचायत द्वारा इस पर उचित कार्यवाही की जाए ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे।

स्थानीय लोगों व अभिभावकों ने स्थानीय प्रशासन, एसडीएम गोहर खंड विकास अधिकारी गोहर और मंडी जिला प्रशासन से निवेदन है कि स्कूल की इस खस्ताहाल इमारत की अवकाश अवधि में ही तकनीकी जांच कराई जाए और इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। यह बच्चों की अनमोल जिंदगियों और शिक्षा से जुड़ा मामला है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह प्रशासन की बड़ी लापरवाही मानी जाएगी।

# कसौली इंटरनेशनल स्कूल के रौनक गुलिया का राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 11 जुलाई।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा के प्रतिभाशाली छात्र रौनक गुलिया ने देहरादून में आयोजित इंडिया ओपन एनआर शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष वर्ग में 370/400 अंकों के साथ शानदार सफलता अर्जित की है। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अब ओपन ऑल इंडिया नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हो गया है।

रौनक गुलिया की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 'हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा अब राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है।' उन्होंने रौनक को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विद्यालय के प्राचार्य राजीव गुलेरिया तथा उप-प्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने भी रौनक गुलिया को बधाई दी।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नाम पर राहुल 15 के बाद कभी भी लगा सकते हैं मुहर

## जिला से दो दर्जन से ज्यादा आवेदनों पर हो रहा मंथन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत हरियाणा में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के चयन प्रक्रिया तेज कर दी है। जिलाध्यक्ष के लिए छह छह के नाम के पैनल बनाए। ये पैनल प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद को सौंपे जा चुके हैं। अब पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल और बीके हरिप्रसाद इन पैनलों पर पर्यवेक्षकों के साथ वन टू वन चर्चा कर रहे हैं। बताते हैं कि पैनलों को शार्ट लिस्ट करके उनमें से तीन तीन नाम रखे जाएंगे। इसके बाद राहुल गांधी के सामने ये फाइनल पैनल जाएंगे। इसके बाद 15 जुलाई के बाद राहुल कभी भी जिलाध्यक्षों के नाम सामने आ सकेंगे। पंचकूला की बात करें तो जिले से कई दिग्गज कांग्रेसी नेताओं में से दो दर्जन से ज्यादा आवेदन पर्यवेक्षक के पास भेजे गए हैं। जिनमें से छह पैनल की राज्य स्तर पर छंटनी के बाद तीन नाम शीर्ष नेतृत्व के पास भेजे जाएंगे। उधर, जिला अध्यक्ष की नियुक्ति नगर निगम के चुनाव से पहले अहम मानी जा रही है। प्रदेश में पिछले करीब 11 वर्षों से पार्टी संगठन का गठन नहीं हो पाया। पार्टी की गुटबाजी व कलेश की वजह से ही संगठन नहीं बन सका। हालांकि, पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस जिला अध्यक्ष के चुनाव की मांग जोर पकड़ने लगी थी। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि जिला अध्यक्ष के चुनते ही पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता शुरू होगी और कम समय में कार्यकर्ताओं को संगठित किया जाएगा।

### दिसंबर तक नगर निगम चुनाव

इस साल दिसंबर तक नगर निगम चुनाव होने हैं, ऐसे में राजनीतिक पार्टियों में उम्मीदवारों के चयन को लेकर उठापटक अभी से शुरू हो चुकी है। एक तरफ जहां भाजपा की तरफ से जिला कार्यकारिणी में बदलाव देखा जा रहा है वहीं कांग्रेस में जिला अध्यक्ष के चुने जाने के बाद कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों का चयन भी शीघ्र किया जाएगा। बताते हैं कि राहुल गांधी के पास फाइनल रिपोर्ट जाने से पहले केसी वेणुगोपाल और बीके हरिप्रसाद हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से भी बातचीत कर सकते हैं।

# बीजेपी की नई कार्यकारिणी गठित

## युवराज कौशिक समेत 6 को बनाया गया उपाध्यक्ष



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। भारतीय जनता पार्टी, जिला पंचकूला की कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक से विचार विमर्श के बाद जिला अध्यक्ष अजय मित्तल द्वारा कार्यकारिणी घोषित की गई।

वरिष्ठ नेता सुरेश वर्मा, युवराज कौशिक समेत उमेश सूद, पूनम कोली, पवन कुमारी और तजिन्द्र गुप्ता को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह भवनजीत सिंह और जय कौशिक को महामंत्री अनुराधा वर्मा, राज कुमार शर्मा, सुदेश बिडला, ज्वाला सिंह, संगीता बैंसला और पिंकी शर्मा को मंत्री बनाया गया है।

पार्टी में कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सुशील सिंगला और सह कोषाध्यक्ष की जसवीर गोयत को सौंपी गई है। पार्टी कार्यालय सचिव इंद्रजीत गुप्ता को बनाया गया है और जिला प्रवक्ता विशाल सेठ, आईटी प्रमुख कर्ण जोशी, सोशल मीडिया प्रमुख चंदा शर्मा, मीडिया प्रमुख चंदन कुमार, मीडिया सह प्रमुख राजेश गोयल और मन की बात कार्यक्रम के लिए संजीव कौशल को नियुक्त किया है।

# नगर निगम कुत्ता काटने के पीड़ितों को नहीं दे पाया मुआवजा, घोषणा के चार महीने बीते

हर महीने आ रहे 400 कुत्ता काटने के मामले, हाइकोर्ट ने प्रति दांत के निशान के लिए 10,000 रुपये का मुआवज़ा किया है तय

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। शहर में हर महीने 300 से 400 कुत्ता काटने मामले सामने आने के बावजूद पंचकूला नगर निगम एक भी पीड़ति व्यक्ति को मुआवजा नहीं दे पाया। पंचकूला नगर निगम द्वारा कुत्ते के काटने के पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा राहत और मुआवजा देने की योजना, घोषणा के चार महीने बाद भी, लागू नहीं हो पाई है। हालांकि मार्च की शुरुआत में यह घोषणा करते हुए कहा था कि जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त समिति लोगों को मुआवज़ा नहीं दे सकती। इसलिए, निवासियों की बड़ी संख्या में शिकायतों के बाद नगर निगम को हस्तक्षेप करना पड़ा। नगर निगम के प्रस्ताव, जिसमें पांच सामुदायिक केंद्रों में डॉक्टर, नर्स और टीके तैनात करना और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार प्रति दांत के निशान के लिए 10,000 रुपये का मुआवज़ा देना शामिल था, अभी तक लागू नहीं हुआ है।

महापौर के अनुसार, पंचकूला में हर महीने 300 से 400 कुत्ते के काटने के मामले सामने आने के बावजूद, यह पहल घोषणा से आगे नहीं बढ़ पाई है। इस योजना की घोषणा सबसे पहले महापौर ने की थी, जिन्होंने निवासियों की सुरक्षा और कुत्ते के काटने से घायल लोगों को समय पर उपचार प्रदान करने के लिए त्वरित कार्रवाई का वादा किया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि सामुदायिक केंद्र में मामला दर्ज होने के एक सप्ताह के भीतर मुआवजा दे दिया जाएगा। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि योजना को क्रियान्वित करने के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि महापौर ने कई मौकों पर संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया है, लेकिन प्रतिक्रिया सुस्त रही है और अभी तक ज़मीनी स्तर पर कोई क्रियान्वयन नहीं हुआ है। महापौर कुलभूषण के मुताबिक योजना अभी भी जारी है। निगम नए आयुक्त के कार्यभार संभालने का इंतज़ार कर रहे हैं क्योंकि वर्तमान आयुक्त लंबी छुट्टी पर जा रहे हैं। इसके बाद, योजना निश्चित रूप से लागू होगी। यह सामुदायिक केंद्र के लिए कोई बड़ा खर्च नहीं है, लेकिन कुत्तों के काटने से पीड़ित क्षेत्र के निवासियों को तत्काल सहायता प्रदान करेगा। इस सहायता प्रणाली के अभाव में, कुत्ते के काटने के शिकार लोग अक्सर अपने खर्च पर, इलाज के लिए शहर के अस्पतालों और निजी क्लीनिकों पर निर्भर रहते हैं।

### योजना में देरी से रेजिडेंट्स में नाराजगी

योजना के क्रियान्वयन में देरी की रेजिडेंट्स और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आलोचना की है। उनका कहना है कि समय पर देखभाल और निवारक टीकाकरण की कमी से जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है, खासकर बच्चों और बुज़ुर्गों में। नागरिक कल्याण संघ, पंचकूला के अध्यक्ष एस.के. नायर ने कहा किकुत्ते के काटने के शिकार लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के समय में, नई योजना से बड़ी राहत मिल सकती थी, लेकिन केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। हम आवारा कुत्तों की बढ़ती घटनाओं और समन्वित जन स्वास्थ्य प्रतिक्रिया के अभाव का हवाला देते हुए, वादा की गई सेवाओं को तुरंत शुरू करने की मांग करते हैं।

# पैषठिया यंत्र का जाप 12 को, भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री आशीष मुनि पधारेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। श्री एस एस जैन सभा सेक्टर 17 पंचकूला, के तत्वावधान में 13 जुलाई रविवार को 12 घण्टे प्रातः 6 से शाम 6 तक पैषठिया यंत्र का जाप होगा। इस अवसर पर उत्तर भारतीय प्रवर्तक शासनसूर्य पूज्य श्री शान्तिस्वरूप जी म.सा के सुशिष्य श्रमणसंघीय भीष्म पितामह तपस्वी रत्न पूज्य श्री सुमतिप्रकाश जी म.सा. के सुशिष्य उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री आशीष मुनि जी म.सा उपस्थित होंगे, जो तत्वचिन्तक पू. श्री उत्तम मुनि जी म.सा, स्वाध्याय रसिक पू. श्री विराग मुनि जी म.सा ठाणे -3 पधारकर श्रद्धालुओं को लाभान्वित करेंगे। प्रत्येक घण्टे 65 - 65 सदस्य जाप में बैठेंगे। इस अवसर पर 21 लकी ड्रा निकाले जाएंगे। श्री संघ द्वारा सभी श्रद्धालुजनों के लिए गौतम प्रसादी रखी गई है।

# प्रशासन को मिली 4470 शिकायतों में से 69 शिकायतों का समाधान बाकी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के प्रधान सचिव ने जल्द समाधान करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। प्रशासन को अब तक मिली 4470 शिकायतों में से 69 शिकायतों का समाधान होना बाकी है। यह जानकारी शुक्रवार को पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश की अध्यक्षता में बैठक में यह जानकारी दी। वह चंडीगढ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि इन शिकायतों का भी जल्द समाधान दिया जाएगा।

समाधान शिविर में उन्होंने सीपी ग्राम, जनसंवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी की लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, यूएचबीवीएन, नगर निगम कालका तथा बैंकिंग को 30 दिन से लंबित पडी शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले लोगो की समस्याओं का समाधान तुरंत होना चाहिए। उपायुक्त ने समाधान शिविर में आई समस्याओं का तय समय में समाधान करने के लिए जिला के अधिकारियों की तारीफ भी की।

उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का समय पर लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतों का समाधान करने में कोताही ना बरते। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, एसडीएम पंचकूला चंद्रकांत, एसडीएम कालका सयंम गर्ग, नगराधीश विश्वनाथ, डीडीपीओ विशाल पराशर, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुमन, जनस्वास्थ्य एवं अभियंत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता समीर शर्मा, आरटीए विभाग, तहसीलदार, डीएसडब्लयूओ, एआरसी, डिवलेपमेंट एवं पंचायत, एक्सईन पंचायती राज, जिला परिषद, डीआरडीए, एलिमेंट्री एजुकेशन, फोरेस्ट, एचएसवीपी, हाउसिंग बोर्ड, यूएचबीवीएन, हेल्थ, ट्रांसपोर्ट, आरटीए, एचएसआईआईडीसी, डीईओ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# केनरा बैंक द्वारा चंडीगढ़ में कैन अदालत एवं सरफेसी प्रॉपर्टी एक्सपो आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आज सेक्टर 34 स्थित कार्यालय परिसर में कैन अदालत एवं सरफेसी प्रॉपर्टी एक्सपो का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के प्रधान कार्यालय एवं अंचल कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री मनोज कुमार दास, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख; बरुण सिंह ठाकुर, महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय; श्री राजीव कुमार, उप महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय; बी.रवि, उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय तथा पी. लोकेश, सहायक महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को अच्छा समर्थन मिला। कैन अदालत के दौरान कई ऋण खातों का निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त, सरफेसी प्रॉपर्टी एक्सपो में उपस्थित नागरिकों को सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत विभिन्न संपत्तियों की बिक्री के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने ब्रह्माकुमारी दीदीयों को किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला श्यामा प्रसाद मुखर्जी के वार्ड नंबर 22 में सेक्टर 33 स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में एक श्रद्धामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने उतरा दीदी एवं नेहा दीदी को शॉल एवं फूल भेंट कर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उतरा दीदी ने भावुक होते हुए कहा, यह पहली बार है कि आश्रम में आकर हमें इस प्रकार से सम्मानित किया गया है। यह हमारे लिए बहुत गर्व और आत्मिक प्रसन्नता का विषय है।

इस पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि संत समाज को पूर्ण मान-सम्मान दिया जाए, क्योंकि वे समाज को सही दिशा प्रदान करने वाले पथप्रदर्शक हैं। उनके आध्यात्मिक मार्गदर्शन से समाज में संतुलन और सद्भाव बना रहता है। भाजपा ऐसे संतों और गुरुओं के योगदान को नमन करती है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री संजीव कुमार राणा, जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक, जिला महामंत्री एलडी शर्मा तथा मंडल अध्यक्ष ऋचा वर्मा सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। इस आयोजन ने सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना को और प्रगाढ़ किया, साथ ही ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा समाज में दिए जा रहे योगदान को भी सभी ने सराहा।

# नयागांव की बच्ची समृद्धि वर्मा की याचिका से मिला वार्ड-11 को पार्क, एक ही दिन में दो बार हुआ उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता



**न्यू- चंडीगढ़।** नयागांव में कोई खेल का मैदान नहीं, कोई अस्पताल नहीं,कोई पार्क भी नही था परन्तु अब नया गांव वासियों को नया पार्क वार्ड-11 में नगर खेडा के पास तालाब के स्थान पर बनाया गया है । यह भी नयागांव की छोटी सी समृधी वर्मा जो तब 4 साल की थी लेकिन अब वह बच्ची 10 साल की हो गई है के कारण ही यह पार्क बना है । तब उस बच्ची ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका दाखल की थी हमारे नयागांव में अब जनता की पुरजोर 6 सालों सालों की मांग को लेकर नगर कार्उसिल नयागांव द्वारा ऐक पार्क बनाया जा रहा है । जिसकी लागत लगभग 43 लाख के करीब है ङ्क यह पार्क वार्ड ङ्क 11 में खेडा चौक के पास विकसित हुआ है । जिसके बारे मे मानयोग अदालत में अभी भी केस पेंडिंग है जिसकी अगली सुनवाई अगस्त माह में है । उस पार्क व कांसल की एक सड़क जो कि कांसल से कैंबाला को जाती है उसका आज उद्घाटन सांय को पांच बजे स्थानीय पुर्व कैबिनेट मंत्री व हल्का खरड की विधायिका मैडम अनमोल गगन मान ने करना था । लेकिन आज सुबह नगर कार्उसिल की प्रधान बीबी बलविंदर कौर व नगर कार्उसिल की प्रधान बीबी बलविंदर कौर मंड व, एमसी,संजू, एमसी,प्रमोद कुमार , एमसी हरमेश नड्ड, एमसी अमनदीप कौर, श्याम गुर्जर सभी पार्षदो द्वारा सभी पार्षदों द्वारा लगभग 10:30 बजे कर दिया गया । उनका कहना है पंजाब सरकार ने आज तक नगर कार्उसिल नयागांव को कोई भी ग्रांट नहीं दी तो उसका उद्घाटन करने का कोई हक्क नही है। सारा 43 लाख के करीब का पैसा नगर कार्उसिल का लग है । आज फिर सांय को पूर्व कैबिनेट मंत्री व हल्का खरड की विधायिका मैडम अनमोल गगन मान उस पार्क को स्थान पर पहुंची तथा उसने दुबारा उस पार्क का और कांसल में सड़क का उद्घाटन कर दिया जिसका सुबह आज सुबह नगर कार्उसिल की प्रधान बीबी बलविंदर कौर मंड व, एमसी,संजू, एमसी,प्रमोद कुमार , एमसी हरमेश नड्ड, एमसी अमनदीप कौर, श्याम गुर्जर सभी पार्षदों द्वारा लगभग 10:30 बजे कर दिया था । अक्सर लोगों में तो उस बच्ची समृद्धि वर्मा का धन्यवाद किया जिसके कारण नयागांव वासियों को यह पार्क मिला ।

# विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग की ट्रेनिंग के लिए राजकीय बहुतकनीकी पंचकूला और एल्गोरिथम कंपनी में हुआ समझौता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। उद्योग में प्रचलित तकनीकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस समेत सॉफ्टवेयर विकास के प्रशिक्षण के अलावा रोजगार में वृद्धि के उद्देश्य से शुक्रवार को महाज्ञानी ऋषि अष्टावक्र केंद्र राजकीय बहुतकनीकी, पंचकूला और भिवानी एल्गोरिथम आर एंड डी प्राइवेट लिमिटेड, भिवानी के बीच तकनीकी शिक्षा में कौशल विकास, इंटर्नशिप और औद्योगिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक राजबीर सिंह, प्राचार्य दलजीत सिंह एवं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. रीतु सिंह उपस्थित थे। इस समझौते के तहत कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, उद्योग से जुड़े प्रोजेक्ट्स, कार्यशालाओं, विशेषज्ञ व्याख्यानों में बहुतकनिकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्राचार्य दलजीत सिंह ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों के व्यवहारिक ज्ञान को मजबूत करेगा और उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेगा। इस अवसर पर निदेशक राजबीर सिंह ने बताया कि कंपनी युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में सशक्त बनाने और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. ऋतु सिंह ने कहा कि इस सहयोग से विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। यह समझौता आगामी तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगा एवं दोनों संस्थान मिलकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

# यूरिया संकट, बिजली केबल चोरी व लावारिस पशुओं की समस्या से किसान दुखी: प्रदीप चौधरी

कहा- किसान बर्बादी की कगार पर, सरकार किसने की समस्याओं का समाधान निकाले

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** कालका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि खेतों में मेहनत करने वाला किसान आज खाद, बिजली फाल्ट और केबल चोरी से परेशान है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में किसानों को पिछले 15 दिनों से यूरिया खाद नहीं मिल रही, जबकि बरसात अच्छी हो रही है। अगर समय पर खाद नहीं मिली तो फसलें बर्बाद हो जाएंगी। किसान पहले ही कर्ज में डूबा है, ऊपर से सरकारी लापरवाही उसका हौसला तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ खाद ही नहीं, चौधरी ने नलकूपों से बिजली की तारों की चोरी को भी एक गंभीर संकट बताया। उन्होंने कहा कि तारें चोरी होने से सिंचाई रुक जाती है और किसान दिन-रात बिजली बोर्ड और पुलिस के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक न कोई चोर पकड़ा गया और न ही नुकसान की भरपाई हुई। उन्होंने कहा कि बिजली सप्लाई में फाल्ट आने पर लंबे समय तक बिजली बाधित रहती है

इसके साथ ही उन्होंने लावारिस पशुओं की समस्या पर बोले चौधरी ने कहा कि ये जानवर खेतों में खड़ी फसल बर्बाद कर रहे हैं, और कई बार ग्रामीणों पर हमला भी कर देते हैं। न प्रशासन कार्रवाई कर रहा है, न कोई समाधान दे रहा है। पूर्व विधायक ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द यूरिया की सप्लाई बहाल की जाए, लावारिस पशुओं को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति लागू की जाए। इसके साथ ही बिजली की सप्लाई में फाल्ट शीघ्र दूर किए जाए। ताकि सिंचाई के बिना फसल पर नुकसान ना पड़े।

# श्री रामलीला कमेटी के गठन के लिए कुमाऊं सभा की बैठक कल

## सुबह 10.30 बजे होगी

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** कुमाऊं सभा (रजि) नयागांव के बोर्ड अध्यक्ष श्री मोहन सिंह मिरोला ने बताया कि कुमाऊं सभा (रजि) के प्रधान श्री मदन मोहन पांडेय व बोर्ड अध्यक्ष श्री मोहन सिंह मिरोला के द्वारा कल रविवार दिनांक 13 जुलाई, समय सुबह 10.30 बजे, पंचमूर्ति शिव मंदिर, कुमाऊँ भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है, जिसमें साल 2025 के लिए श्री रामलीला मंचन एवं दशहरा के उपलक्ष में श्री रामलीला संचालक, निर्देशक तथा अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। समस्त रामलीला कलाकारों, बोर्ड सदस्यों, प्रधान कार्यकारिणी के सदस्यों और कुमाऊं सभा नयागांव के सदस्यों से अनुरोध है कि इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें।

# पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रतिभाओं का सम्मान, तीन वर्षों के 436 टॉपर्स को मिला मेडल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब यूनिवर्सिटी का लॉ ऑडिटोरियम शुक्रवार को उस समय गर्व और उपलब्धियों की गूंज से भर उठा, जब विश्वविद्यालय ने 2018 से 2021 तक के तीन शैक्षणिक सत्रों के 436 मेधावी छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षा की ऊँचाइयों को छूने वाले इन छात्रों ने न सिर्फ अकादमिक उत्कृष्टता का परिचय दिया, बल्कि पंजाब यूनिवर्सिटी की गरिमा को भी नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। इस विशेष समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रेणु विग ने की, जिन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से छात्रों को समाज सेवा की राह पर चलने की सलाह दी। उन्होंने कहा,÷जब तुम अपने कॉलेज से निकलो, तो खुद को पूरी तरह दूसरों की सेवा में समर्पित कर दो-यही असली खुशी है। प्रो. विग ने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से अपने जीवन का उद्देश्य और मिशन स्पष्ट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, निर्णय लें कि आप क्या हासिल करना चाहते हैं और उसी दिशा में अपने प्रयासों को केंद्रित करें।

### तीन बैचों के छात्रों को सम्मानित किया गया

बैच 2021 के 228 में से 133 छात्र उपस्थित (96 लड़कियाँ, 37 लड़के), बैच 2020 के 226 में से 109 छात्र (90 लड़कियाँ, 19 लड़के), बैच 2019 के 235 में से 111 छात्र (87 लड़कियाँ, 24 लड़के) उपस्थित रहे। इसके अलावा एंडोवमेंट फंड से 83 छात्रों को पुरस्कार मिले, जिनमें से 64 लड़कियाँ और 19 लड़के थे। जो छात्र उपस्थित नहीं हो सके, उनके मेडल उनके विभागों में भेजे जाएंगे।

**'वॉल ऑफ फेम' की प्रेरणा:** प्रो. विग ने विश्वविद्यालय के वीसी कार्यालय में लगी 'वॉल ऑफ फेम' का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आज सम्मानित हो रहे ये छात्र भविष्य में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, जज, गवर्नर या अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनकर इस दीवार का हिस्सा बनेंगे।

**कंट्रोलर एग्जाम :** प्रो. जगत भूषण ने समारोह की आत्मा को छूते हुए कहा कि卐यह सिर्फ मेडल देने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन सपनों और संघर्षों का उत्सव है, जो छोटे कदमों से शुरू होकर सफलता की कहानी बन गए।

मंच पर मौजूद हस्तियों में निदेशक, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल प्रो. मीनाक्षी गोयल, रजिस्ट्रार प्रो. वाई.पी. वर्मा, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अमित चौहान, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, महिला, प्रो. नमिता गुप्ता फैकल्टी सदस्य और टॉपर्स के परिजन भी समारोह में शामिल रहे।

# राजकीय महाविद्यालय कालका में ग्रेजुएशन दाखिले शुरू



अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। राजकीय महाविद्यालय कालका में ग्रेजुएशन कोर्स के लिए दाखिले की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। अंडर ग्रेजुएट कोर्सेस में एडमिशन को लेकर पहली फिजिकल काउंसलिंग बुधवार 9 जुलाई को हो चुकी है। काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटें रहने पर 10 जुलाई को हायर एजुकेशन विभाग का पोर्टल दोबारा आवेदन के लिए रि-ओपन किया जाएगा। यूजी कोर्सेज में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी अपनी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यूजी सेकंड और फाइनल ईयर में भी दाखिले आरंभ हो चुके हैं। शिवालिक की तलहटी में बसा राजकीय महाविद्यालय कालका अपने अद्वितीय सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। प्राचार्या डॉक्टर गीता सुखीजा ने अपने संबोधन में कहा की विद्यार्थी अच्छी शिक्षा व उज्ज्वल भविष्य के लिए शीघ्र आवेदन करें। नोडल ऑफिसर डॉक्टर भूप सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीएससी, बीसीए , एमकॉम, एमए हिंदी, एमएससी भूगोल, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, पीजी डिप्लोमा इन एक्सपोर्ट मार्केटिंग, बीबीए कोर्स उपलब्ध हैं। राजकीय महाविद्यालय कालका में आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं हैं, स्मार्ट क्लासरूम है। यहां के शिक्षक अनुभवी हैं। महाविद्यालय में सुसज्जित पुस्तकालय हैं। यहां पर पृथक खेलकूद परिसर हैं।

जिला में उज्ज्वल दृष्टि योजना की हुई शुरूआत

# अब धुंधलापन या कम नजर जिंदगी में नही बनेगी रूकावट: मेयर राजीव जैन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। आखों की सेहत सुधारने और रोके जा सकने वाले अंधत्व की रोकथाम करने की दिशा में हरियाणा सरकार ने एक और विशेष पहल की शुरूआत करते हुए प्रदेश में उज्वल दृष्टि योजना की शुरूआत की है। इस योजना की शुरूआत वर्चुअल माध्यम से हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने हिसार से की। योजना की शुरूआत के अवसर पर सिविल अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए लाभार्थियों को निःशुल्क चश्में वितरित किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मेयर राजीव जैन ने कहा कि इस योजना का एक मात्र उद्देश्य है प्रदेश वासियों को धुधलापन व कम नजर से मुक्ति दिलाना। इस योजना के तहत स्कूली बच्चों को निशुल्क चश्में उपलब्ध कराने और 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को निकट दृष्टि सुधार के लिए मुफ्त चश्में दिए जाएगें।मेयर ने कहा कि अब धुंधलापन या कम नजर जिंदगी में रूकावट नहीं बनेगी। यह योजना केवल नेत्र जांच और चश्मा वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि हरियाणा के नागरिकों को आत्मनिर्भर, सक्षम और स्वस्थ समाज की ओर अग्रसर करने की एक ठोस पहल है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ आंखों की रोशनी बहाल करना नहीं, बल्कि हरियाणा के भविष्य को भी उज्वल बनाना है। उन्होंने कहा कि दृष्टि दोष, मोतियाबिंद के बाद अंधत्व का दूसरा सबसे बड़ा कारण है और समय रहते उपचार न हो तो यह स्थायी अंधत्व में बदल सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह व्यापक अभियान राष्ट्रीय स्तर पर एक मिसाल बनने जा रहा है।

# पंजाब नेशनल बैंक चंडीगढ़ मंडल ने मेगा कृषि जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। शुक्रवार को चंडीगढ़ मंडल द्वारा कृषि जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन गाँव गढ़ी कोटाहा, जिला पंचकूला में किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधान कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक एसके राणा जी ने की और इस अवसर पर चंडीगढ़ अंचल प्रबंधक ललित तनेजा भी उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त उप मंडल प्रमुख श्री पवन कुमार भाटिया, सरपंच प्यारेलाल गांव रवींद्र कुमार और श्रीमती संगीता रानी सरपंच गढ़ी कोटाहा के अतिरिक्त पीएनबी के अधिकारी एवं 150 से अधिक ग्राहक गण उपस्थित थे।

मुख्य महाप्रबंधक श्री एसके राणा जी ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक कृषि में नई तकनीक और रोजगार के अवसरों के लिए नई नई योजनाएं लेकर आ रहा है। आज के इस कृषि आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य भी यही है कि बैंक की लाभकारी योजनाओं को आप तक पहुंचाया जाये और प्रत्येक किसान और गाँव खुशहाल बने। चंडीगढ़ अंचल प्रबंधक श्री ललित तनेजा जी ने ग्राहकों को सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाओं के लिए आश्वस्त किया। इस एग्री आउटरीच कार्यक्रम में लगभग 34 करोड़ लीड्स जेनेरेट की गई। इस कार्यक्रम में 15 ग्राहकों को लगभग 7 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। दिन दौरान उपस्थित ग्राहकों को बैंक उत्पादों के बारे में जानकारी भी दी गयी।

## अमेजन के 66 हजार स्वयंसेवकों ने 530 कार्यक्रमों के जरिए की लोगों की मदद

चंडीगढ़। अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की कि इसके सालाना कार्यक्रम, ग्लोबल मंथ ऑफ वॉलंटियरिंग (जीएमवी) में मई, 2025 के दौरान इसके कर्मचारियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा, इस कार्यक्रम के तहत देश भर के 66,000 से ज़्यादा कर्मचारियों ने सामुदायिक पहलों में अपने समय और कौशल का योगदान किया। जीएमवी 2025 के दौरान, टीम के सदस्यों ने देश भर के 60 से ज़्यादा शहरों में आयोजित 530 कार्यक्रमों के तहत स्वयंसेवा की। ये पहलें इन-ऑफिस (दफ्तर में), ऑन-ग्राउंड और वर्चुअल फॉर्मेट में थीं। 100 से अधिक गैर-लाभकारी संगठनों के साथ साझेदारी के जरिये किए गए ये प्रयास महिला सशक्तिकरण, वहनीयता, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, समावेश और अति स्थानीय (हाइपरलोकल) समर्थन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित थे, जो उन समुदायों का समर्थन करने के लिए अमेज़न की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जहां हम रहते हैं और काम करते हैं।

## पेट्रोल पंप से चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। जिला पुलिस ने पेहवा के पेट्रोल पंप से चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना शहर पेहवा पुलिस की टीम ने पेट्रोल पंप से चोरी करने के आरोप में सुमित कुमार व विक्रम वासीयान पेहवा को गिरफ्तार करके चोरीशुदा रूपये बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 जुलाई 25 को पेहवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में धर्मबीर वासी पेहवा ने बताया कि उसका कुरुक्षेत्र रोड पेहवा पर फिलिंग स्टेशन है।

## प्राइम डे पर बिजनस कस्टमर को आज से 14 जुलाई तक अमेज़न बिज़नस पर आकर्षक डील्स व बेहतरीन ऑफर्स

शिमला। अमेज़न बिज़नस 12 जुलाई से 14 जुलाई तक अपने बिजनस कस्टर्स के लिए इस प्राइम डे पर कुछ आकर्षक डील्स की घोषणा करता है। पहली बार, प्राइम डे 72घंटे का शॉपिंग सेलीब्रेशन होगा, जिसमें बिजनस कस्टमर्स लैपटॉप, टैबलेट, हेडफ़ोन, एसी, कूलर, पंखे, ऑफिस फ़र्नीचर, किचन एप्लायसेंस एवं इंडस्ट्रीयल सप्लाई जैसे विभिन्न उत्पादों आकर्षक डील्स का फायदा उठा सकते हैं। ग्राहक विभिन्न श्रेणियों में बल्क खरीदारी करने पर 20 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट का भी लाभ उठा सकते हैं और अपने प्रीपेड ऑर्डर पर एलिजबल श्रेणियों में 9,999 रुपये तक का कैश बैक प्राप्त कर सकते हैं।इस प्राइम डे पर इन शानदार डील्स का लाभ उठाने के लिए अमेज़न बिज़नेस पर जाना ना भूलें। प्राइम अपने सदस्यों को अमेज़न की सबसे बेहतरीन ऑफर्स का लाभ उठाने का मौका देने के साथ तेज़, फ्री डिलीवरी, बचत, सुविधा और मनोरंजनको एक किफायती सदस्यता शुल्क में प्रदान करता है।

## बस 24 घंटे बाकी! अमेजन प्राइम डे 2025 की उलटी गिनती शुरू

शिमला। उलटी गिनती आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है! अब बस 24 घंटे बाकी हैं और अमेजन इंडिया अपने साल के सबसे बहुप्रतीक्षित शॉपिंग फेस्टिवल, प्राइम डे 2025 के लिए पूरी तरह तैयार है, खास तौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए। 12 जुलाई को रात 12 बजे से लेकर 14 जुलाई को रात 11:59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटे तक स्मार्ट फोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, ग्रॉसरी सहित कई श्रेणियों में सबसे बेहतरीन डील्स, शानदार लॉन्च और अब तक की सबसे तेज़ डिलीवरी स्पीड का आनंद उठा सकेंगे।तीन दिन, तीन गुना उत्साह- इस साल प्राइम डे 2025 लेकर आ रहा है अब तक की सबसे बड़ी डील्स, शानदार लॉन्च, बेहतरीन मनोरंजन और जबरदस्त बचत! प्राइम मेंबर्स को 400 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय टॉप ब्रांड्स के स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज़, फैशन, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, होम व किचन एसेंशियल्स, ग्रॉसरी और अन्य कैटेगरीज में हजारों नए प्रोडक्ट लॉन्च पर अर्ली एक्सेस मिलेगा।

## भारत में इन्फिनिक्स हॉट 60 5जी+ का लॉन्च: गेमिंग-रेडी स्मार्टफोन वन टैप एआई बटन के साथ

बठिंडा। इन्फिनिक्स ने अपने नवीनतम स्मार्टफोन हॉट 60 5जी+ का लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन उन यूज़र्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो स्पीड, बहुउपयोगिता और लंबे समय तक बेहतर परफॉर्मेंस की खोज में हैं। इस नए फोन में कई अविलंबित तकनीकी विशेषताएँ हैं, जैसे कस्टमाइज़ करने योग्य वन टैप एआई बटन, 5 साल की फ्लुएंसी गारंटी और मीडियाटेक डायमेंसिटी 7020 प्रोसेसर, जो 500,000 से अधिक के एंटुटू स्कोर के साथ आता है। हॉट 60 5जी+ में 90 एफपीएस सपोर्ट, एक्सएरीना गेम मोड, और इमेज स्टेबिलाइजेशन जैसी गेमिंग सुविधाएँ हैं, जो इसे गेमर्स के लिए आदर्श बनाती हैं। इसकी थिकनेस मात्र 7.8 मिमी है, जिससे यह भारत का सबसे स्लिम 5जी स्मार्टफोन बन गया है, और यह आईपी64 रेटिंग के साथ वॉटर और डस्ट रेसिस्टेंट है। इस डिवाइस में 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा है, जो सुपर नाइट और स्लो मोशन फोटोग्राफी मोड्स जैसे अनेकों फीचर्स के साथ आता है।

## अमृता अस्पताल ने बिना ओपन-हार्ट सर्जरी के 48 घंटे के भीतर चार मरीजों का सफल हृदय वाल्व रिप्लेसमेंट किया

अमृतसर। अमृता अस्पताल, फरीदाबाद ने हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 3 जुलाई को अस्पताल में चार मरीजों को ट्रांसकैथेटर पल्मोनरी वाल्व रिप्लेसमेंट (टी पी वी आर) तकनीक के ज़रिए बिना ओपन-हार्ट सर्जरी के सफल हृदय वाल्व प्रत्यारोपण दिया गया—वह भी एक ही दिन में और बिना छाती पर एक भी चीरा लगाए। ट्रांसकैथेटर पल्मोनरी वाल्व रिप्लेसमेंट एक अत्याधुनिक, न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है जिसमें एक लचीली ट्यूब (कैथेटर) के माध्यम से हृदय के दोषग्रस्त पल्मोनरी वाल्व को बदला जाता है। इस प्रक्रिया से पारंपरिक सर्जरी की तुलना में जोखिम, दर्द और अस्पताल में रहने की अवधि काफी कम हो जाती है। चारों मरीज—दिल्ली के 37 वर्षीय पुरुष, नोएडा के दो किशोर (17 व 15 वर्षीय), और गुरुग्राम के 14 वर्षीय लड़के—सभी ने बचपन में टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट नामक जन्मजात हृदय रोग के लिए ओपन-हार्ट सर्जरी करवाई थी।


### सार्वजनिक सूचना

इस पब्लिक नोटिस के मार्फत जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री राजेश राणा पुत्र श्री धनपाल सिंह वासी बयाल, अम्बाला छावनी ने तहसील कार्यालय अम्बाला छावनी में हाजिर आकर एक प्रार्थना पत्र बाबत इंतकाल नम्बर 1910 रकबा 7 मरले रजिस्ट्री नं0 3439 तिथि 10.09.1981 वा इन्तकाल नम्बर 6248 रजि0 नं0 3439 तिथि 11.08. 1981 को दर्ज व मंजूर हुए है। उक्त रजि0 के गांव बब्याल के राजस्व रिकार्ड में उक्त दो इन्तकाल नं0 1910 वा 6248 भिन्न-भिन्न तिथियों में एक 7 मरला वा दूसरी का रकबा 10 मरले दर्ज व मंजूर हो चुके है। जो कि उक्त रिकार्ड की दुरूस्ती की जानी है। इस बारे अगर किसी के पास उक्त इन्तकालों के सम्बन्ध मे कोई अन्य रजिस्ट्री है या आपको रिकार्ड दुरूस्ती से एतराज है। तो वह निम्नहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर-अन्दर प्रस्तुत कर सकते है। यदि कोई आपत्ति दर्ज नही होती है तो राजस्व रिकार्ड प्रार्थना पत्र के अनुसार ठीक कर दिया जाएगा।

तहसीलदार, अम्बाला छावनी।

AP-2539

### सूचना

खण्ड नारायणगढ की ग्राम पंचायत अम्बली में सफाई कर्मी के अस्थाई पद को भरने के लिए दिनांक 14.07.2025 से दिनांक 28.07.2025 तक सभी कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक आवेदन पत्र साधारण कागज पर आमंत्रित किये जाएंगे तथा सभी अभ्यार्थियों का साक्षात्कार दिनांक 31.07.2025 को लिया जाएगा। इसकी शर्तें निम्न प्रकार हैं:-

1. आवेदनकर्ता उसी गांव का निवासी होना चाहिए।
2. प्रार्थी की आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. प्रार्थी शारीरिक रूप कार्य समर्थ एंव स्वस्थ होना चाहिए।
4. चयनित किया गया व्यक्ति ग्राम पंचायत के साथ करारनामा हस्ताक्षरित करेगा ।
5. सफाई कर्मी संबंधित ग्राम पंचायत की निगरानी मे काम करेगा ।

खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी नारायणगढ ।

AP-2539

### ਬੇਦਖਲੀ ਸੂਚਨਾ

ਮੈਂ ਬਲਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸਵਰਨ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਗਲੀ ਨੰਬਰ 3, ਕਿਸ਼ਨਾ ਕਲੋਨੀ ਪਿੰਡ ਰਾਣੀਪੁਰ, ਡਾਕਖਾਨਾ ਸ਼ਾਹਪੁਰਕੰਡੀ, ਤਹਿਸੀਲ ਤੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪਠਾਨਕੋਟ ਦਾ ਰਹਿਣ ਵਾਲਾ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਲੜਕੇ ਲਵਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਵੱਖ ਵੱਖ ਅਖ਼ਬਾਰਾਂ ਦੇ ਮਾਧਿਅਮ ਰਾਹੀਂ 9/10 ਜੁਲਾਈ 2025 ਨੂੰ ਬੇਦਖਲ ਕੀਤਾ ਸੀ। ਹੁਣ ਉਹ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣੇ ਵਿੱਚ ਹੈ ਤੇ ਮੇਰੀ ਪੂਰੀ ਗੱਲ ਮੰਨਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਵੱਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਬੇਦਖਲੀ ਰੱਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਸਬੰਧਤ ਨੋਟ ਕਰਨ।

ਅਸੀਂ ਬਚਨ ਲਾਲ ਪੁੱਤਰ ਮੁਨਸ਼ੀ ਰਾਮ ਅਤੇ ਮਹਿੰਦਰੋ ਦੇਵੀ ਪਤਨੀ ਬਚਨ ਲਾਲ ਵਾਸੀਆਨ ਅਕਾਲਗੜ੍ਹ ਤਾਜਪੁਰ, ਡਾਕਖਾਨਾ ਨੌਸਿਹਰਾ ਨਲਬੰਦਾ, ਤਹਿਸੀਲ ਤੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪਠਾਨਕੋਟ, ਹਾਲ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਜਮਾਲਪੁਰ, ਡਾਕਖਾਨਾ ਸਰਨਾ ਦੇ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਹਾਂ। ਸਾਡਾ ਲੜਕਾ ਦੀਪਕ ਕੁਮਾਰ ਉਸਦੀ ਪਤਨੀ ਸਿਮਰਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਲੜਕੀ ਅੰਬਰ ਤਿੰਨੋਂ ਸਾਡੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹਨ। ਸੋ ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਤਮਾਮ ਚੱਲ ਅਚੱਲ ਜਾਇਦਾਦ ਤੋਂ ਬੇਦਖਲ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਅੱਜ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨਾਂ ਨਾਲ ਜੋ ਵੀ ਲੈਣ ਦੇਣ ਕਰੇਗਾ ਉਹ ਖੁਦ ਜਿਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ। ਸਬੰਧਤ ਨੋਟ ਕਰਨ।

AP-2524


### सार्वजनिक सूचना


तहसीलदार नरवाना के कार्यालय में बजरीया वसीयत नः 95 मिति 04.08.2023 एक वसीका पंजीकरण के लिए प्रस्तुत हुआ है, उक्त वसीयत कुलवन्तराय पुत्र हरिराम ने मृत्यु से पूर्व अपने मकान के सम्बन्ध में मनोहरलाल पुत्र कुलवन्त राय के हक में करवाई हुई है, इस बारे अगर किसी वरिस जायज को काई एतराज हो तो तहसीलदार नरवाना के समक्ष प्रस्तुत हो कर लिखित में 11.08.25 तक आपति दर्ज कराए अन्यथा वसीका पंजीकृत कर दिया जाएगा ।

तहसीलदार नरवाना

AP-2544

ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ
ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।
(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)


ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ


ਲਾਭਪਾਤਰੀ

ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ.ਈ. 1299, ਫੇਜ਼ 1, ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Sh. Gurbachan Singh S/o Rattan Singh R/o House No. HE 1298, Sector 55, Phase 1, SAS Nagar ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 07-09-2024 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Sh. Gurbachan Singh S/o Rattan Singh ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੀ ਬੇਟੀ HARBINDER KAUR SAINI D/o GURBACHAN SINGH SAINI ਦੇ ਨਾਮ ਵਸੀਅਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਵਸੀਅਤ ਵਸੀਕਾ ਨੰ:755, ਜਾਇਦ ਬਹੀ 3, ਮਿਤੀ 27-12-2006 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ HARBINDER KAUR SAINI D/o GURBACHAN SINGH SAINI R/o HE 1299, SECTOR-55, PHASE-1, MOHALI ਵੱਲੋਂ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ ਈ 1299, ਫੇਜ਼ 1, ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵੱਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ.ਈ.1299, ਫੇਜ-1,ਸੈਕਟਰ-55,ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ, ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਲਾਭ ਪਾਤਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ

AP-2543

### सार्वजनिक सूचना

विषयः सेटर-21, अर्बन एस्टेट, गुरुग्राम में स्थित 264 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले आवासीय प्लॉट/मकान संख्या 1210 के संबंध में मालिक श्रीमती निर्मल खरबंदा की बिना वसीयत के मृत्यु के परिणामस्वरूप स्वामित्व का हस्तांतरण। भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

श्रीमती निर्मल खरबंदा, जो अभिलेख के अनुसार उल्लिखित संपत्ति की स्वामी थीं, की मृत्यु 11.04.2025 को हो गई है और उनके पास कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है, वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गई हैं:- (1) श्री अमर दास खरबंदा (पति) (2) अनुज खरबंदा (पुत्र) (3) मुदिता (पुत्री) ।

श्री अनुज खरबंदा पुत्र श्री अमर दास खरबंदा निवासी जी-32, द्वितीय तल, विकासपुरी, पश्चिमी दिल्ली हुडा/एचएसवीपी, गुरुग्राम के कार्यालय में अपने पक्ष में उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं ।

यदि किसी व्यक्ति को श्री अनुज खरबंदा के नाम पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के खिलाफ कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर संबंधित एस्टेट अधिकारी, एचएसवीपी, उप-रजिस्ट्रार को सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा एस्टेट अधिकारी-1, हुडा/एचएसवीपी नीति के अनुसार उक्त संपत्ति को हस्तांतरित कर सकता है और बाद में कोई दावा, यदि कोई हो, पर विचार नहीं कर सकता है।

कानूनी उत्तराधिकारी: श्री अनुज खरबंदा
संपदा अधिकारी-1, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सेक्टर-14, गुरुग्राम, हरियाणा की ओर से

AP-2523

### सार्वजनिक सूचना

हम मुनेन्द्र कुमार पुत्र श्री रुलिया राम, सतीश कुमार व अनिल कुमार सरोहा पुत्र श्री मुनेन्द्र कुमार निवासी गीता बाजार, रादौर, जिला यमुनानगर के निवासी है। जोकि प्रॉपर्टी नं. 7U3KFTP4 वाका रादौर नगर पालिका गृहकर रिकार्ड में गृहकर उददेश्य हेतू माता / पिता की मृत्यु उपरांत तहसीलदार रादौर द्वारा जारी वारिसान रिपोर्ट के आधार पर अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। अगर उक्त विषय के बारे किसी का कोई ऐतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर - अन्दर कार्यालय नगरपालिका में दे बाद मियाद गुजरने के कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी।

सचिव, नगरपालिका रादौर ।

AP-2537

### सार्वजनिक सूचना
संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष

विषयः सह-आबंटी श्री जय कृष्ण गोयल (जे.के.गोयल) की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान नं० 794, सैक्टर- 10, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के सह-आबंटी श्री जय कृष्ण गोयल (जे.के.गोयल) की 12-09-2024 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.समिष्टा देवी (पत्नी) 2.मोनिका गर्ग (पुत्री) 3.संदीप गोयल (पुत्र)।

संदीप गोयल पुत्र स्व. जय कृष्ण गोयल निवासी #794, सैक्टर - 10, पंचकूला ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुनः अलाटमैंट संदीप गोयल के साथ समिष्टा देवी के नाम में करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुनः अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा। समिष्टा देवी, मोनिका गर्ग, संदीप गोयल
कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से

AP-2542

### सार्वजनिक सूचना



श्रीमती शशि वसुंधरा, एचसीएस, संयुक्त आयुक्त-III, नगर निगम, चंडीगढ़ के समक्ष

विषयः पंजीकृत वसीयत के आधार पर एससीओ संख्या 828, एनएसी, मनीमाजरा, यू.टी., चंडीगढ़ के 50 प्रतिशत शेयर के स्वामित्व का हस्तांतरण। आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के अभिलेखों के अनुसार, एससीओ संख्या 828, एनएसी, मनीमाजरा, यू.टी., चंडीगढ़ के संबंध में 50 प्रतिशत शेयर श्रीमती मधु बजाज, पत्नी स्वर्गीय श्री अर्जुन देव बजाज के नाम पर है। श्री मनीष बजाज पुत्र स्वर्गीय श्री अर्जुन देव बजाज द्वारा यह सूचित किया गया है कि श्रीमती मधु बजाज पत्नी स्वर्गीय श्री अर्जुन देव बजाज का निधन 24.4.2025 को हो गया था और उन्होंने पंजीकृत वसीयत दिनांक 08.07.2022 को निष्पादित की थी, जिसके अनुसार उन्होंने अपना हिस्सा अर्थात 50 प्रतिशत श्री मनीष बजाज (पुत्र) के पक्ष में वसीयत कर दिया, जिन्होंने पंजीकृत वसीयत के आधार पर एससीओ संख्या 828, एनएसी, मनीमाजरा, यू.टी., चंडीगढ़ के संबंध में 50त्न शेयर की सीमा तक स्वामित्व अधिकारों के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है। यदि किसी को उपरोक्त आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के म्यूटेशन पर कोई आपत्ति है या इस मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा दिए गए किसी स्थगन आदेश के बारे में कोई जानकारी है जो अभी भी लागू है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उनके कार्यालय कमरा नंबर 111, पहली मंजिल, न्यू डीलक्स बिल्डिंग, नगर निगम, सेक्टर -17, चंडीगढ़ में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा उक्त संपत्ति तदनुसार स्थानांतरित कर दी जाएगी और इस कार्यालय द्वारा बाद में किसी भी चरण में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

शशि वसुंधरा, एचसीएस संयुक्त आयुक्त-III
नगर निगम, चंडीगढ़

AP-2507

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

मैं, सवी नागपाल फुटेला पुत्री श्री विजय नागपाल (आधार कार्ड नंबर 307979628720) निवासी #305, सेक्टर 37-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सवी नागपाल रख लिया है।
एपी-2621

मैं, शिवानी पुत्री श्री कृष्ण निवासी मकान नंबर 503, गांव कजहेड़ी, सेक्टर 52, चंडीगढ़ ने अपना नाम शिवानी से बदलकर सना रख लिया है और अपना धर्म भी ईसाई से बदलकर मुस्लिम कर लिया है।

मैं, जगदीश सिंह नेगी सुपुत्र गजपाल सिंह निवासी सिंगा देवी कॉलोनी नजदीक अमर बिल्डिंग मैटीरियल नर्सरी, नाडा, नयागांव, एसएएस नगर मोहाली, पंजाब, ने अपना नाम बदलकर जगदीश सिंह रख लिया है।

मैं, ऋतु देवी पत्नी जगदीश सिंह निवासी सिंगा देवी कॉलोनी नजदीक अमर बिल्डिंग मैटीरियल नर्सरी, नाडा, नयागांव, एसएएस नगर मोहाली, पंजाब, ने अपना नाम बदलकर ऋतु नेगी रख लिया है।

मैं, अमनदीप पुत्र जगदीश निवासी फ्लैट नंबर 407-बी एस्कॉन एरिना, नागला रोड, जीरकपुर जिला एस ए एस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम अमनदीप से बदलकर अमनदीप गिल रख लिया है।
एपी-2525

I Vansh s/o Vanit Sahni r/o salempur Tehsil Bilaspur Distt Yamunanagar Haryana have changed my name from Vansh to Vansh Sahni
एपी-2526

मैं, मॉंगा राम पुत्र श्री निरंजन सिंह गांव लाकर-मई प्रतापपुर (92) ए रामपुर खादर, यमुनानगर (हरियाणा) व हालाबाद पता क्वाटर नं0-ए0-10, एच0एम0टी0 टाऊनशिप, तहसील कालका, जिला पंचकुला (हरियाणा) 134101 का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम अभिनव से बदलकर अभिनव चौधरी रख लिया है।
एपी-2527

मैं, गुरमीत सैनी पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी ग्राम - भीलछप्पर, पोस्ट ऑफिस व्यासपुर, तहसील व्यासपुर, जिला यमुनानगर ब्यान करता हूं मैंने अपना नाम गुरमीत से बदलकर गुरमीत सैनी रख लिया है । सभी संबंधित नोट करें ।
एपी-2528

मैं, ठाकुर दास पुत्र नोतन दास निवासी 250, अर्बन एस्टेट, सेक्टर 5, कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम ठाकर दास से बदलकर ठाकुर दास रख लिया है।

It is for general information that I, Ankit Sroye S/o Nachhatar Singh Residence of Bazidpur (358), PO Bir Mathana, Distt Kurukshetra, Haryana-136131 declare that my name has been wrongly written as Ankit in my 10th, 12th and B.Tech Educational Marksheet. The actual name of mine is ANKIT SROYE respectively, Which may be amended accordingly.
एपी-2529

मैं, Ravindra पुत्र बाबू लाल वासी मकान नं 1070 Daria नजदीक गैस कॉलोनी चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर Ravindra से Ravinder रखा है।

मैं, नीरू नरेश गुप्ता पत्नी नरेश कुमार गुप्ता वासी मकान नं.1446, सैक्टर 22-बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर नीरू गुप्ता रखा है।

मैं, भावना सैनी पत्नी रमन कुमार सैनी निवासी मकान न0. 786, चाँद सराय, जुण्डला गेट करनाल ने अपना नाम भावना कपूर से बदलकर भावना सैनी रख लिया है।

मैं, रीना लाठर पत्नी राजिन्द्र कुमार वासी गांव डींगर माजरा डाक घरौंडा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर रीना से रीना लाठर रखा है।

मैं, किरण जीत कौर पत्नी सुखदेव सिंह वासी गांव चुरनी जागीर डाक संगोहा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर किरणजीत कौर से किरण जीत कौर रखा है।

मैं, विनय पुत्र विवेक गिल वासी मकान नं.1, हॉस्पिटल एरिया, वार्ड नं.1, नीलोखेड़ी, करनाल ने अपना नाम बदलकर विनय गिल रखा है।

मैं, अशोक कुमार पुत्र Mam राज वासी.71 ए एम डी सी सैक्टर-4 नजदीक पी एन बी बैंक गांव Bhainsa टिब्बा पंचकूला ने अपना नाम बदलकर आशीष कुमार रखा है।
एपी-2530

मैं, Gyan Singh पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव जगदीशपुरा जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम Gyan Singh से बदलकर Gian Singh रखता हूँ। सम्बंधित कृपया नोट करें।
एपी-2522

मैं, चन्दा देवी पत्नी भोला साह निवासी 1910, नजदीक बाबू राम बर्फ डिपो, इन्द्रा कालोनी, पानीपत ब्यान करती हूँ कि मेरे पैन कार्ड सख्या नं. DEAPD6726R में मेरा नाम संझा देवी लिखा हुआ है जोकि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य कागजातो मे मेरा सही नाम चन्दा देवी दर्ज है। जोकि सही व दरूस्त है। सभी सम्बंधित नोट करें।

मैं, रीना पत्नी श्री कवर निवासी गांव राणा माजरा, जिला पानीपत ब्यान करती हूँ कि मेरे राशन कार्ड में व बैंक खाता संख्या नं. 671402010001436 में मेरा नाम जरीना लिखा हुआ है जोकि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा सही नाम रीना दर्ज है। जोकि सही व दरूस्त है। सभी सम्बंधित नोट करें।
एपी-2533

मैं, सुरेश देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी रामगढ़ पंचकूला हरियाणा ने अपना नाम सुरेश देवी से बदलकर सुरेश रख लिया है।

मैं, रीना पत्नी स्वर्गीय श्री रमेश निवासी मकान नं. 2536/2, हाउसिंग बोर्ड फेस-2, रामदरबार यू.टी. चंडीगढ़, घोषणा करती हूं, कि मैंने समाचार पत्र प्रकाशन के माध्यम से अपने बेटे रोहित को बेदखल कर दिया था, लेकिन अब वह मेरे नियंत्रण में है, इसलिए मैं अपना बेदखली वापस लेती हूं, अब उसका मेरी सभी चल अचल संपत्तियों पर पूर्ण अधिकार होगा।
एपी-2532

मैं, जाधव शिवाजी दिगंबर सैन्य संख्या-15706409W रैंक- हवलदार नाम- जाधव आनंद शिवाजी का पिता हूं ओसीसी-सेना सेवा, स्थाई पता- गांव पाटोदा पोस्ट- पाटोदा तेहसील- पाटोदा, जिला- बीड, राज्य - महाराष्ट्र पिन-414204 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम शिवाजी से बदलकर जाधव शिवाजी दिगांबर कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 07/01/1956 से 01/01/1941 में सही कर ली है। शपथ पत्र क्रमांक- 98AA951648, दिनांक- 10/07/2025

मैं, सिंधुबाई शिवाजी जाधव, सैन्य संख्या- 15706409W रैंक हवलदार नाम जाधव आनंद शिवाजी की मां हूं जो ओसीसी-सेना सेवा, निवासी गांव- पाटोदा, पोस्ट- पाटोदा, तहसील- पाटोदा, जिला- बीड राज्य- महाराष्ट्र, पिन। 414204 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सिंधु जाधव से बदलकर सिंधुबाई शिवाजी जाधव कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/07/1961 से 01/01/1950 में सही कर ली है। शपथ पत्र क्रमांक-98एए 951647, दिनांक- 10/07/2025

मैं, राली बेनी, सैन्य संख्या- JC 342890L रैंक- सूबेदार नाम- राठवा दुकारियाभाई देसिंगभाई की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियरिंग रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वीटीसी- छोटा उदयपुर, डाकघर- छोटा उदेपुर, जिला- वडोदरा, राज्य- गुजरात, पिन -391165 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम राली बेनी से बदलकर राठवा रालीबेन कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901964, दिनांक- 11/07/2025

मैं, ललिता देबबर्मा नोटिया संख्या- जेसी- 286921L रैंक ( सुबेदार ) नाम- अमर नोटिया की पत्नी हूं निवासी पी.ओ. जितेंद्र नगर, गर्जन खाला, पूर्व तुलामुरा ए.डी.सी गांव - त्रिपुरा, पिन कोड - 799105 मेने अपना नाम ललिता नोटिया से बदलकर ललिता देबबर्मा नोटिया कर दिया है। और मेरी वास्तविक जन्मतिथि 01 जनवरी 1979 है।

मैं, शेख खिरुनबी सैन्य संख्या- 15742749K रैंक- लास/नायक नाम- शेख नायकुनिगारी महम्मद रसूल की मां हूं वर्तमान में यूनिट- डब्ल्यूसीएसआर सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- हाउस नंबर- 92-1-38, बोरिंग पंप सेंटर, एटी अग्रहारम चौथी लाइन, गुंटूर पोस्ट- गुंटूर कलेक्ट्रेट, जिला- गुंटूर, राज्य- आंध्र प्रदेश, पिन-522004 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम शेख खिरुनबी से बदलकर शेख खैरुन बी कर लिया है।

मैं, शेख अब्दुलखाधर सैन्य संख्या- 15742749के रैंक- लास/नायक नाम- शेख नायकुनिगारी महम्मद रसूल का पिता हूं वर्तमान में यूनिट- डब्ल्यूसीएसआर सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- हाउस नंबर- 92-1-38, बोरिंग पंप सेंटर, ए टी अग्रहारम चौथी लाइन, गुंटूर पो- गुंटूर कलेक्ट्रेट, जिला- गुंटूर, राज्य- आंध्र प्रदेश, पिन-522004 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम शेख अब्दुलखादर से बदलकर शेख अब्दुल खादर कर लिया है।
एपी-2534

मैं, नरेश कुमार गुप्ता पुत्र राम दयाल, 3455 सेक्टर 23-डी, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर नरेश कुमार रख लिया है।

मैं, रेखा गुप्ता पत्नी नरेश कुमार, 3455 सेक्टर 23-डी, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर रेखा रख लिया है।

मैं, रजनी पत्नी सिकंदर पाल निवासी गुज्जर हाउस, गली नंबर 4, विजय कॉलोनी, फाजिल्का 152123 पंजाब, ने अपना नाम रजनी भाटिया से बदलकर रजनी रख लिया है।
एपी-2535

मैं, कुनाल पुत्र सुभाष चंद, 95/18 रंगरान मोहल्ला, तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम कुनाल से बदलकर कुनाल कक्कड़ रख लिया है।
एपी-2532

मैं, नरेन्द्र कौर (NARENDER KAUR) पत्नी सूरत सिंह निवासी मकान न.106 मेन चौक गांव चौगामा जिला करनाल ने अपना नाम नरेन्द्र कौर (NARINDER KAUR) से बदलकर नरेन्द्र कौर (NARENDER KAUR) रख लिया है।
एपी-2536

मैं, मोहन पोसवाल पुत्र श्री ईलम सिंह निवासी मकान नंबर 5, चोपड़ा गार्डन, यमुनानगर कि मैंने अपने नाबालिक पुत्र का नाम Son of Monika से बदलकर Manvay पोसवाल रख लिया है।
एपी-2538

मैं, जगमाल सिंह पुत्र पीतम्बर सिंह निवासी 14/5 नजदीक खे?ा वशिष्ठ नगर बब्याल अम्बाला छावनी जिला अम्बाला कि मैने अपने ल?के गौरव चौहान उसकी पत्नी सपना ये दोनों पहले मेरे कहने सुनने से बाहर थे मैने इसलिए इन्हें 5-08-2019 को अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल कर दिया था । क्योंकि ये अब मेरे कहने सुनने मे है और मेरा ख्याल रखते है इसलिए मै इनकी की बे -दखली वापिस लेता हूँ द्य अब ये मेरी सभी चल अचल सम्पति मे बराबर के हकदार है द्य नोट करे।
एपी-2539

मैं, हरपिंदर कौर पत्नी सुखपाल सिंह गाँव बोधनी, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर रुपिंदर कौर रख लिया है।

मैं, बलदेव सिंह गाँव जाजनपुर,जिला कैथल ने अपना नाम बलदेव सिंह से बदलकर बलदेव सिंह शयोकंद रख लिया है।

मैं, रजनी व रजनी शर्मा पत्नी राकेश कुमार निवासी गली टिडवन ,पिहोवा,कुरुक्षेत्र को दोनों नाम से जाना जाता है ।

मैं, राकेश व राकेश कुमार पुत्र संसार चन्द निवासी गली टिडवन, पिहोवा,कुरुक्षेत्र को दोनों नाम से जाना जाता है ।

मैं, कृष्ण लाल पुत्र राम सिंह निवासी भट्ट माजरा सरस्वती खेड़ा ने अपना नाम बदल कर मनोज कुमार रख लिया है।
एपी-2540

### बेदखली सूचना

मैं, जयपाल पुत्र काशी निवासी वार्ड नं 4, खट्टर मोहल्ला, कलायत तहसील कलायत जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप और उसकी पत्नी सोनिया मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मैं और मेरा परिवार उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेनदेन के जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-2522

मैं, रमेश कुमार पुत्र श्री ज्ञान चंद निवासी मकान नंबर 2143, सेक्टर 52, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा सचिन मेहता और उसकी पत्नी मधु मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-2525

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

मैं, वीरभान शर्मा पुत्र श्री लच्छी राम वासी गांव सौकड़ा, तहसील नीलोखेड़ी जिला करनाल ब्यान करता हूँ की मेरे पुत्र चेतन शर्मा मेरे कहने से बाहर हैं मैं इसको कहने से बाहर होने के कारण अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ, इससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा, मैं इसके किसी भी कार्य के लिए जिम्मेवार नही होऊंगा
एपी-2530

मैं, कनीज पत्नी स्व. श्री जहुर हसन निवासी जोशी पटटी गांव क्योडक तह. व जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा लड़का आबिद पुत्र स्व. श्री जहुर हसन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-2532

मैं, ज्ञानो देवी पत्नी श्री जगदीश चन्द निवासी रादौर, तह. रादौर जिला यमुनानगर, हरियाणा की हूं और अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र राजेश कुमार मेरे कहे अनुसार नहीं चलते है यह है कि मैं अपने पुत्र राजेश कुमार को अपनी जमीन और जायदाद से बेदखल करती हूं। यह है कि मेरा पुत्र राजेश कुमार मेरे साथ दुर्व्यवहार करता है और मेरे साथ गाली गलौच व मारपीट भी करते हैं। यह है कि आज के बाद राजेश कुमार से हमारा, मेरा परिवार और रिश्तेदारों से कोई रिश्ता नहीं है और आज के बाद अगर कोई झगड़ा या लेनदेन होगा तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
एपी-2537

मैं, आरती पत्नी स्वर्गीय पदम कुमार निवासी गाँव मुलाना उप तहसील मुलाना जिला अम्बाला कि मेरा लड़का रितिक मेरे कहने सुनने से बाहर है मै इसे अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल करती हूँ इससे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा मै या मेरा परिवार जिम्मेवार नही होगा। नोट करे।
एपी-2539

हम, बलदेव सिंह पुत्र नायब सिंह और श्रीमती रेखा पत्नी बलदेव सिंह, दोनों निवासी # 2099/4, पिपली वाला टाउन, मनीमाजरा, चंडीगढ़, घोषणा करते हैं कि हमारा बेटा विशाल, उसकी पत्नी अंजली और उनका बच्चा रक्षित हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। हमने उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्ति से वंचित कर दिया है। अगर कोई भी उनके साथ कोई लेन-देन करता है, तो हम इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-2541

### खोया-पाया

मैं, सीमा पत्नी देवी दयाल निवासी 70 एचपीएसईबी कॉलोनी डाकधर भूंतर, शाढ़ाबाई, कुल्लू (हिमाचल) मेरी बैयनामा रजिस्ट्री नंबर 372 तिथि 24-5- 2018 जो कि बेबी पत्नी प्रमोद कुमार निवासी चाउवाला तहसील जगाधरी (यमुनानगर) के नाम दर्ज है। वह असल रजिस्ट्री 15 जून 2025 को कहीं गुम हो गई है। इस रजिस्ट्री पर किसी भी सरकारी या गैर सरकारी बैंक संस्था में कोई ऋण नहीं है। इस बारे यदि किसी को कोई ऐतराज है तो वह 15 दिन के अंदर अपना एतराज इंडियन बैंक शाखा बराड़ा में कर सकता है।
एपी-2532

हमारी रजिस्ट्री प्रलेख नंबर 251/1 दिनांक 03.05.2018 जोकि, जोकि जागीरों देवी के नाम से है, वह 4.7.2025 को नारायणगढ़ में गुम हो गकई है। जिसकी FIR नंबर 132400122500721 छप्पर थाने में दर्ज है। अगर किसी को मिले तो वह सुखविंदर सिंह पुत्र करतार सिंह,359, गांव कोतरखाना जिला यमुनानगर को सूचित करें।
एपी-2538

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# हरियाणा में जल्द आ सकता है जन विश्वास विधेयक : मुख्य सचिव

## छोटे अपराधों को अपराध-मुक्त करने, नियामक बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य, विभागों में अनुपालन बोझ भी होगा कम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** हरियाणा में निवेश का माहौल बढ़ाने और प्रदेश को व्यापार-अनुकूल गंतव्य बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, राज्य सरकार की योजना हरियाणा जन विश्वास विधेयक लाने की है। इस ऐतिहासिक विधेयक का उद्देश्य छोटे-मोटे अपराधों को अपराध से मुक्त करने के साथ-साथ नियामक बाधाओं को दूर करना और विभागों में अनुपालन बोझ को कम करना भी है।

कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव के.के. पाठक की अध्यक्षता में अनुपालन में कमी और और विनियमन को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में हुई बैठक के दौरान इन पहलों की जानकारी दी गई।

हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार विनियमन को बढ़ावा देकर, छोटे अपराधों को अपराध-मुक्त और अनुपालन बोझ को कम करके कारोबारी सहुलियत बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्य सचिव ने आगे कहा कि राज्य सरकार का दृष्टिकोण समग्र है। चाहे औद्योगिक स्वीकृतियों को सुव्यवस्थित करना हो, भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण हो या भवन बिल्डिंग कोड को सरल बनाना हो, हर उपाय का मकसद निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और उद्यम को सहायता देना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं देश में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विनियमन और अनुपालन में कटौती के उपायों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष सुधार केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लागू किए जाएँगे।

कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव श्री के.के. पाठक ने व्यापार सुधारों में अग्रणी राज्य के रूप में हरियाणा की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को अनुपालन में कमी और विनियमन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राज्य से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने बताया कि किस तरह गुरुग्राम और फरीदाबाद आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं, यहाँ तक कि कई मानकों में दिल्ली से भी आगे निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास और आर्थिक गतिशीलता के मामले में हम हरियाणा को गुजरात, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों के बराबर मानते हैं।

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि पिछले एक दशक में, हरियाणा ने तीन प्रमुख विभागों में 36 पुराने अधिनियमों को निरस्त किया है और 37 छोटे आपराधिक प्रावधानों को हटाया है। जन विश्वास विधेयक कानूनी आधुनिकीकरण के अगले चरण का प्रतीक है। इस सुधार की अगुवाई कर रहे उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने 37 विभागों के 230 से अधिक अधिनियमों की व्यापक समीक्षा शुरू की है।

इन सुधारों का सुव्यवस्थित और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार ने एक समर्पित राज्य-स्तरीय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) प्रकोष्ठ की स्थापना की है। मुख्य सचिव की प्रत्यक्ष देखरेख में यह प्रकोष्ठ विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है, कानूनी प्रावधानों का विश्लेषण कर रहा है और सरलीकरण की सिफारिश कर रहा है।

इसके साथ ही, जटिलता को कम करने और एकीकृत योजना को आगे बढ़ाने के लिए, हरियाणा अपनी भूमि उपयोग नीतियों और विकास नियमों को भी युक्तिसंगत बना रहा है। राज्य ने मिश्रित भूमि उपयोग मॉडल को अपनाया है, जिससे अधिकांश क्षेत्रों में आवासीय, वाणिज्यिक और सार्वजनिक उपयोगों की अनुमति मिल गई है। लाल श्रेणी सहित सभी प्रकार के उद्योगों के लिए औद्योगिक क्षेत्रों को खोल दिया गया है, जबकि गैर-लाल श्रेणी के उद्योगों को कृषि क्षेत्रों में भी अनुमति है। सर्विस रोड के किनारे छोटी व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति है, और आवासीय क्षेत्रों में पूर्व अनुमति से गैर-आवासीय उपयोग किए जा सकते हैं। वर्तमान में एक समिति भूमि उपयोग उप-वर्गीकरण को और सरल बनाने के लिए काम कर रही है, जिसकी सिफारिशें जल्द आने की उम्मीद है।

इसके अलावा, एचएसआईआईडीसी के भूमि बैंक को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया है और इसे इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है। निवेशक अब आवंटित और गैर-आवंटित भूखंडों के बारे में रीयल टाइम जानकारी के साथ-साथ जल आपूर्ति, सीवरेज, जल निकासी और बिजली जैसे बुनियादी ढाँचे के बारे में आसानी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्लग-एंड-प्ले बुनियादी ढाँचे को सक्षम करने के लिए, राज्य ने आईएमटी फरीदाबाद जैसी औद्योगिक सम्पदाओं में फ्लैटेड कारखाने विकसित किए हैं, जहां नई इकाइयाँ जल्द परिचालन शुरू कर सकती हैं।

इसके अलावा, राज्य में हरियाणा बिल्डिंग कोड-2017 के तहत निर्माण अनुमोदनों में तेजी लाने के लिए संस्थागत सुधार किए जा रहे हैं। कम जोखिम वाली औद्योगिक इमारतों के लिए स्व-प्रमाणन की अनुमति है और आवश्यक दस्तावेज जमा करवाने के बाद कब्जा प्रमाण पत्र आठ कार्य दिवसों के भीतर जारी किए जाते हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने और विवादों को हल करने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसियां और फैक्ट-फाइंडिंग मेकैनिज्म भी मौजूद है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा जन विश्वास एजेंडा के तहत श्रम सुधारों पर भी खास जोर दिया गया है। हरियाणा दुकान एवं प्रतिष्ठान विधेयक के नए मसौदे में प्रगतिशील प्रावधान किए गए हैं। इन प्रावधानों में केवल सूचना देकर महिलाओं के लिए रात्रि पाली की अनुमति देना, कोरम मानदंडों में ढील देना, पेंट्री आवश्यकताओं को सरल बनाना और दैनिक कार्य घंटों को ब?ाकर 10 और तिमाही ओवरटाइम सीमा को 156 घंटे करना शामिल है। दस से कम कर्मचारियों वाली दुकानों को इस अधिनियम से छूट दी जाएगी, जिससे छोटे व्यवसायों को काफी लाभ होगा। पंजीकरण प्रमाण पत्र अब 24 घंटे के भीतर अंतरिम आधार पर जारी किए जाते हैं। साथ ही, उन्हें नवीनीकरण की भी आवश्यकता नहीं होती।

व्यवसाय-संबंधी सभी आवश्यक सेवाओं को 'इन्वेस्ट हरियाणा सिंगल विंडो' पोर्टल के अंतर्गत लाया गया है, जो राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम के साथ एकीकृत है। इंटरैक्टिव डैशबोर्ड, पॉलिसी ट्रैकिंग और चैटबॉट स्पोर्ट के साथ संशोधित एआई-संचालित इन्वेस्ट हरियाणा पोर्टल दिसंबर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### कुरुक्षेत्र में स्कूली बच्चों के ऑटो को कार ने मारी टक्कर

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** कुरुक्षेत्र में सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार स्कोडा कार ने मूक-बधिर बच्चे और स्टाफ को स्कूल लेकर जा रहे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस एक्सीडेंट में ऑटो में सवार 4 मूक-बधिर बच्चों समेत 9 लोग जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, ड्राइवर अशोक कुमार अपने ऑटो में 8 मूक-बधिर बच्चे और स्कूल स्टाफ को नए बस स्टैंड से लेकर सुंदरपुर के सार्थक मूक-बधिर स्कूल में छोडने जा रहा था। ये स्कूल रिटायर्ड डीसी सुमेधा कटारिया का है। जैसे ही लघु सचिवालय रोड पर आकाशवाणी केंद्र कुरुक्षेत्र के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार स्कोडा कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो डिवाइडर से टकराया गया। एक्सीडेंट होते ही घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत बच्चों और घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और घटना की सूचना एम्बुलेंस और डायल-112 को दी। एम्बुलेंस की मदद से घायलों को एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में हुई चोरी का 2 घंटे में किया पर्दाफाश, आरोपी काबू



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना पुलिस ने मात्र 2 घंटे में घर में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से रुपये 5,000 नकद और अन्य चोरीशुदा सामान बरामद हुआ है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि 10 जुलाई को सुंदर नगर निवासी प्रदीप कुमार के घर से चोरी की सूचना मिली थी। एचसी मनदीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू कर आसपास के सीसीटीवी खंगाले और वैज्ञानिक तरीकों से आरोपी की पहचान की। गिरफ्तार आरोपी सन्नी पुत्र बिट्टू, निवासी रतिया रोड, तिलक नगर, पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 व 331(3) के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया जा रहा है।

### बच्चों ने गुरु पूर्णिमा पर की वृद्धाश्रम में सेवा



**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को खाना खिलाया व उनकी सेवा कर उनका आशीर्वाद लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने इसका उद्देश्य बताते हुए कहा कि बुजुर्ग हमारे सबसे बड़े गुरु हैं क्योंकि उनके पास पुरे जीवन का अनुभव है और उन्हें हर स्थिति का सामना करने के गुर भली भांति आते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए स्कूल के विद्यार्थियों को बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम ले जाया गया जहाँ विद्यार्थियों ने सबसे पहले पूजा की और बुजुर्गों को खाना खिलाने के बाद उनके पास बैठकर उनके जीवन के बारे में विचार विमर्श किया और उनके अनुभवों से बहुत कुछ सीखा। बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने स्कूल के बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी स्कूलों को इस तरह के संस्कार विद्यार्थियों में विकसित करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए ताकि वर्तमान युग में भटकती हुई युवा पीढ़ी को सही मार्ग पर चलाया जा सके।

# केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सुनी जनसमस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 11 जुलाई।** हरियाणा सरकार के केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को भालसी (मडलौडा) स्थित अपने निवास स्थान पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न जिलों से पहुंचे नागरिकों और कार्यकर्ताओं से मंत्री पंवार ने आत्मीय भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और व्यक्तिगत रूप से जनसमस्याएं सुनीं।



केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार जनसुनवाई के दौरान लोगों से संवाद करते हुए।

जनसुनवाई के दौरान मंत्री पंवार ने कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की समस्या का समाधान ही उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा जनसेवा को अपना धर्म मानता हूँ। जनता की समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं। उनका समाधान मेरा दायित्व है।'

यह कोई पहली बार नहीं है जब मंत्री पंवार ने आमजन से सीधे संवाद किया हो। चाहे वे चंडीगढ़ में हों या मतलौडा, पानीपत में, वे हमेशा आमजन, कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों से सहजता से मिलते हैं और सम्मानपूर्वक उनकी बात सुनते हैं। भालसी स्थित उनका निवास आमजन के लिए एक खुला जनसंपर्क केंद्र जैसा बन गया है, जहाँ बिना किसी औपचारिकता के लोग अपनी बात रख सकते हैं। मंत्री पंवार की सादगीपूर्ण जीवनशैली, जमीन से जुड़ा व्यवहार और समस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण उन्हें एक सच्चे जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित करता है।

वे नियमित रूप से गांवों का दौरा करते हैं और प्रशासनिक अधिकारियों से जनता के मुद्दों को प्राथमिकता से हल करने का आग्रह करते हैं।

इस जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिक, किसान, महिलाएं, युवा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए।
















# पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर से दूर होगी नकारात्मकता, मिलेगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद



कभी-कभी व्यक्ति के जीवन में कुछ परेशानियां ऐसी आ जाती हैं, जिससे वह पूरी तरह से निराश हो जाता है। उसको समझ नहीं आता कि वह अपनी समस्याओं से छुटकारा कैसे पाए। ऐसे में अगर आप भी ऐसी समस्याओं से घिरे रहते हैं, तो वास्तु समाधान आपके काम आ सकता है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर में हनुमान की पंचकोणीय प्रतिमा स्थापित करने घर में कभी दुर्भाग्य नहीं आता है। वहीं हनुमान जी को संकटमोचक भी कहा जाता है। इनके स्मरण मात्र से जातक को सभी समस्याओं से मुक्ति मिल जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हनुमान जी के पंचमुखी अवतार का महत्व क्या है और इसको किस दिशा में लगाना शुभ माना जाता है।

वास्तु के अनुसार, अगर आप अपने घर में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाते हैं, तो इससे घर में मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इस तस्वीर को लगाने से निगेटिव एनर्जी दूर हो जाती है। हनुमान जी के पांच मुखों के अलग-अलग अर्थ हैं। हनुमान जी के ये सभी चेहरे अलग-अलग दिशाओं को देखते हैं। पूर्व दिशा में मुख शत्रुओं को परास्त करते हुए है। पश्चिम दिशा में गरुड़ मुख है, जो जीवन की समस्याओं और बाधाओं को दूर करने वाला है। उत्तर की ओर वाराह मुख है और इसको प्रसिद्धि व शक्ति का तत्व माना जाता है। दक्षिण दिशा की ओर नृसिंह मुख है, जोकि जीवन के भय को दूर करता है। आकाश की ओर दिव्य घोड़े का मुख है, जो लोगों की मनोकामनाएं पूरी करता है।

वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर के मुख्य द्वार पर पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाना शुभ माना जाता है। इस स्थान पर तस्वीर लगाने से किसी भी तरह की बुरी शक्तियां घर में प्रवेश नहीं कर पाती हैं। घर में पंचमुखी हनुमान जी का ऐसा चित्र लाएं, जिसमें वह दक्षिण दिशा की ओर देख रहे हों। वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर के मुख्य द्वार पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाना सबसे शुभ माना जाता है। इस स्थान पर तस्वीर लगाने से किसी भी तरह की बुरी शक्तियां घर में प्रवेश नहीं कर पाती हैं। पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाने से घर में सुख-सौभाग्य और समृद्धि आती है। घर के दक्षिण-पश्चिम कोने में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाने से सभी तरह के वास्तु दोष दूर हो जाते हैं।

**ऐसे स्थापित करें पचंमुखी हनुमान जी तस्वीर:** जिस स्थान पर पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करनी है, उस स्थान को साफ करें और गंगाजल छिड़कें।

अब तस्वीर को स्थापित करने से पहले आपको हनुमान जी की पूजा करनी चाहिए। फिर उनको धूप, दीप, फूल और प्रसाद आदि अर्पित करें। इस दौरान हनुमान जी के मंत्रों का जाप करना चाहिए।

तस्वीर या मूर्ति की ऊंचाई इतनी होनी चाहिए कि इस पर आसानी से आपकी दृष्टि जाए। ऐसे में आप इसको देखेंगे तो आपको पॉजिटिव एनर्जी महसूस होगी। मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी को समर्पित होता है। इन दोनों में से किसी भी दिन तस्वीर लगाई जा सकती है।

नियमित पूजाः एक बार स्थापित करने के बाद आपको रोजाना पंचमुखी हनुमान जी को धूप-दीप दिखाना चाहिए। हनुमान चालीसा का पाठ करें और हनुमान जी के मंत्रों का जाप कर सकते हैं। अगर आप हर दिन पूजा नहीं कर सकते हैं, तो मंगलवार और शनिवार को जरूर करना चाहिए।

पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर हमेशा सही दिशा और सही तरीके से लगाना चाहिए। इससे घर-परिवार में खुशहाली आती है और इससे वास्तु दोष भी दूर होता है और निगेटिव एनर्जी से भी छुटकारा मिलता है।

# चरित्रवान व्यक्ति ज्ञान की श्रेष्ठता प्राप्त करने में रहते हैं सफलः मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** चरित्रवान व्यक्ति ज्ञान की श्रेष्ठता प्राप्त करने में सफल रहते हैं। यदि संसार में मानवीय संबंधों में कड़वाहट उत्पन्न हो रही है, तो इसका एक ही सबसे प्रमुख कारण है, वह है चारित्रिक पतन की पराकाष्ठा। यह आकलन करने में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि यदि संपूर्ण मानवजाति चरित्र के मूलमंत्र को अपने जीवन में उतार ले, तो पृथ्वीलोक स्वर्गसमान हो जाएगा। चरित्र का संरक्षण कर साधारण मनुष्यों ने जीवन में बहुत ऊंचाइयां प्राप्त की हैंचरित्रवान व्यक्ति के रूप में भलीभांति स्थापित हैं। उनकी आध्यात्मिक, दार्शनिक अंतर्दृष्टि से कौन विद्वान परिचित नहीं है। चरित्र में सज्जनता आदि मानवीय गुणों को शामिल किया जाता है। यह हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि जीवन को सही दिशा में अग्रसर करके वही लोग लक्ष्य को प्राप्त कर पाते हैं, जो जीवनभर सच्चरित्रता की राह पर आगे बढ़ते हैं। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा संस्कृति वस्त्रों में नहीं, बल्कि चरित्र के विकास में है। हमारे चरित्र का निर्माण हमारे विचार करते हैं। इसलिए चरित्र को बदलने के लिए विचारों को बदलना जरूरी होता है। असल में ज्ञान का सामान्य अर्थ जानकारी है, लेकिन वास्तविक ज्ञान आत्मज्ञान की जानकारी है। आत्मज्ञान ही वह अमृत है जिसे पाने के बाद और कुछ पाना शेष नहीं रह जाता। व्यक्ति का चरित्र ही उसकी महानता की सच्ची कसौटी है। यानी उसके चरित्र की पूर्ति धन, यश, विद्वत्ता आदि में से कोई नहीं कर सकता। महान व्यक्ति अपने चरित्र की पवित्रता बनाए रखने के लिए हर तरह के त्याग के लिए हमेशा तैयार रहता है। चरित्र के बगैर व्यक्ति का जीवन वैसा ही है जैसे रीढ़ की हड्डी के बगैर शरीर।

मनीषीश्रीसंत ने कहा मनुष्य की महानता की पहचान उसके पद, अधिकार, ऐश्वर्य या धन-संपदा से नहीं, बल्कि उसकी विनम्रता, उदारता और कर्तव्य परायणता से होती है। स्वामी विवेकानंद के शरीर पर भगवा वस्त्र और पगड़ी को देखकर एक विदेशी व्यक्ति ने टिप्पणी की थी। यह आपकी कैसी संस्कृति है। तन पर केवल एक भगवा चादर लपेट रखी है। कोट-पैंट जैसा कुछ भी पहनावा नहीं है। इस पर स्वामी जी मुस्कराए और बोले-हमारी संस्कृति आपकी संस्कृति से बिल्कुल अलग है। आपकी संस्कृति का निर्माण आपके दर्जी करते हैं, जबकि हमारी संस्कृति का निर्माण हमारा चरित्र करता है।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया एक संत के पास उनका एक शिष्य आया और उनसे पूछा, ह्यमैं कौन हूं?ह्न गुरुजी ने एक थाली में पानी भरकर कहा था इसमें अपना मुख देखोगे तो तुम अपना साक्षात्कार कर लोगे। जब शिष्य ने उसमें अपना मुख देखा तो उसे लगा कि वह अति सुंदर है, लेकिन अगले ही पल उसे महसूस हुआ कि समय के साथ उसके मुख का स्वरूप भी बदल जाएगा और तब वह इतना सुंदर नहीं रहेगा। उसी पल उसे अपने सुंदर मुख से घृणा होने लगी और वह यह बात समझ गया कि जो चीज कुछ समय बाद जीर्ण-क्षीण हो जाए वह उसका स्वरूप कैसे हो सकता है।

# प्रेम, शांति और संयम से होता है आत्मा का उत्कर्षः पूज्य अरुण मुनि जी महाराज

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत।** इन भावनात्मक पंक्तियों से शुरुआत करते हुए संघ शास्ता, शासन प्रभावक पूज्य गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के शिष्य, योगीराज, युवा प्रेरक, आगम ज्ञाता पूज्य श्री अरुण मुनि जी महाराज ने चातुर्मास प्रवचन सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित किया। अपने ओजस्वी व प्रेरणापूर्ण प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने चातुर्मास के आध्यात्मिक महत्व, जीवन के मूल्य, और सत्य की खोज पर प्रकाश डाला। पूज्य मुनिश्री ने कहा कि भगवान महावीर ने मानवता को जो सबसे कीमती धरोहर दी है, वह है अपने अपने कर्मों के अनुसार वह है जीवन। यह केवल सांस लेने का साधन नहीं, बल्कि आत्मा के उत्थान और कर्मों के बंधन से मुक्ति का साधन है जीवन एक यज्ञ है, और इस यज्ञ में हमें अपने क्रोध, अहंकार, वासना जैसे विकारों की आहुति डालनी है। जो ऐसा करता है, वही सत्य को प्राप्त करता है। उन्होंने आगे कहा, प्रेम ही ध्यान है, प्रेम ही सामायिक है, प्रेम ही तप है और प्रेम ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने बताया कि जो आत्मा प्रेम से भर जाती है, वह केवल 48 मिनट में भी जीवन की दिशा और दशा बदल सकती है। मुनिश्री ने कहा कि जिस साधु या श्रावक के पास मन की शांति और प्रेमभाव होता है, वह संसार का सबसे अमीर व्यक्ति होता है, चाहे उसके पास भौतिक धन हो या न हो। पूज्य अरुण मुनि जी महाराज ने चातुर्मास को आत्मशुद्धि, संयम और साधना का अवसर बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस पावन काल का उपयोग आत्मचिंतन, स्वाध्याय और संयम के अभ्यास में करें। प्रवचन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूज्य मुनिश्री के विचारों को सभी ने गहराई से आत्मसात किया। समापन पर सामूहिक सामायिक का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने चातुर्मास की प्रत्येक रात्रि को आत्मविकास को समर्पित करने का संकल्प लिया।

# महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे

इन्सान का यह भ्रम है कि मैं यदि जंगलों वीरानों में जाकर डेरे लगा लूं, परिवार से नाता तोड़ लूं, तो सबसे छुटकारा प्राप्त करके, मैं शान्त हो जाऊँगा। यहां तो मुझे क्रोध भी आता है, यहां तो लालच भी आ जाता है, चहां तो और कई विकार भी हावी हो जाती हैं, तो वहां सभी से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन यह ठीक नहीं। क्योंकि किसी महात्मा ने गृह त्याग का मार्ग नहीं बतलाया। हां गृहस्थ में रहते हुए भी आसक्ति का त्याग जरुर होना चाहिए।

गुरु साहिब अपने प्रचार यात्रा करते हुए जंगलों से गुजर रहे थे। वहां एक इंसान आंखे बन्द करके समाधि लगाए बैठा हुआ था। महात्मा उसके पास गये। जब वह समाधि से बाहर आया, आंखें खोली तो उससे पूछा कि 'आप यहां पर क्या कर रहे हैं?' वह कहने लगा कि 'मैं यहां प्रभु प्राप्ति के लिए सभी बंधनों को छोड़कर आया हूँ। जब मैं परिवार में था, तो सब विकार मुझे सताते थे। अब न मुझे लालच है, न क्रोध है। कुछ भी तो नहीं, अब मैं बहुत शांत हूँ'। महापुरुष ने समझया कि 'यह कोई महानता नहीं। महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे। यह तो कोई भक्ति नहीं, बहादुरी नहीं।' वह कहने लगा कि नहीं, मैंने अपना सही अनुभव बतलाया है। इतनी देर से उसने फिर आँखें बन्द कर लीं, समाधि में चला गया। जो महात्मा उसे समझा रहे थे, उन्होंने उसके आगे से लोटा उठाकर थोड़ी दूर पेड़ के नीचे रख दिया। जब वह समाधि से बाहर आया, आँखें खोली तो क्या देखा कि सामने जो लोटा था, वह नहीं। उसी वक्त गाली-गलोच शुरु हो गई।



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

कहने लगा कि जिसने मेरा लोटा चुराया है, उसका सर्वनाश हो जाए, उसका कुछ न रहे। जितना कह सकता था, कह दिया। तब महात्मा ने मुस्कुरा कर कहा कि अभी थोड़ी देर पहले तू कह रहा था कि मेरा क्रोध समाप्त हो गया है, लेकिन एक लोटा ही आंखों से ओझल होने पर तुझे इतना क्रोध आ गया है।

## पंचांग

शनिवार, 12 जुलाई, 2025, सूर्योदयः 05:32 ए एम, सूर्यास्तः 07:22 पी एम, चन्द्रोदयः 08:46 पी एम, चन्द्रास्तः 06:37 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः श्रावण, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वितीया - 01:46 ए एम, जुलाई 13 तक, नक्षत्रः उत्तराषाढा - 06:36 ए एम तक, योगः विष्कम्भ - 07:32 पी एम तक, करणः तैतिल - 02:00 पी एम तक, द्वितीय करणः गर - 01:46 ए एम, जुलाई 13 तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः मकर, राहुकालः 08:59 ए एम से 10:43 ए एम, गुलिक कालः 05:32 ए एम से 07:15 ए एम, यमगण्डः 02:10 पी एम से 03:54 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:59 ए एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:32 ए एम से 06:27 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:27 ए एम से 07:22 ए एम, अमृत कालः 08:21 पी एम से 09:59 पी एम, वर्ज्यः 10:39 ए एम से 12:16 पी एम

## भविष्य फल



**मेषः** सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए नवीन अवसर प्राप्ति के लिए अच्छा समय है।

**वृषः** आज घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा।

**मिथुनः** धन लाभ हो सकता है। ऐसे काम से फायदा होगा जो लंबे समय तक चलेगा।

**कर्कः** आज आपके पारिवारिक वातावरण में अनुकूलता रहेगी। परिवार संग आनन्द उठाएंगे।

**सिंहः** आप सरकार से किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि आप समय पर अवसर का पूर्ण रूप से उपयोग कर लेते हैं।

**कन्याः** आज जीवनसाथी के सहयोग से आपका कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त हो सकता है।

**तुलाः** सोचे हुए पुराने काम शुरू करें। फायदा हो सकता है। आज आप अच्छा महसूस करेंगे।

**वृश्चिकः** आज घर में परिवारजनों का आप के प्रति विरोध रहेगा। अधिक तेजी से वाहन नहीं चलाएं।

**धनुः** भावनात्मक फैसलों के लिए बहुत अच्छा समय नहीं है, क्योंकि इस अवधि के दौरान आप जो भी निर्णय लेंगे, उसे पूरा करना मुश्किल होगा।

**मकरः** आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में रौनक का माहौल बना देगा। काम से जुड़ी कोई खुशखबरी मिलेगी।

**कुंभः** आज आप मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। दिनभर पैसों के बारे में ही सोचते रहेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

**मीनः** आज शरीर में स्फूर्ति कम रहने के कारण कार्य करने का उत्साह कम रहेगा। आपके प्रिय का आक्रामक मिजाज कोई बड़ा विवाद करा सकता है।

# स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई में दाखिले के लिए 15 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदनः कुलपति प्रो. अशोक कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई/सोनीपत। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई (सोनीपत) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी 15 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात, 16 जुलाई से 31 जुलाई तक 250 लेट फीस के साथ आवेदन की सुविधा दी जाएगी।

विश्वविद्यालय ने एक छह सप्ताह का 'लाइफगार्ड प्रमाणपत्र कोर्स भी अभी जोड़ा है। जो स्विमिंग क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। विश्वविद्यालय द्वारा पेश किए जा रहे खेल आधारित पाठ्यक्रमों में युवाओं की रुचि लगातार बढ़ रही है। अब तक कुल 709 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि उपलब्ध सीटें 500 हैं। जल्द ही प्रवेश की प्रक्रिया, जिसमें फिजिकल टेस्ट और अन्य चरण शामिल हैं, आरंभ की जाएगी। संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से उपलब्ध रहेगी।

इस सत्र में निम्न प्रमुख पाठ्यक्रमों में दाखिले की सुविधा उपलब्ध है, चार वर्षीय बीएससी (खेल विज्ञान), चार वर्षीय बीपीईएस (बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स), दो वर्षीय एमपीईएस (शारीरिक शिक्षा एवं खेल), एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग, जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाज़ी, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, कुश्ती, योग, जूडो, तैराकी, हॉकी, शूटिंग, एवं तलवारबाज़ी जैसे खेल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय ने खेल क्षेत्र से जुड़े विशेषीकृत एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है, जिनमें शामिल हैं, खेल मनोविज्ञान, खेल पोषण, खेल प्रबंधन, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग, स्पोर्ट्स जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन

कुलपति प्रो. अशोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्पोर्ट्स कोचिंग में पीजी डिप्लोमा को नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस), पटियाला, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई), ग्वालियर, अथवा भारत सरकार द्वारा यूजीसी से मान्यता प्राप्त अन्य खेल विश्वविद्यालयों के समकक्ष माना जाएगा। इस संदर्भ में हरियाणा सरकार के खेल विभाग द्वारा दिनांक 14.06.2024 को पत्र क्रमांक 2/4/2024-4S भी जारी किया जा चुका है।

उन्होंने आगे बताया कि सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.suoh.ac.in पर जाकर ÷एडमिशन÷ टैब के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है।

# प्राइवेट प्ले स्कूल को पंजीकरण करवाना अनिवार्य अन्यथा होगी सख्त कार्रवाईः सुशील सारवान

> प्राइवेट प्ले स्कूल चलाने वाले संचालक पंजीकरण करने के लिए तुरंत सरल हरियाणा पोर्टल पर करें ऑनलाईन आवेदन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली व महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्राईवेट प्ले स्कूल चलाने वाले संचालक पंजीकरण करने के लिए तुरंत सरल हरियाणा पोर्टल पर तुरंत ऑनलाईन आवेदन करवाएं। उन्होंने कहा कि अधिका जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस पर जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

उपायुक्त ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का दाखिला करवाने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि सभी प्राइवेट प्ले स्कूल संचालक विभागीय दिशा निर्देशानुसार जल्द से जल्द पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा इसके बाद बिना पंजीकरण के चल रहे प्ले स्कूलों को नियमानुसार बंद करवा दिया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी ने बताया कि पंजीकरण करवाने के लिए विभाग द्वारा नियम व शर्तें निर्धारित की गई है, जिनकी पालना करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि प्ले स्कूल में 20 बच्चों के अनुपात पर एक शिक्षक व एक देखभालकर्ता होना चाहिए। इसके अलावा प्ले स्कूलों में स्वच्छता, बच्चों की सुरक्षा व देखभाल के लिए पर्याप्त कर्मचारी होने चाहिए। प्ले स्कूल के भवन के चारों और बाउंड्री वॉल और फेंसिंग होनी चाहिए। प्र्याप्त वेंटिलेशन और सर्कुलेशन क्षेत्र हो। बच्चों के लिए अलग से विश्राम गृह हो। लड़कों व लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय व पीने का पानी उपलब्ध होना चाहिए।

प्ले स्कूलों में बच्चों की न्यूनतम आयु 03 वर्ष तथा अधिकतम आयु 06 वर्ष होनी चाहिए और शैक्षिक समय 3-4 घण्टे प्रतिदिन होना चाहिए। प्रत्येक कक्षा के लिए पर्याप्त शिक्षा सामग्री होनी चाहिए। प्ले स्कूल में पुस्तकालय, खेल समाग्री होनी चाहिए। प्ले स्कूलों में प्राथमिक चिकित्सा के लिए बेसिक मेडिसिन किट, ओआरएस पैकेट तथा तिमाही स्वास्थ्य जांच की सुविधा होनी चाहिए। इसके अलावा बच्चों का रिकार्ड जैसे नामांकन फार्म, बच्चों और उनके माता-पिता की प्रोफाइल, बच्चों व कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर, स्वास्थ्य जांच रिकार्ड तथा स्टॉक रजिस्टर होना चाहिए।

## 15 जुलाई को पीएम इंटर्नशिप योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आयोजित वर्कशॉप को संबोधित करें मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी 15 जुलाई को पीएम इंटर्नशिपयोजना(पीएमआईएस) के तहत राजीव गांधी एजुकेशन सिटी राई स्थित आईआईटी दिल्ली एक्सटेंशन टेक्नो पार्क में आयोजित वर्कशॉप को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करेंगे। इस वर्कशॉप में मुख्य सचिव हरियाणा राज्य में पीएमआईएस योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर सरकारी कॉलेजों, सरकारी पॉलिटेक्रिक संस्थानों और सरकारी आईटीआई के प्रिंसिपलों व प्लेसमेंट अधिकारियों, औद्योगिक एसोसिएशनों व निजी कंपनियों के पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करेंगे। बैठक की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने आईआईटी दिल्ली एक्सटेंशन टेक्नो पार्क का दौरा करते हुए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कांफ्रेंस हॉल, कैंटिन, रिस्पेशन स्थाल आदि का दौरा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में पीएम इंटर्नशिप योजना(पीएमआईएस) की घोषणा की गई थी और भारत सरकार ने अक्टूबर 2024 में इस योजना को लांच किया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पांच वर्षों में देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है ताकि युवाओं को अनेक क्षेत्रों में कौशल बनाया जा सके।

# सड़क नियम जीवन उपकरण के तहत आयोजित किए जाएंगे जागरूकता कैंपः सचिव प्रचेता सिंह

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(डीएलएसए) द्वारा सड़क नियम जीवन उपकण के तहत व नालसा स्कीमो 2025 के प्रति जागरूकता लाने के लिए कैम्पों का आयोजन किया जाएगा।

16 जुलाई को सोनीपत बस स्टैंड पर अरुण कुमार शर्मा लीगल एड काउंसलर व एसएचओ सिविल लाइन के नेतृत्व में, 17 जुलाई को ऑटो स्टैंड पार्किंग एरिया नियर रेलवे स्टेशन पर शिवप्रसाद शर्मा लीगल ऐड काउंसलर व एसएचओ सिविल लाइन के नेतृत्व में, 18 जुलाई को ऑटो स्टैंड पार्किंग एरिया बस स्टैंड पर विकास सैनी लीगल एड काउंसलर के नेतृत्व में, 21 जुलाई को ऑटो स्टैंड पार्किंग एरिया सिविल हॉस्पिटल,विक्रम सैनी लीगल ऐड काउंसलर व एसएचओं सेक्टर 27 के नेतृत्व में, 22 जुलाई को बस स्टैंड सोनीपत मे विकास सैनी लीगल ऐड काउंसलर व एसएचओ सिविल लाइन के नेतृत्व में, जागरूकता शिवरो का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न, सम्मान उसकी गरिमा, साइबर फ्रोड के प्रति, बाल विवाह के प्रति जागरूकता, मानव अधिकार और उसका संरक्षण, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता, नालसा द्वारा जागृति व सूचना प्रदर्शिता,जागरूक करने व शिक्षा का हक नई राह नई पहचान, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य,लोक अदालत के प्रति, जागरूक करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कैंपों का आयोजन किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने पर गिरफ्तार

सोनीपत (अप्रस)। जिले के थाना सदर गोहाना की पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारो का प्रदर्शन करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल उर्फ लेफ्टी पुत्र सतीश निवासी महमूदपूर जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बतलाया की गत 22 अप्रैल 2025 को थाना सदर गोहाना में कार्यालय पुलिस आयुक्त सोनीपत से एक जाँच रिपोर्ट थाना मे प्राप्त हुई थी जिसमे शाखा सोनीपत द्वारा दौराने जांच पाया गया कि ईस्टाग्राम आई0डी0 पर हथियारों के साथ व्यक्तिगत तस्वीर पोस्ट की हुई है। जांच उपरान्त इस घटना पर शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत थाना सदर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया था।

# डॉग बाइट क्लेम लेने के लिए 17 लोगों ने किया अप्लाई, अभी सिर्फ दो की फाइल की गई अप्रूव

दो लोगों को मिलेगा 10 -10 हजार रुपया

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 11 जुलाई।** डॉग बाइट क्लेम लेने के लिए पिछले चार महीनों में 17 लोगों ने नगर परिषद को अर्जी दी थी। जिनमे से महज 2 लोगों की फाइल अप्रूव हुई है और डॉग बाइट क्लेम के रूप में 10-10 रुपये पास किये गए है। जबकि बाकि 15 लोगों की फाइल अप्रूवल के लिए मोहाली ऑफिस में है। सेनेटरी ब्रांच के इंस्पेक्टर का कहना है कि डॉग बाइट क्लेम लेने के लिए जो भी अर्जी आई है उसके डाक्यूमेंट चेक कर फाइल बनाकर मोहाली डीसी दफ्तर भेज रखी। मोहाली ऑफिस से ही क्लिकर होगा की किस को कितना मुआवजा मिलेगा। डॉग के काटने के निशान और डॉक्टरी रिपोर्ट की जाँच के मुआवजा तय किया जाएगा।

जीरकपुर में डॉग बाइट के कई मामले सामने आ चुके है। उनमें से 17 लोगों द्वारा डॉग बाइट के बाद मुआवजे के लिए नगर परिषद में अर्जी दी है। नगर परिषद की तरफ से डॉग बाइट क्लेम संबंधी आई अर्जी की रिपोर्ट बनाकर मोहाली उच्च अधिकारियों को भेज रखी है। हालांकि जीरकपुर शहर में डॉग बाइट के कई ज्यादा मामले है लेकिन कई लोगों ने जानकारी न होने के चलते डॉग बाइट क्लेम के लिए अर्जी नहीं दी। नगर परिषद के अधिकारी के मुताबिक डॉक्टरी रिपोर्ट और काटने के निशान के आधार पर मुआवजा तय किया जाएगा।

### यह है हाईकोर्ट का आदेश

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश अनुसार कुत्ते के काटने पर हर दांत के निशान पर कम से कम 10,000 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। अगर कुत्ते ने मांस नोच लिया है, तो प्रति 0.2 सेंटीमीटर घाव पर 20,000 रुपये का मुआवजा मिलेगा। मुआवज़ा पाने के लिए, डॉग बाइट के बाद व्यक्ति को तुरंत किसी सरकारी या



सिविल अस्पताल में जाकर इलाज कराना चाहिए और पुलिस में इसकी डीडीआर भी दर्ज करवानी चाहिए। इसके बाद, पीड़ति व्यक्ति को डीसी दफ़्तर, नगर परिषद या फिर सिविल सर्जन के पास मुआवज़े का आवेदन देना चाहिए।

"हमारा काम है यह है कि डॉग बाइट क्लेम के लिए जो भी अर्जी आती है उसकी डाक्यूमेंट चेक करके फाइल बनाकर मोहाली ऑफिस भेजनी होती है, वहां एसएमओ व अन्य अधिकारी फाइल को चेक करते है उसके बाद क्लेम के रकम तय होती है। हमने 17 फाइल भेज रखी है जिसमे से 2 फाइल अप्रूव हो गई है। जिन्हें जल्द मुआवजे की रकम मिल जाएगी।

**रंजीत कुमार,**
**सेनेटरी इंस्पेक्टर नगर परिषद**

# शहर में पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों की अब खैर नहीं, पुलिस कर रही कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते शहर में पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों पर पूरी तरह से शिकंजा कस दिया है।और पुलिस कारवाई कर रही है। पुलिस ने 18 मामले दर्ज कर मामले में कुल 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें थाना 11 से 02,05, थाना 19 से एक, थाना 26 से 01,01 थाना इंडस्ट्रियल एरिया से 02,02 थाना मनी माजरा से 02,02,थाना आईटी पार्क से 02,02 थाना मौली जागरा से 02,02 थाना 31 से 02,02 थाना 34 से 02,02 थाना 36 से 01,01 और थाना 39 से 01,01 कुल 18 मामले दर्ज और 21 आरोपी गिरफ्तार किए। यूटी पुलिस ने शहर के लोगों से अपील की कानून के नियमों और प्रावधानों का पालन करे। नहीं तो पुलिस द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी

### मलोया पुलिस का घेराबंदी और तलाशी अभियान



**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** स्वतंत्रता दिवस को मध्यनजर रखते हुए यूटी साउथ वेस्ट डिविजन के थाना मलोया पुलिस ने शुक्रवार को सुबह 5 बजे एरिया को घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान ईडब्ल्यूएस मलोया, डीएमसी और मलोया में चलाया गया।संदिग्ध व्यक्तियों, अवैध शराब तस्करों, हिस्ट्रीशीटरों, जेल से रिहा हुए लोगों की जाँच और एनडीपीएस मामलों में शामिल व्यक्तियों पर नज़र रखने पर विशेष ध्यान दिया गया।इस अभियान में 60 के करीब पुलिस कर्मियों अन्य यूनिटों को तैनात किया गया था। थाना मलोया के प्रभारी को जानकारी दी गई। पुलिस अभियान के दौरान नाके लगाकर बेरिकेडिंग कर तलाशी अभियान चला रखा था।जेल से रिहा हुए लोगों और किराएदारों को वेरीफाई किया। अभियान में 640 घरों की जांच, 110 दुष्ट चरित्र और अपराधियों का वेरिफाई किया,78 वाहनों की चेकिंग,6 वाहनों के चालान और जब्त किए।20 लोगो को हिरासत में लिया।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी, पैसे वापिस लेने आए तो पुलिस पर धक्का मुक्की का आरोप

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** शुक्रवार को सैक्टर 34 में उस वक्त हड़कंप मच गया।जब जब विदेश भेजने के नाम पर एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी से पैसे वापिस लेने आए पीड़ति लोगों ने पुलिस पर धक्का मुक्की का आरोप लगाया।

पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कांस्टेबल नरेश को सस्पेंड कर लाइन भेज दिया। जानकारी के अनुसार पता चला कि विदेश जाने के लिए पंजाब और जम्मू से आए कुछ पीड़ति लोगों ने कंपनी के कर्मियो को अलग अलग पैसे दिए थे।जब वह कुछ दिनों बाद आए तो न तो उन्हें विदेश भेजा और ना ही लिए गए पैसे वापिस किए। उनका कहना है कि कंपनी ने उन्हें 25 हजार रुपए नकद देकर और एक चेक दे दिया।जब चेक बैंक में लगाया तो बाउंस हो गया।सभी पीड़ति लोगों उनके कार्यालय सैक्टर 34 में पहुंचे। पुलिस को बुला लिया गया।जब पुलिस आई तो एक कांस्टेबल पर आरोप लगा कि उसने धक्का मुक्की की और थप्पड़ मारे।वही पीड़ति लोगों की मांग है कि कम्पनी पर भी कारवाई की जाए।

# हेरोइन समेत आरोपी गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** थाना आईटी पार्क पुलिस ने हेरोइन समेत आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान मनी माजरा के रहने वाले किशन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.19 ग्राम हेरोइन बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना पुलिस के एएसआई अशोक कुमार अपनी टीम के साथ 10 जुलाई को एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। जैसे ही पुलिस आईटी पार्क स्थित टेक महिंद्रा बिल्डिंग के पास पहुंची तो सामने से आ रहा एक शख्स पुलिस पार्टी को देखकर एक दम से पीछे की तरफ मुड़ गया।जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो उसे रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी के कब्जे से 8.19 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पंचकूला में सीएम फ्लाइंग की दो दुकानों पर रेड, खाद्य सामग्री के भरे सैंपल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 11 जुलाई।** मुख्यमंत्री उड़न दस्ता (सीएम फ्लाइंग) की टीम ने जिला में अवैध घरेलू सिलेंडरों पर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को शहर में खाद्य सुरक्षा जांच अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत टीम ने दो अलग-अलग स्थानों का औचक निरीक्षण किया और खराब मिठाई के अलावा अन्य खाद्य सामग्री को जब्त कर सैंपल लिए। इनको जांच के लिए लैब भेजे गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी आज़ाद सिंह और सीएम फ्लाइंग इंचार्ज उप निरीक्षक हितेंद्र कुमार ने टीम का नेतृत्व किया।

सीएम फ्लाइंग टीम सेक्टर 8 और सकेतड़ी में रेड करने पहुंची। जहां सिंगला स्वीट हाउस और मोमोज फूड कॉर्नर का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही महादेवपुर स्थित भारत स्वीट हाउस की भी जांच की गई। टीम ने दुकानों से पतीसा और मोमोज के सैंपल लिए।

**7 से 10 दिन में आएगी रिपोर्ट:** टीम में एसआई सुशील, एएसआई संजय और हैड कॉन्स्टेबल प्रदीप व गुरमीत भी शामिल थे। उप निरीक्षक हितेंद्र कुमार ने बताया कि सभी खाद्य सैंपल जांच के लिए करनाल लैब भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने में 7 से 10 दिन का समय लग सकता है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गर्मियों में दूषित जगहों पर तैयार हो रही मिठाई:** सीएम फ्लाइंग टीम को जिले में सूचनाएं मिल रही थी कि लोगों को दूषित मिठाई और फास्ट फूड परोसा जा रहा है। इन सूचनाओं पर टीम गठित की गई और इलाकों में जांच के लिए रवाना हुई। बताया जा रहा है कि कालका, पिंजौर, रायपुररानी के अलावा शहर में दुकानों पर दूषित सामान तैयार होने की सूचनाओं पर कार्रवाई की जा सकती है।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)